संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    करनाल, गुरूवार, 08 जून 2023 ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 155 पृष्ठः 12    RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com    हरियाणा संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



नोएडा में जेपी नड्डा कार्यकर्ताओं संग मीटिंग करने पहुंचे।

## खरीफ फसलों की एमएसपी बढ़ी

### कैबिनेट बैठक में बीएसएनएल के रिवाइवल के लिए 89 हजार करोड़ की भी मंजूरी

**किसानों को सौगात**

● **मूंग दाल के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सबसे अधिक 10.4%, मूंगफली पर 9%, सेसमम पर 10.3%, धान पर 7% बढ़ी है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में किसानों को राहत देते हुए खरीफ फसलों न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी की है। इसके अलावा सरकार ने बीएसएनएल के रिवाइवल के लिए 89,047 करोड़ रुपए के पैकेज को मंजूरी दी है। गुरुग्राम में मेट्रो कनेक्टिविटी को 28.5 किलोमीटर बढ़ाया जाएगा। इसके लिए सिटी सेंटर से साइबर सिटी तक मेट्रो कनेक्टिविटी को मंजूरी दी गई है। ये काम 5453 करोड़ रुपए की लागत से 4 सालों में पूरा किया जाएगा।

**मूंग दाल का समर्थन मूल्य 10.4% बढ़ाः** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कैबिनेट बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि मूंग दाल के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सबसे अधिक 10.4%, मूंगफली पर 9%, सेसमम पर 10.3%, धान पर 7%, जवार, बाजरा, रागी, मेज, अरहर दाल, उड़द दाल, सोयाबीन, सूरजमुखी बीज पर वित्त वर्ष 2023-2024 के लिए लगभग 6-7% की वृद्धि की गई है।

**तुअर दाल की एमएसपी में 400 रुपए की बढ़ोतरीः** केंद्रीय कैबिनेट ने मक्का और दालों की मिनिमम सपोर्ट प्राइस (एमएसपी) में बढ़ोतरी को भी मंजूरी दी है। तुअर दाल की एमएसपी को 400 रुपए प्रति क्विंटल और उड़द दाल की एमएसपी को 350 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। इसके बाद अब तुअर दाल की एमएसपी बढ़कर 7,000 रुपए प्रति क्विंटल और उड़द दाल की एमएसपी 6,950 रुपए प्रति क्विंटल हो गई है। इसके साथ ही मक्का की एमएसपी 128 रुपए प्रति क्विंटल और धान की एमएसपी 143 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाई गई है।



### मूंग दाल के एमएसपी में भी हुई वृद्धि



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में विपणन सीजन 2023-24 के लिए खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी करने के निर्णय के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। यह निर्णय किसानों की आय दोगुनी करने की सरकार की वचनबद्धता की दिशा में एक और कदम है। इस बारे एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि धान (कॉमन) का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,040 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 2,183 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। जबकि ए-ग्रेड धान का एमएसपी 2,060 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 2,203 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। मूंग दाल के मूल्य में भी उल्लेखनीय वृद्धि की गई है, इसका एमएसपी 7,755 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 8,558 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

### 4जी शुरू होने के 9 साल बाद भी बीएसएनएल नहीं शुरू कर पाया 4जी सर्विस



**जहां** एक ओर भारत में रिलायंस जियो, एयरटेल सहित अन्य टेलीकॉम कंपनियों ने 5जी सर्विस शुरू कर दिया है। वहीं, दूसरी ओर बीएसएनएल अभी तक 4जी सर्विस शुरू नहीं कर पाया है। भारत में 4जी की शुरुआत 2014 में हुई थी। 9 साल के बाद भी बीएसएनएल अभी तक 4ऋसर्विस शुरू नहीं कर सका है।

### बीएसएनएल के रिवाइवल के लिए 89,047 करोड़ रुपए के पैकेज को मंजूरी

**सरकार** ने बीएसएनएल के रिवाइवल के लिए 89,047 करोड़ रुपए के पैकेज को मंजूरी दी है। कंपनी इस पैकेज का यूज 4जी और 5जी सर्विस शुरू करने, बैलेंसशीट को मजबूत करने और फाइबर नेटवर्क का एक्सपेंशन करने के लिए करेगी। इससे पहले सरकार ने पिछले साल जुलाई 2022 में सरकार ने बीएसएनएल के रिवाइवल के लिए 1.64 लाख करोड़ के पैकेज को मंजूरी दी थी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उस समय कहा था कि इस पैकेज के जरिए बीएसएनएल को 4जी में अपग्रेड करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड को भारत संचार निगम लिमिटेड में मर्ज कर दिया गया है।

## बृजभूषण के खिलाफ नाबालिग पहलवान ने बयान बदला



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**नाबालिग** पहलवान ने डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण के खिलाफ लगाए यौन शोषण के आरोप वापस ले लिए हैं। उसने कहा- बृजभूषण ने मेरे साथ भेदभाव किया। बृजभूषण पर अब सिर्फ छेड़छाड़ के आरोप हैं। नाबालिग पहलवान के पिता ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा- हमने 5 जून को कोर्ट में बयान बदल दिए थे। मै ये नहीं कहना चाहता कि किसने धमकी दी है। मेरा भी परिवार है। अगर मेरे को कुछ हो गया तो मेरा परिवार बर्बाद हो जाएगा। मुझे डर लग रहा है। हमारे अंदर भेदभाव का गुस्सा था। फेडरेशन के अंदर अपील की लेकिन उन्होंने भी नहीं सुनी। हमने जो एप्लिकेशन दी, उसमें कुछ सच और कुछ गलत था। मैंने सही और गलत को कोर्ट में जाकर क्लियर कर दिया है। मेरा पूरा परिवार डिप्रेशन में है।

**अनुराग ठाकुर से मिले बजरंग-साक्षीः** इससे पहले रेसलर बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक की बुधवार को दिल्ली में खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ 6 घंटे की मीटिंग हुई। मीटिंग के बाद रेसलर साक्षी मलिक ने कहा कि सरकार ने जांच पूरी करने के लिए 15 जून तक का टाइम मांगा है। तब तक उन्हें किसी तरह के प्रदर्शन न करने की अपील की है। हालांकि पहलवानों का आंदोलन अभी खत्म नहीं हुआ है।

बजरंग पूनिया ने कहा- आज की मीटिंग के बारे में खाप प्रतिनिधियों से चर्चा करेंगे। सबकी सहमति से ही किसी निर्णय पर पहुंचा जाएगा। बृजभूषण की गिरफ्तारी के सवाल पर भी खेल मंत्री ने जांच पूरी होने और उसके आधार पर कार्रवाई की बात कही।

**खिलाड़ियों से सहमति बनीः खेल मंत्री**

मीटिंग में आरोपों की जांच कर 15 जून तक चार्जशीट दायर करने, डब्ल्यूएफआई का चुनाव 30 तक करने, महिला अध्यक्ष की अगुआई में इंटरनल कंप्लेंट कमेटी बनाने की बात हुई।

## 23 जून को पटना में ही विपक्षी दलों की बैठक



**पटनाः** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ विपक्ष की एकजुटता दिखाने का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का प्रयास अब रंग लाने वाला है। 12 जून को प्रस्तावित बैठक कांग्रेस के प्रमुख नेता राहुल गांधी की दूरी के कारण टालनी पड़ी थी, लेकिन अब जनता दल यूनाईटेड और राष्ट्रीय जनता दल ने घोषणा की है कि विपक्षी दलों के तमाम प्रमुख नेता 23 जून को पटना में जुटेंगे।

**12 जून की बैठक टलने पर नीतीश थे नाराज**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्षी दलों के कई नेताओं से मुलाकातों के बाद 12 जून को पटना में बैठक रखी थी। लेकिन, जब उन्हें यह पक्का हुआ कि राहुल गांधी समेत कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी इस बैठक में नहीं आ रहे हैं तो आननफानन में इस बैठक को रद्द कर दिया गया।

## अफसरों ने रिश्वत में लिए जूते-वॉशिंग मशीन



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**

**सीबीआई** ने कस्टम विभाग के दो डिप्टी कमिश्नर को गिरफ्तार किया है। इन पर मुंबई में कस्टम के न्हावा शेवा इम्पोर्ट सेक्शन में काम करने के दौरान भ्रष्टाचार करने और बिचौलियों के जरिए रिश्वत लेने का आरोप है। एक कस्टम ऑफिसर पर रिश्वत में 3.5 लाख रुपए की मसाज चेयर, 23 हजार रुपए के जूते और 61 हजार की वाशिंग मशीन लेने के आरोप हैं। वहीं, दूसरे पर हवाला के जरिए अपने घर पर 50 लाख रुपए भेजने का आरोप लगाया गया है।

5 मई को सीबीआई ने इनके घरों की तलाशी ली थीः सीबीआई ने बताया कि आरोपी अधिकारियों के नाम दिनेश फुलदिया और सुभाष चंद्रा है। हाल ही में इन दोनों अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। सोमवार यानी 5 मई को इनके घरों की तलाशी भी ली गई थी।

## ओडिशा ट्रेन हादसा, लाशों के बीच पड़ा रहा जिंदा शख्स



**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**

**2 जून** को शाम 7 बजकर 10 मिनट पर ओडिशा के बालासोर में तीन ट्रेनें एक-दूसरे से टकराईं, जिसमें 288 लोगों की मौत हो गई। लाशों के बीच जब उसने अपना हाथ हिलाया तो लोगों को पता चला कि वह तो जिंदा है। हेलाराम मलिक नाम के इस शख्स ने बताया, मेरा बेटा बिश्वजीत 2 जून को सांतरागाछी से कोरोमंडल ट्रेन में बैठा। वह चेन्नई जा रहा था। करीब 7:30 बजे उसने मुझे फोन किया कि ट्रेन का एक्सीडेंट हो गया है और वह बुरी तरह जख्मी हो गया है। मुझे फोन करने के बाद वह बेहोश हो गया।' 'लोगों ने उसे मरा हुआ समझकर बालासोर स्कूल में बनाए मुर्दाघर में रख दिया गया। उसके ऊपर लाशें रख दी गईं। जब उसे होश आया तो उसने अपना हाथ हिलाया।



लखनऊ में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की और अध्यादेश पर समर्थन मांगा।

## मुख्तार गैंग के शूटर संजीव की लखनऊ कोर्ट में हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**लखनऊ** के कैसरबाग स्थित कोर्ट में बुधवार दोपहर पेशी पर आए बदमाश संजीव माहेश्वरी उर्फ जीवा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावर वकील की ड्रेस में आया था। उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया है। फायरिंग में एक बच्ची और पुलिसकर्मी को भी गोली लगी है। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस तैनात है। कोर्ट में हत्या की वारदात के बाद वकील आक्रोशित हो गए। पुलिस से धक्का-मुक्की की। कई पुलिसकर्मी को बाहर निकाल दिया।

## सिसोदिया को याद कर भावुक हुए केजरीवाल

### मनीष ने बच्चों को अच्छी शिक्षा देनी चाही, इसलिए फर्जी केस में उन्हें जेल भेजा गया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बुधवार को पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को याद करके भावुक हो गए। दिल्ली के बवाना में बीआर आंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि आज मनीष जी की बड़ी याद आ रही है। इतना कहते ही केजरीवाल की आंखों में आंसू आ गए। केजरीवाल ने कहा कि मनीष का सपना था कि हर बच्चे को अच्छी से अच्छी शिक्षा मिलनी चाहिए। लेकिन इन लोगों ने झूठे-सच्चे आरोप, फर्जी मुकदमे करके इतने अच्छे आदमी को इतने महीनों से जेल में डाल रखा है। बता दें कि उइकने 26 फरवरी को मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया था, तब से ही वे जेल में हैं।



**याद किया**

● **स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि आज मनीष जी की बड़ी याद आ रही है**

**दिल्ली की शिक्षा क्रांति रोकने की कोशिश की जा रहीः** केजरीवाल ने कहा कि दुनिया में हर कोई ये मानता है कि दिल्ली के सरकारी स्कूल सबसे अच्छे बन गए हैं।

कुल लोग दिल्ली की शिक्षा क्रांति को रोकना चाहते हैं। लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे।

उन्होंने कहा कि मनीष को इन लोगों ने जेल में क्यों रखा है। देश में इतने बड़े-बड़े डाकू हैं, उनको नहीं पकड़ते हैं।

## गोहत्या-हिजाब कानून बदल सकती है कर्नाटक सरकार



**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरू**

**कर्नाटक** की नई सरकार पिछली भाजपा सरकार के गोहत्या और हिजाब को लेकर बनाए कानून को बदल सकती है। ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री प्रियांक खड़गे ने कहा, इन कानूनों से राज्य को आर्थिक और सामाजिक नुकसान हुआ है। यह विधेयक केवल नागपुर में बैठे भाजपा के आकाओं को खुश करने के लिए तैयार किया गया था। इससे न तो किसानों को फायदा हुआ और न ही इंडस्ट्री को।

खड़गे के बयान से तीन दिन पहले राज्य के शुपालन मंत्री के वेंकटेश ने भी गोहत्या कानून बदलने की बात कहते हुए तर्क दिया था कि, जब भैसों को काटा जा सकता है तो गायों को क्यों नहीं।

## कोल्हापुर में औरंगजेब पर पोस्ट को लेकर हिंसक झड़प




**टीम एक्शन इंडिया/कोल्हापुर**

**महाराष्ट्र** के कोल्हापुर में औरंगजेब की तारीफ में एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर बुधवार को दो गुटों में हिंसक झड़प हो गई। इसमें दोनों तरफ से जमकर लाठी-डंडे चले और पत्थरबाजी हुई। हालात काबू में करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। कोल्हापुर के एसपी महेंद्र पंडित ने बताया कि वॉट्सऐप ग्रुप पर औरंगजेब की तारीफ में कुछ लोगों ने एक पोस्ट वायरल किया था। बुधवार को इसके विरोध में हिन्दू संगठनों ने कोल्हापुर बंद का ऐलान किया था। वे इन लोगों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

## बंगाल की 14 नगरपालिकाओं में भर्ती घोटाला

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**

**बंगाल** के टीचर भर्ती घोटाले के बाद अब नगरपालिकाओं में भर्ती घोटाला सामने आया है। पश्चिम बंगाल में विभिन्न नगर पालिकाओं में क्लर्क, सफाई कर्मचारी, चपरासी और ड्राइवरों की भर्ती के बदले नगद लेने के आरोपों के बाद सीबीआई ने बुधवार सुबह 20 जगह छापा मारा। सीबीआई के अधिकारी दक्षिण दम, पानीहाटी, कांचरापाड़ा, चिनसुराह और दमदम सहित 14 नगरपालिकाओं में तलाशी ले रहे हैं। टीमों ने साल्ट लेक इलाके में राज्य शहरी विकास विभाग ऑफिस में भी छापा मारा है। इस घोटाले की लीड स्कूल टीचर भर्ती घोटाले से मिली थी, जिसमें ईडी ने कहा था कि आरोपी अयान सिल ने नगरपालिका में भर्ती के लिए लोगों से करीब 200 करोड़ रुपए लिए थे।



**स्कूल टीचर भर्ती घोटाले से मिली थी लीडः** बंगाल के स्कूल टीचर भर्ती घोटाले की जांच के दौरान नगरपालिका भर्ती घोटाले की लीड मिली थी। हाईकोर्ट को सौंपी रिपोर्ट में ईडी ने कांचरापाड़ा, न्यू बैरकपुर, कमरहाटी, टीटागढ़, बारानगर, हालीशहर, साउथ दमदम, नॉर्थ दमदम और टाकी नगरपालिकाओं का नाम लिया, जहां ऐसी नियुक्तियां पैसे के बदले की गई थीं। ईडी ने दावा किया था कि स्कूल टीचर घोटाले मामले में शामिल अयान सिल समेत कई एजेंट, नगर पालिकाओं में क्लर्क, चपरासी, सफाई कर्मचारी और ड्राइवरों की भर्ती में भी शामिल थे।

## 'पिछले शीशे में देखना जरूरी, देश को कलंकित करने वाले दिखते हैं'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने अपने आवास पर इंडियन डिफेंस एस्टेट सर्विसेज के अफसरों को संबोधित किया। यहां उन्होंने कहा कि हमें रियर व्यू मिरर में देखना चाहिए, इसमें देखकर उन लोगों को नोटिस करना चाहिए जो देश के संस्थानों को कलंकित और नष्ट कर रहे हैं। उपराष्ट्रपति के इस संबोधन को राहुल गांधी के बयान पर तंज माना जा रहा है।

दरअसल, राहुल गांधी ने रविवार को अमेरिका में कहा था कि पीएम मोदी देश की गाड़ी को रियर व्यू मिरर देखकर चला रहे हैं। वे सिर्फ पीछे की तरफ देख रहे हैं और फिर हैरान हो रहे हैं कि हादसे पर हादसे क्यों हो रहे हैं।

**अफसरों से कहा- कुछ लोग देश पर गर्व नहीं करतेः** उपराष्ट्रपति ने अफसरों से कहा कि उन्होंने कहा कि रियर व्यू मिरर में देखने के बाद आप जान पाएंगे कि किन लोगों का देश के प्रति व्यवहार अच्छा नहीं है। आप रियर व्यू मिरर में इसलिए देखते हैं ताकि एक्सीडेंट करने पर उतारू लोगों से बच पाएं। धनखड़ बोले, कुछ भ्रमित लोग देश की क्षमता और उपलब्धियों के बारे में कन्फ्यूज रहते हैं। वे इस पर गर्व नहीं करते। देश और विदेश में बैठे कुछ लोग हमें जांचने की कोशिश कर रहे थे। हम उन्हें इसकी परमिशन नहीं दे सकते। धनखड़ ने कहा कि भारत 2047 तक दुनिया का नंबर वन देश बन जाएगा। उन्होंने अफसरों से कहा- आप लोग इतिहास का बोझ ना उठाएं, ये आपके विकास में बाधा बनेगा।

**तंज कसा**

● **राहुल गांधी ने रविवार को अमेरिका में कहा था कि पीएम मोदी देश की गाड़ी को रियर व्यू मिरर देखकर चला रहे हैं**

**जांच जारी**

### पुलिस के मुताबिक, बाद में राख से सिर्फ हड्डियां मिलीं। घटना रविवार की है, इसकी पूरी डिटेल दो दिन बाद सामने आई।

## करीब 2000 लोगों ने मणिपुर में मां-बेटे समेत 3 को जिंदा जलाया

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**

**मणिपुर** की राजधानी इंफाल में 3 मई से मैतेई और कुकी समुदाय के लोगों के बीच हिंसक झड़प हो रही है। इस बीच भीड़ ने मां-बेटे समेत दो महिलाओं को जिंदा जला दिया है। तीनों को इलाज के लिए एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया जा रहा था। रास्ते में करीब 2000 लोगों की भीड़ ने उन पर हमला कर दिया और गाड़ी में आग लगा दी। पुलिस के मुताबिक, बाद में राख से सिर्फ हड्डियां मिलीं। घटना रविवार की है, इसकी पूरी डिटेल दो दिन बाद सामने आई। मृतकों की पहचान 7 साल के टॉन्सिंग हैंगिंग, उनकी मां मीना हैंगिंग और उनकी रिश्तेदार लिडिया लौरेम्बम के रूप में की गई है। मारे गए तीनों लोग 3 मई से असम राइफल्स कैंप में रह रहे थे। यह जगह इंफाल से लगभग 15 किमी दूर पश्चिम कांगचुप में है। एक अधिकारी के मुताबिक, इस कैंप में कई कुकी परिवारों ने शरण ली है। यहां कभी-कभार बाहर से फायरिंग होती है। आरोप है कि मैतेई समुदाय के लोग कैंप को निशाना बनाते हैं। ऐसे ही एक हमले में ये तीनों घायल हो गए थे। इसके बाद कैंप के अधिकारियों ने इंफाल पश्चिम के एसपी इबोम्चा सिंह से संपर्क किया और उनसे पीड़ितों को अस्पताल ले जाने की अपील की। शाम 5:16 मिनट पर एसपी की निगरानी में मरीजों और एक नर्स को लेकर एम्बुलेंस कैंप से रवाना हुई, लेकिन एम्बुलेंस के साथ सिक्योरिटी नहीं थी। एम्बुलेंस आधे रास्ते ही पहुंची थी कि हिंसक भीड़ ने हमला किया और गाड़ी को आग के हवाले कर दिया। असम राइफल्स के सूत्रों ने कहा कि उन्हें बाद में पता चला कि एसपी के सामने एम्बुलेंस में आग लगा दी गई। चालक और नर्स मौके से फरार हो गए।



**वीभत्स**

● **मैतेई समुदाय से जुड़ी थीं, हमने सोचा कि उन पर हमला नहीं किया जाएगा, लेकिन उन्हें भी नहीं बख्शा गया**

**राख में केवल कुछ हड्डियां ही मिलींः** इस अग्निकांड में बेटे के साथ मारी गई महिला मैतेई समुदाय से थी, जिसने शादी एक कुकी के साथ की थी। मृतकों के एक रिश्तेदार पाओलेनलाल हैंगिंग ने कहा- हम 3 मई से मैतेई समुदाय के अत्याचारों का सामना कर रहे हैं, लेकिन रविवार की घटना सबसे बुरी थी। शव जले हुए थे। राख में केवल कुछ हड्डियां ही मिलीं। पाओलेनलाल ने कहा कि वह एम्बुलेंस में तीनों के साथ नहीं गया था, क्योंकि वह कुकी था और वाहन को मैतेई बहुल इलाकों से गुजरना था। मीना और लीडिया ईसाई थीं, लेकिन वे मैतेई समुदाय से जुड़ी थीं, हमने सोचा कि उन पर हमला नहीं किया जाएगा, लेकिन उन्हें भी नहीं बख्शा गया।

# चीनी मिलों में 690 केएलपी एथनोल उत्पादन का लक्ष्य

## चीनी मिलों को घाटे से उभारने के लिए बगास, खोई की बिक्री के अलावा लाभप्रद उत्पाद बनाने पर बल-डा. बनवारी लाल

**अधिकारी इस कार्य को लक्ष्य बनाकर पूर्ण तैयारियां करें ताकि आगामी तीन साल में इसे आसानी से पूरा किया जा सके**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि चीनी मिलों को घाटे से उभारने के लिए बगास व खोई की बिक्री के अलावा अन्य लाभप्रद उत्पाद बढाने पर बल दिया जा रहा है। इसके अलावा चीनी मिलों में 690 केएलपी एथनोल बनाने की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है। सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य मंत्री हरियाणा राज्य सहकारी शुगर मिल फेडरेशन की वार्षिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव टी वी एस एन प्रसाद, प्रबंध निदेशक कैप्टन मनोज कुमार सहित राज्य की सभी चीनी मिलों के जिला प्रबंधकों ने भाग लिया। सहकारिता मंत्री ने कहा कि चीनी मिलों में अनेक प्रकार के उत्पाद बनाने की योजना तैयार की गई है। अधिकारी इस कार्य को लक्ष्य बनाकर पूर्ण तैयारियां करें ताकि आगामी तीन साल में इसे आसानी से पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस वर्ष चीनी मिलों के रखरखाव एवं मरम्मत का कार्य सितम्बर के अंत तक पूरा कर लिया जाए ताकि नए सीजन की अक्टूबर माह तक अवश्य शुरूआत की जा सके। इसके अलावा स्टाफ की कमी को भी समय पर पूरा कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि चीनी मिलों के तकनीकी संचालन एवं अन्य कार्य के लिए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय से प्रशिक्षण ले चुके 150 से अधिक युवाओं को रखा जाएगा। सहकारिता मंत्री ने कहा कि इस बार चीनी मिलों में अच्छी रिकवरी हुई है। इनमें शाहबाद, जीन्द, सोनीपत अव्वल रहने वाली चीनी मिल है। इसके अलावा पानीपत, महम, रोहतक तथा असंध चीनी मिलों की रिकवरी के लिए अधिकारी विजिट कर रिपोर्ट मुख्यालय सौपें। उन्होंने कहा कि महम चीनी मिल में फतेहाबाद का गन्ना आने के कारण अभी पिराई का कार्य चालू है तथा शेष चीनी मिलो में कार्य बंद हो गया है।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि इस वर्ष चीनी मिलो ने 456.72 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई करके 43.73 लाख क्विंटल चीनी का उत्पादन किया है जो कि गत वर्ष की तुलना में 14.86 प्रतिशत अधिक है। इसके अलावा 3.79 प्रतिशत चीनी का अधिक उत्पादन हुआ है। उन्होंने कहा कि चीनी मिलों का रिकवरी रेट 9.77 प्रतिशत रहा जबकि लक्ष्य 10 प्रतिशत रखा गया था। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 1696.97 करोड़ रुपए का गन्ना किसानों से खरीदा गया जिसमें से 1335.06 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया गया हैं। केवल 311.32 करोड़ रुपए की राशि गन्ने की बकाया है जिसे 30 जून तक भुगतान कर दिया जाएगा। इसमें 20.70 करोड़ रुपए की सबसिडी शामिल है।

डा. बनवारी लाल ने कहा कि इस वर्ष के दौरान चीनी मिले लगातार चलती रही जिसके कारण किसानों को कोई असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। शाहबाद में 60 केएलपी एथनौल प्लांट लगाया गया है जिसमें इस वर्ष 50 केएलपी से अधिक उत्पादन कर लिया गया। इसके अलावा पानीपत में भी एथनॉल प्लांट लगाने की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

**हैफेड ने 207 करोड़ रुपए का कमाया मुनाफाः** बैठक के बाद सहकारिता मंत्री ने पत्रकारों से बातीचीत करते कहा कि हैफेड में वर्ष 2021-22 के दौरान 1700 करोड़ रुपए का टर्न ओवर करके 207 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया हैं। इसमें 20 हजार एमटी चावल का निर्यात भी शामिल है। हैफेड को इस वर्ष भी 65 हजार एम टी चावल के निर्यात का भी ऑर्डर मिला है। इसके अलावा मिल्क सोसायटी भी अच्छे उत्पाद बनाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन कार्य में लगे किसानों की आकस्मिक मृत्यु होने पर 10 लाख रुपए का लाभ दिया जा रहा है। डा. बनवारी लाल ने कहा कि सरकार ने साझा डेरी योजना लागू की है। इस योजना के तहत भूमिहीन पशुपालकों को गांवों में दुग्ध उत्पादन करने के लिए शैड बनाकर दिए जाएगें।

# 'किसानों को लाठियां देने का काम कर रही भाजपा सरकार'



**किसानों के साथ सरकार व पुलिस प्रशासन ने जबरदस्ती कर लाठीचार्ज किया है**

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक)** स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार किसानों के साथ जाततती करने पर तुली हुई है, जो मंगलवार को कुरूक्षेत्र जिले के शाहबाद में जीटी रोड़ पर भारी संख्या में किसानों के साथ सरकार व पुलिस प्रशासन ने जबरदस्ती कर लाठीचार्ज किया है वह उसकी घोर निंदा करते हैं। समाजसेवी संदीप गर्ग बुधवार को लाडवा के गांव सौन्टी में सरपंच सुपिन्द्र सिंह के निवास पर ग्रामीणों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसानों को सरकार द्वारा एमएसपी न देना बिल्कुल गलत बात है। किसान अपने हक की चीज भाजपा सरकार से मांग रहे हैं। जब कि बदले में उनको लाठियां मिल रही हैं। अब इस मौजूदा सरकार में हर वर्ग पूरी तरह से परेशान हो चुका है। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ ऐसा बर्ताव सरकार को नहीं करना चाहिए, क्योंकि चुनाव में किसानों का अहम रोल रहता है।

# पर्यटक फिर से कर सकेंगे अष्टकोशी यात्रा



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** देश भर से आने वाले पर्यटक फिर से कुरुक्षेत्र सरस्वती नदी के किनारे स्थित तीर्थों की विश्व प्रसिद्ध अष्टकोशी यात्रा कर सकेंगे। इस यात्रा के मार्ग पर आने वाले सभी तीर्थों और रास्तों का निर्माण हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की तरफ से किया जाएगा। इस योजना को अमलीजामा पहनाने की शुरूआत गांव अमरगढ़ मझाढ़ा से कर दी गई है। अहम पहलू यह है कि बोर्ड की तरफ से इस यात्रा के मार्ग में आने वाले तीर्थों और रास्तों को विकसित करने का पूरा खाका तैयार कर लिया गया है।

हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की तरफ से बुधवार को गांव अमरगढ़ मझाढ़ा में सरस्वती घाट का जीर्णोद्धार करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां पर भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष आत्मप्रकाश मनचंदा, हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, बोर्ड के अधीक्षण अभियंता अरविंद कौशिक, कार्यकारी अभियंता मुनीश बब्बर, मंडल अध्यक्ष दीपक चौहान, बोर्ड के सदस्य नरेंद्र जांगड़ा, अमित रोहिला, अजय कुमार, गुरदयाल सैनी, कृष्ण लाल, एमडी शर्मा ने विधिवत रूप से सरस्वती घाट के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल का प्रयास है कि कुरुक्षेत्र का पौराणिक महत्व फिर से पर्यटकों तक पहुंचाया जाए और जितने भी प्राचीन तीर्थ और यात्राएं है, उनको फिर से शुरू किया जाए।

## जे.सी. विश्वविद्यालय और इनोविक एनर्जी के बीच समझौता

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के फरीदाबाद में स्थित जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने ऊर्जा क्षेत्र में छात्रों को रोजगार योग्य कौशल के साथ सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। विश्वविद्यालय ने इलेक्ट्रिकल पैनल के विनिर्माण में विशेषज्ञता रखने वाली कंपनी इनोविक एनर्जी के साथ आज समझौते पर हस्ताक्षर किए। समझौते पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग और इनोविक एनर्जी के निदेशक कुमारेश सोम ने कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए।

# विज ने अपने आवास पर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुना



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के आवास पर प्रतिदिन फरियादियों का तांता लग रहा है। मंगलवार को मंत्री विज ने अपने आवास पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए। विज के समक्ष रादौर निवासी व्यक्ति ने पुलिस द्वारा उससे दो लाख रुपए की लेने और मारपीट करने के आरोप लगाए। इस मामले की जांच के लिए गृह मंत्री अनिल विज ने एसआईटी गठित कर मामले की जांच के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता ने बताया कि पुलिस ने एक व्यक्ति की शिकायत पर उसके खिलाफ धोखाधड़ी का एक फर्जी मामला दर्ज किया था, इस मामले को रद्द करने के लिए उसने अपनी शिकायत दी, मगर उसकी शिकायत पर कोई सुनवाई नहीं हुई। व्यक्ति का आरोप था कि पुलिस ने उससे केस से नाम निकलवाने की एवज में पांच लाख रुपए की मांग की। उसने पुलिस को दो लाख रुपए दिए मगर पुलिस ने उलटा उसके साथ मारपीट की जिससे उसके कान का पर्दा फट गया। गृह मंत्री के समक्ष उसने स्वयं पर दर्ज केस रद्द करने व आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। गृह मंत्री अनिल विज ने यमुनानगर एसपी को इस मामले में एसआईटी गठित कर जांच के निर्देश दिए।

**हत्या के मामले में कार्रवाई नहीं, गृह मंत्री ने पुनः जांच के निर्देश दिए**
गृह मंत्री अनिल विज के समक्ष महेंद्रगढ़ से आए व्यक्ति ने परिवार में हुई हत्या मामले में कार्रवाई नहीं होने की शिकायत की। उसका आरोप था कि पुलिस ने अब तक इस मामले में लिप्त सभी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। गृह मंत्री ने मामले में एसपी को पुनः जांच के निर्देश दिए। इसी तरह अम्बाला शहर बलदेव नगर कैंप से आए फरियादी ने मकान बेचने में आ रही परेशानी बताई। उसने बताया कि विभाजन के बाद उन्हें बलदेव नगर कैंप में मकान अलॉट हुआ था। अब वह मकान बेचना चाहते हैं, लेकिन विभाग उन्हें दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा रहा है और वह कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। गृह मंत्री विज ने मामले में डीसी अम्बाला को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा पानीपत से आए व्यक्ति ने सरकार नौकरी लगवाने के नाम पर दो लाख रुपए मांगने के आरोप लगाए। उसका आरोप था कि उसने आरोपी को दो लाख रुपए दिए, मगर इसके बाद न नौकरी लगी न ही पैसे वापस मिले। उसने मामले में केस दर्ज करने की मांग की। गृह मंत्री ने एसपी पानीपत को कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं, जींद निवासी सैन्यकर्मी ने आरोपियों द्वारा उसके परिवार को धमकाने व फर्जी केस में फंसाने के आरोप लगाए, महेशनगर निवासी महिला ने पति द्वारा जबरन उसके बच्चों को घर से ले जाने, करनाल निवासी व्यक्ति ने मारपीट मामले में कार्रवाई नहीं होने एवं अन्य शिकायत सामने आई जिनपर मंत्री विज ने अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए।

# विज ने 3 उप निरीक्षकों को सस्पेंड किया



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
पुलिस प्रवक्ता कार्यालय पुलिस महानिरीक्षक, अम्बाला मण्डल, अम्बाला छावनी ने जानकारी देते हुए बतलाया कि अनिल विज, गृहमन्त्री हरियाणा सरकार ने जिला पानीपत की कबूतरबाजी से सम्बन्धित फाईलों की समीक्षा के सम्बंध में माननीय पुलिस पुलिस महानिरीक्षक अम्बाला मण्डल अम्बाला छावनी से मंत्रणा की । पानीपत के एक मुकदमा में समय रहते आरोपियों को गिरफतार नही किया । मुकदमा में एक आरोपिया को पी.ओ. स्टाफ अमृतसर द्वारा गिरफतार किया गया था जिस बारे अदालत अमृतसर से आरोपिया की तारिख पेशी बारे एक बार पता करके उसके बाद कोई जानकारी नही ली गई ना ही उसकी गिरफातारी के कोई प्रयास किए । मुकदमा में गिरफतार दो आरोपियों का चालान करीब 9 माह पहले तैयार करके अभी तक अदालत में नही दिया । प्रबंधक थाना व सम्बंधित हल्का अफसर द्वारा भी मुकदमा का निपटारा करने बारे कोई रुची नही ली, जिस कारण मुकदमा लगभग तीन वर्ष से पैन्डिंग है ।

अतः अनिल विज, गृहमन्त्री द्वारा तफतीश में बरती गई लापरवाही को गम्भीरता से लेते हुए अनुसंधान अधिकारी उप निरीक्षक राजबीर सिंह (10 माह 12 दिन), उप निरीक्षक कृष्ण कुमार (7 माह) व उप निरीक्षक विनोद कुमार (9 माह 11 दिन) के पास फाईल रही जिन्होनें आरोपियों को गिरफतार नही किया जो सरेआम घुमते रहे । यह लापरवाही बरतने बारे उपरोक्त जांच अधिकारियों को तुरन्त प्रभाव से सस्पैंड करके उनके विरूद्ध डिपार्टमैंटल जांच करने तथा इस समय अवधि के दौरान तैनात रहे प्रबन्धक थाना निरीक्षक कमलजीत, निरीक्षक सुनीता, निरीक्षक विजय व निरीक्षक दीपक के खिलाफ डिपार्टमैंटल जांच करने के आदेश दिए है । इसके अतिरिक्त सम्बंधित हल्का अफसर द्वारा भी देखरेख का कार्य सही प्रकार से न करने पर स्पष्टीकरण जारी करने के आदेश दिए है ।

# शिव महापुराण अमर कथा आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला** शहर सुरेन्द्र नगर दुर्गा नगर के पास स्थित श्री शिव शक्ति मंदिर मे पवित्र श्रावण मास मे 9 जुलाई से 16 जुलाई 2023 तक श्री शिवमहापुराण सप्ताह अमर कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है आयोजक समिति के पं रविन्द्र नाथ तिवारी व सोहन सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया की उक्त कार्यक्रम शिव शक्ति महिला कीर्तन मण्डली सुरेन्द्र नगर व श्री पंचमुखी हनुमान शिव मंदिर कीर्तन मण्डली दुर्गा नगर के संयुक्त सौजन्य से किया जा रहा है कथा व्यास आचार्य सनातन चैतन्य जी महाराज शिवमहापुराण की पावन अमृतमय कथा भक्तों को श्रवण करायेंगे। कार्यक्रम आयोजक महेन्द्र कौर,सोहन सिंह सोनु,रीना रानी,सीमा व वैभव कुमार ने पण्डित रविन्द्र नाथ तिवारी के साथ मोती नगर आश्रम पहुँच कर कथा व्यास आचार्य जी को श्रीफल प्रदान कर व शांल ओढाकर आमंत्रण पत्र प्रदान किया गया।

## लाइनपार में पेयजल समस्या का किया जाएगा समाधानः सरोज राठी

**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।** नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज रमेश राठी ने पार्षदों के साथ लाइनपार की पेयजल सप्लाई व्यवस्था का जायजा लेने के लिए बूस्टर का दौरा किया। चेयरपर्सन सरोज रमेश राठी ने बताया कि एक सप्ताह पहले हुई मीटिंग में हमने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि लाइनपार में पेयजल के जो अवैध कनेक्शन लगे हुए है वह काटे जाए ताकि अवैध कनेक्शन सुचारू पेयजल सप्लाई व्यवस्था में बाधा ना बने। चेयरपर्सन ने कहा कि उन्होंने हाल ही में वार्ड 2 में चेयरपर्सन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जन समस्याएं सुनी थी।

# 'गर्मी में परिंदों के लिए पानी व दाने की व्यवस्था करना हर किसी की जिम्मेदारी'



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**लगातार** गर्मी बढ़ने के कारण परिंदों को होने वाली पानी व दाने की दिक्कत को देखते हुए गौ सेवा दल एवं कृष्ण सेवा परिवार की ओर से कसोरे रखने के मुहिम की शुरूआत की गई। इस कड़ी में अंबाला शहर के मिशन अस्पताल में मेयर शक्तिरानी शर्मा ने मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचकर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान पौधे के नीचे कसोरे व दाना रखा और कसोरे में पानी डालने की जिम्मेदारी मिशन अस्पताल के स्टाफ ने ली। शक्तिरानी शर्मा ने कहा कि यह प्रकृत्ति के प्रति हमारा दायित्व है और बेहद खुशी की बात है कि सभी मिलकर इसे निभा रहे हैं।

मेयर शक्तिरानी शर्मा ने कहा कि कसोरे रखने की युवाओं की बेहद अच्छी सोच है। क्योंकि इतनी गर्मी में जब इंसान को प्यास लगी है तो ऐसे में पंछी पानी तलाशने कहां जाएंगे। यह हर साल इसी तरह मुहिम चलाते हैं, जोकि तारीफ के काबिल है। मोनू चावला ने कहा कि परिंदों को पानी व दाना देने के लिए आज से कसोरे रखने की शुरूआत की गई, जिसका शुभारंभ मेयर शक्तिरानी शर्मा ने कहा किया है। मोनू चावला ने लोगों से आग्रह किया कि वह भी परिंदों को राहत पहुंचाते हुए अपने घरों व बाहर परिंदों के पानी रखें। मिशन अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. सुनील सादिक ने कहा कि शहर कंकरीट बन गया है और ऐसे में कहीं भी ऐसी जगह नही, जहां पर परिंदे पानी पी सके। मेयर शक्तिरानी शर्मा ने इस अभियान की शुरूआत की है और मिशन अस्पताल का स्टाफ विश्वास दिलाता है कि कभी परिंदों के कसोरे खाली नहीं रहेंगे।

# तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर का हुआ समापन



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
भारत विकास परिषद महर्षि दयानंद शाखा द्वारा संरक्षक प्रदीप गोयल, सह संरक्षक दीपक राय आनंद एवं विवेक गुप्ता के मार्गदर्शन में अध्यक्ष अजय अग्रवाल के निर्देशन में अम्बाला शहर के केपीएके महाविद्यालय में 3 दिवसीय बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया गया। शाखा की महिला एवं बाल विकास संयोजिका रचना गुप्ता के नेतृत्व में चल रहे शिविर के तीसरे व अंतिम दिन मुख्य अतिथि के रूप में प्रांतीय महिला एवं बाल विकास संयोजिका डॉ अंजलि भारती एवं पूर्व राष्ट्रीय चेयरपर्सन अविनाश कौर ने शिरकत की । शिविर की शुरूआत दीप प्रज्वलन से की गई। उसके उपरांत बच्चों को अंकुर गोयल द्वारा महापुराण रामायण एवं महाभारत से संबंधित जानकारी देते हुए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई। इसके बाद अथर्व मित्तल द्वारा मीना गर्ग के सहयोग से बच्चों को एरोबिक्स एवं नृत्य करवाया गया। सचिव राकेश मक्कड़ ने संस्था के ध्येय व इसके पांच सूत्रों के बारे में बच्चों को उद्धारण के साथ बताया व बच्चों को इस 3 दिवसीय बाल संस्कार शिविर पर एक निबंध लेखन को कहा । इसके उपरांत अविनाश कौर ने शिविर में भाग ले रहे बच्चों को आदर्श जीवन में संस्कारों का महत्व बताया व जीवन में सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। डॉ अंजलि भारती ने दयानंद शाखा को शिविर के सफल आयोजन की बधाई दी ।

मुख्य अतिथि एवं वक्ताओं को शाखा की ओर स्मृति चिन्ह के रूप में पौधे भेंट किए गए। सभी बच्चों को शाखा की ओर दूध और बिस्किट दिए गए। इस शिविर में शाखा से कोषाध्यक्ष राकेश शर्मा, अंकुर गोयल, यशस्वी गुप्ता, सतनाम नागपाल, मिनी गोयल, मिनी शर्मा, सरोज अग्रवाल, मीना गर्ग, मीनू एबट, प्रियंका अग्रवाल, रजनी गुलाटी, दीप्ति चावला, सरोज रानी ने संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
यह जानकारी शाखा के प्रैस सचिव श्रीकृष्ण सैनी ने सांझा करते हुए सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी व स्कूल प्रिंसिपल रेखा गोयल, अध्यापिका इंदू एवं स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद किया।

# नगर निगम बना नरक निगमः हिम्मत



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अंबाला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हिम्मत सिंह ने कहा कि अंबाला शहर का नगर निगम नरक निगम बन चुका है और लोगों को वहां पर केवल परेशानियां ही मिलती है। छोटे छोटे काम के लिए लोग सुबह नगर निगम पहुंचते और शाम तक उनकी सुनवाई करने वाला कोई नहीं। हिम्मत ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने एनडीसी, प्रापर्टी आईडी, ऑन लाइन के नाम पर लोगों को राहत देने की बजाए, परेशान करने का काम किया है और नगर निगम में सरकार की गलत नीतियों के कारण दलालों का बोलबाला बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में हालात यह है कि लोग अपने मकान को भी जरूरत पड़ने पर सेल नहीं कर सकते।
हिम्मत सिंह ने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने के बाद आम आदमी को राहत पहुंचाने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने के बाद एनडीसी प्रथा को बदला जाएगा। एनडीसी का मतलब है नॉ डियूज सर्टिफिकेट और निश्चततौर पर कांग्रेस सरकार आने पर सर्टिफिकेट का यही मतलब होगा और नगर निगम के अंडर आने वाली सभी कालोनियों को वैध करते हुए लोगों को राहत पहुंचाने का काम किया जाएगा। युवा नेता हिम्मत सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में नगर निगम में भ्रष्टाचार बढ़ गया है और मुटेशन से लेकर प्रापर्टी आईडी बनाने तक के लिए लोगों को परेशान होना पड़ता है। कांग्रेस की सरकार आने पर नगर निगम के अधिकारी भाजपा सरकार की तरह अधिकारी बनकर नहीं, बल्कि पब्लिक सर्वेंट बनकर काम करेंगे।

# 'शिकायतकर्ता की संतुष्टि सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए'

## सुगम शिकायत निवारण तंत्र होना किसी भी सरकार और प्रशासन का अभिन्न अंग, मुख्यमंत्री ने जन संवाद पोर्टल के संबंध में प्रशासनिक सचिवों के साथ की अहम बैठक

**जन संवाद पोर्टल, नगर दर्शन, ग्राम दर्शन पोर्टल और सीएम विंडो शुरू करने के पीछे एकमात्र उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हमारे नागरिकों की आवाज सरकार तक सीधे पहुंचे**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि राज्य सरकार के लिए नागरिकों की समस्याओं व मांगों का समाधान सुनिश्चित करना पहली प्राथमिकता है। जन संवाद पोर्टल, नगर दर्शन, ग्राम दर्शन पोर्टल और सीएम विंडो शुरू करने के पीछे एकमात्र उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हमारे नागरिकों की आवाज सरकार तक सीधे पहुंचे। इसलिए अधिकारी समयबद्ध तरीके से लोगों की शिकायतों पर समुचित कार्रवाई करें। मनोहर लाल ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पिछली सरकारों के बिल्कुल विपरीत है। हम जन सेवा के उद्देश्य से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए कर्तव्यबद्ध हैं। मुख्यमंत्री प्रशासनिक सचिवों के साथ जनसंवाद पोर्टल के संबंध में अहम बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक मजबूत शिकायत निवारण तंत्र किसी भी पारदर्शी और प्रभावी सरकार का बेंचमार्क है। इसी उद्देश्य के लिए राज्य सरकार ने जन संवाद पोर्टल लॉन्च किया है।

### नागरिकों को हर कार्रवाई की पहुंच रही जानकारी

**मनोहर** लाल ने कहा कि इस पोर्टल पर शिकायत व मांग दर्ज होते ही संबंधित नागरिक को उसकी सूचना एसएमएस के माध्यम से चली जाती है। इसके बाद संबंधित विभाग और अधिकारी द्वारा की जा रही आगामी कार्रवाई की सूचना भी एसएमएस के द्वारा नागरिकों को भेजी जाती है।

पोर्टल पर दर्ज प्रतिवेदनों पर कार्रवाई करते समय शिकायतकर्ता की पूर्ण संतुष्टि सुनिश्चित करना प्रशासनिक सचिवों का मुख्य फोकस होना चाहिए। जन संवाद पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निवारण प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार और प्रशासन के लिए सुगम शिकायत निवारण तंत्र एक अभिन्न अंग है, इसलिए पोर्टल को भी यूजर फ्रेंडली बनाया जाए।

**अधिकारी लगातार शिकायतों की करें समीक्षा:** मुख्यमंत्री ने सभी प्रशासनिक सचिवों को निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी प्रतिदिन जन संवाद पोर्टल को चेक करें और समीक्षा करें कि उनके विभागों में दर्ज कितनी शिकायतों का निराकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि जन संवाद पोर्टल नागरिकों के लिए उनकी शिकायतों का आसान समाधान प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है। इसलिए सभी प्रशासनिक सचिव और जिला स्तरीय अधिकारी इन समस्याओं व मांगों को गंभीरता से लेकर आगामी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि विभागीय स्तर पर हर प्रतिवेदन के लिए अलग-अलग श्रेणियां बनाई जाए, ताकि कोई भी कागज बिना पढ़े न रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन संवाद कार्यक्रमों में लोगों ने यह बताया है कि वे अपने लिखित प्रतिवेदन की कई-कई कॉपी भिन्न भिन्न जन प्रतिनिधियों को देते थे, लेकिन कभी उनके प्रतिवेदन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई और उनके कागज व दस्तावेज गुम हो जाते थे। इसी परेशानी को समझते हुए सरकार ने जन संवाद पोर्टल बनाया है। इस पोर्टल पर लोगों के लिखित प्रतिवेदन की जानकारी दर्ज की जाती है और संबंधित विभागों को आगामी कार्रवाई के लिए भेज दी जाती है।

### 8093 शिकायतों/मांगों में से 6642 को विभागों को भेजा जा चुका है

**मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान** सचिव तथा सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि अब तक पोर्टल पर 8093 शिकायतें/मांगें दर्ज की जा चुकी हैं। इनमें से 6642 को विभिन्न विभागों को आगामी कार्रवाई को भेजा जा चुका है। डॉ. अमित अग्रवाल ने बताया कि पोर्टल के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए पिछली बैठक में पोर्टल से संबंधित लिए गए निर्णय के अनुसार सभी बदलाव और अपडेट किए जा चुके हैं। बैठक में मुख्य सचिव संजीव कौशल, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव डी एस ढेसी, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव तथा वित्त आयुक्त राजेश खुल्लर, गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ सुमिता मिश्रा, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अंकुर गुप्ता, वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव और सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक डॉ अमित अग्रवाल, मुख्यमंत्री के उप प्रधान सचिव के मकरंद पाण्डुरंग सहित विभागों के प्रशासनिक सचिव मौजूद थे।

# किसान नेता चढूनी को जेल भेजा

**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**

हरियाणा में सूरजमुखी की खरीद एमएसपी पर करने के लिए बवाल मच गया है। कुरुक्षेत्र के शाहाबाद में किसान नेता राकेश टिकैत पहुंच गए। इससे पहले मंगलवार को किसानों पर हुए लाठीचार्ज-गिरफ्तारी के विरोध में रोहतक में पुलिस-किसानों में झड़प हुई। वहीं करनाल में हाईवे जाम करने जा रहे किसानों को पुलिस ने हिरासत में लिया। शाम को उन्हें छोड़ दिया गया।

उधर, हिरासत में लिए गुरनाम सिंह चढूनी समेत 9 किसान नेताओं को पुलिस ने बुधवार दोपहर बाद कुरुक्षेत्र जिला कोर्ट में पेश किया। अदालत में सभी ने जमानत लेने से मना कर दिया। इसके बाद सभी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। बीते कल दिल्ली-चंडीगढ़ हाईवे जाम करने पर गुरनाम चढूनी और दूसरे किसान नेताओं को हिरासत में लिया गया था। किसानों ने रिहाई के लिए सरकार और प्रशासन को 11 बजे तक का अल्टीमेटम दिया था। इस बीच करनाल पहुंचे राकेश टिकैत ने कहा- 'ऐसा पहली बार हुआ कि किसानों पर एमएसपी को लेकर लाठीचार्ज हुआ हो। अब देश में दिल्ली से बड़ा आंदोलन एमएसपी पर होगा। कुरुक्षेत्र में आगामी रणनीति बनाकर इसका ऐलान किया जाएगा।'



**अदालत में सभी ने जमानत लेने से मना कर दिया। इसके बाद सभी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया**

**टोल प्लाजों पर किसानों का धरना:** वहीं किसानों की गिरफ्तारी के विरोध में किसानों ने टोल प्लाजा पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। हिसार, सिरसा, रोहतक, करनाल, अंबाला और कुरूक्षेत्र समेत कई जिलों में किसान टोल प्लाजा पर धरने पर बैठ गए। किसानों ने चेतावनी दी कि अगर हिरासत में लिए किसानों की रिहाई नहीं हुई तो पूरे हरियाणा की सड़कें जाम कर देंगे। किसान कॉल आते ही सारे टोल प्लाजा जाम कर देंगे।

**रोहतक में पुलिस-किसानों में झड़प:** वहीं रोहतक में किसानों ने नेशनल हाईवे नंबर 9 जाम किया। पुलिस ने इसे जबरन खुलवाने की कोशिश की तो दोनों पक्षों में झड़प हो गई। जिसके बाद पुलिस ने अखिल भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) रोहतक के जिला अध्यक्ष अंकुश सिवाच और वार्ड नंबर एक से जिला पार्षद अमित को हिरासत में लिया।

करनाल में किसान हिरासत में लिए: करनाल में भी किसान दिल्ली-चंडीगढ़ हाईवे NH-44 पर बसताड़ा टोल के पास जाम करने पहुंच गए। यहां पुलिस ने पहले किसानों को समझाने की कोशिश की, वे नहीं माने तो उन्हें हिरासत में लिया गया। शाम को पुलिस ने उन्हें रिहा कर दिया। मंगलवार को जम्मू-दिल्ली हाईवे जाम करने पर पुलिस ने किसानों को लाठीचार्ज कर खदेड़ दिया। जिसके बाद भाकियू अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी समेत 150 किसानों को हिरासत में ले लिया। वहीं करीब 700 किसानों पर केस दर्ज किया गया है।

## किसान बाग लगाकर बढ़ाएं आमदनी

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**

**हरियाणा** सरकार किसानों को बागवानी के प्रति जागरूक करने के लिए भरसक प्रयास कर रही है और बाग लगाने पर किसानों को 70 प्रतिशत तक सब्सिडी भी दी जा रही है। बागवानी को अपनाकर किसान अपनी अतिरिक्त आमदनी सुनिश्चित कर सकते हैं। बागवानी खेती का ऐसा तरीका है, जिसमें फसलों के साथ-साथ फलों के उत्पादन से भी आमदनी की जा सकती है। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सरकार की ओर से किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए बागवानी विभाग के माध्यम से कई प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं।

# कुरुक्षेत्र लाठीचार्ज को लेकर बीजेपी-जेजपी गठबंधन में फूट

**विधायक रामकरण काला का गुस्सा तो बीजेपी के मंत्री बनवारी लाल की प्रेस कॉन्फ्रेंस में ही फूट पड़ा**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा में** किसानों पर किए गए लाठीचार्ज को लेकर सत्तारूढ़ बीजेपी-जेजपी गठबंधन में फूट पड़ती नजर आ रही है। कुरुक्षेत्र में सूरजमुखी की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद की मांग कर रहे किसानों पर जिस तरह लाठियां बरसाई गईं, उससे सरकार में शामिल जननायक जनता पार्टी (जेजपी) के नेता नाराज हैं। जेजपी के शाहाबाद के विधायक रामकरण काला का गुस्सा तो बीजेपी के मंत्री बनवारी लाल की प्रेस कॉन्फ्रेंस में ही फूट पड़ा। उन्होंने लाठीचार्ज के फैसले को गलत बताते हुए शुगरफेड के चेयरमैन पद से इस्तीफे का ऐलान तक कर डाला। दरअसल



रामकरण काला, MLA, जजपा — बनवारी लाल, मंत्री, हरियाणा

सहकारिता मंत्री डॉक्टर बनवारी लाल किसानों पर किए गए लाठीचार्ज को लेकर चंडीगढ़ के सेक्टर-17 स्थित मिनी सचिवालय में मीडिया के सामने सफाई दे रहे थे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनके साथ जेजपी विधायक रामकरण काला भी थे। गौरतलब है कि मंगलवार को कुरुक्षेत्र जिले में किसानों पर जिस जगह लाठीचार्ज किया गया, वह इलाका रामकरण काला के विधानसभा हलके में ही आता है। हरियाणा की मनोहर सरकार ने रामकरण को वर्ष 2022 में शुगरफेड का चेयरमैन बनाया था। हरियाणा में जेजपी और बीजेपी के बीच डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला की विधानसभा सीट उचाना को लेकर पहले से ही विवाद चल रहा है। ऐसे में लाठीचार्ज के बहाने जेजपी को बीजेपी पर हमला बोलने का नया हथियार मिल गया है।

**इसलिए फूटा जेजपी विधायक का गुस्सा:** रामकरण काला ने मंत्री के सामने ही पत्रकारों से कहा कि सूरजमुखी की खरीद का टरढ 6400 रुपए प्रति क्विंटल तय है। इसके बावजूद किसानों से 4800 रुपए प्रति क्विंटल पर सूरजमुखी की फसल खरीदी जा रही है।

# सरकार सूरजमुखी के भावांतर को बढ़ाने पर कर रही विचार:दलाल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा है कि प्रदेश सरकार सूरजमुखी को भावांतर भरपाई के दाम को बढ़ाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। इस दिशा में काम किया जा रहा है। इसके बावजूद कुछ स्वयंभू किसान नेता प्रदेश का माहौल खराब कर रहे हैं। बुधवार को चंडीगढ़ स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में दलाल ने कहा कि कुछ स्वयंभू किसान नेताओं ने अपने साथियों को गुमराह करके मंगलवार को चंडीगढ़-दिल्ली मार्ग पर जाम लगा दिया, जिसमें हजारों लोग परेशान हुए। इसके बाद हाई कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिए कि तुरंत सड़क खाली करवाकर रिपोर्ट दी जाए। रात के समय पुलिस प्रशासन ने आंदोलन कर रहे किसानों को सड़क खाली करने के लिए बकायदा एक घंटे का समय भी दिया। इसके बावजूद वह सड़क से नहीं हटे तो पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल करके सड़क को खाली करवाया। किसानों द्वारा जाम लगाए जाने के कारण हजारों लोग परेशान होते रहे। दलाल ने कहा कि उत्तर भारत में इस समय कोई भी राज्य ऐसा नहीं है जो सूरजमुखी की खरीद एमएसपी पर कर रहा है। प्रदेश में करीब 80 लाख एकड़ जमीन में खेती होती है।

# 'पुलिस ने गुरुग्राम में 10 शूटर्स को पकडकर सराहनीय कार्य किया'

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**

हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा पुलिस ने गुरूग्राम में बहुत ही सहरानीय कार्य किया है और 10 शूटर्स को गुरूग्राम में पकडा गया है। उन्होंने कहा कि उस सारी पुलिस टीम जो इस आपरेशन में शामिल थी सबको प्रशंसा पत्र उनके द्वारा भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए जितनी सराहना की जाए, उतनी कम है। विज विशेष ओलंपिक भारत द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के उपरांत मीडियाकर्मियों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे।

**शूटर्स के पकडे जाने के मामले में हर एंगल से सारी जांच हो रही:** उन्होंने कहा कि इन शूटर्स के पकडे जाने के मामले में हर ऐंगल से सारी जांच हो रही है। इनके शूटर्स के पास से पुलिस की वर्दियां मिलना वह बहुत ही खतरनाक है और इस मामले में सभी एंगल पर कार्यवाही की जा रही है। इन शूटर्स को पकड़ने वाली पुलिस टीम में डीसीपी क्राइम विजय प्रताप सिंह, एसीपी क्राइम वरूण कुमार दहिया, इंस्पेक्टर नरेन्द्र सिंह, इंस्पेक्टर आनंद कुमार, सब इंस्पेक्टर मनोज, सबइंस्पैक्टर धमेन्द्र, सब इंस्पेक्टर हरवीर, सब इंस्पेक्टर नीरज, एएसआई ब्रिजेश कुमार, एएसआई हरवीर, हेड कांस्टेबल शक्ति सिंह, हेड कांस्टेबल राजेश कुमार, हेड कांस्टेबल कमल, हेड कांस्टेबल सुशील कुमार, हेड कांस्टेबल जोगिन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल श्रीभगवान और कांस्टेबल अमन व सुमित शामिल थे। गौरतलब है कि लारेंस बिश्नोई गैंग के दस गुर्गो/शूटर्स को गुरुग्राम में हरियाणा पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इन शूटर्स के पास चार पिस्टल और 28 लाईव काटरिज बरामद की गई हैं। इसके अलावा, पुलिस की वर्दियां भी इनसे बरामद की गई है।

**हर महिने आपरेशन आक्रमण चलाया जाता है-** उन्होंने कहा कि हमारी पुलिस लगातार ऐसे प्रयास कर रही है और हम हर महिने में आपरेशन आक्रमण चलाते है और इस बारे में बिना बताए एक दिन में पूरे हरियाणा में जुआ, सटटा, शराब, ड्रग जैसे अपराधों पर लगाम लगाने के लिए प्रहार किया जाता है। उन्होंने बताया कि हमारा ऐसा सोचना है कि जो छोटे- छोटे अपराध करने वाले अपराधी होते है यही आगे जाकर बड़े अपराधी बन जाते है।

# केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नई मेट्रो लाइन को दी मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र विशेषकर गुरुग्राम में सड़क, मेट्रो कनेक्टिविटी बढ़ाने के लक्ष्य को आज उस समय एक बड़ी सफलता मिली जब केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा हुडा सिटी सेंटर से साइबर सिटी, गुरुग्राम तक नई मेट्रो लाइन तथा द्वारका एक्सप्रेस-वे को जोड़ने के लिए एक स्पर लाइन के लिए मंजूरी प्रदान की। इसके लिए मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कैबिनेट का आभार व्यक्त किया है। इस परियोजना पर 5,452 करोड़ रुपये की लागत आएगी। यह एलिवेटिड रूट 28.50 किमी लंबा होगा और इस पर 27 स्टेशन होंगे। यह परियोजना हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन लिमिटेड (एचएमआरटीसी) द्वारा क्रियान्वित की जाएगी।

# शिक्षा मंत्री ने इंटरैक्टिव डिजिटल ई-बुक का किया विमोचन

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के शिक्षामंत्री कंवरपाल ने इंटरैक्टिव डिजिटल ई-बुक "भूलभुलैया खेल पिटारा" का विमोचन किया। यह बुक आरोही आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्योंग ,जिला कैथल में कार्यरत हिंदी प्राध्यापक डॉ विजय चावला द्वारा तैयार की गई है। इस डिजिटल ई-बुक को इंटरैक्टिव तरीके से तैयार किया गया है। विमोचन के बाद शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस ई -बुक का प्रयोग विद्यालयों में स्मार्ट कक्षा-कक्ष, डिजिटल लैब,टैब तथा मोबाइल



के माध्यम से किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि इसमें हिंदी भाषायी दक्षताओं को विकसित करने हेतु सरल एवं रुचिकर पठन सामग्री भी उपलब्ध की गई है। शिक्षामंत्री ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि डिजिटल पठन सामग्री का अध्ययन करने के लिए लिंक तथा क्यू आर कोड़ की सुविधा प्रदान की गई है। विद्यार्थियों को डिजिटल पठन सामग्री पढ़ने के लिए दिए गए लिंक को क्लिक करना होगा तथा उसमें निहित क्यू आर कोड़ को स्कैन करना होगा। ऐसा करते ही विद्यार्थी हिंदी दक्षताओं का विस्तृत अध्ययन कर पाएँगे। शिक्षा मंत्री ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि जब तक विद्यार्थी हिंदी भाषायी दक्षताओं में दक्ष नहीं बन जाते तब तक वे हिंदी विषय में अच्छे अंक नहीं ला सकते। हिंदी दक्षताओं में दक्ष होने पर ही विद्यार्थी विभिन्न प्रकार के प्रश्नों के उत्तर स्वयं दे पाने में समर्थ हो पाते हैं।

# सारे देश में मैडलों की भूख हरियाणा मिटा सकता है : गृह मंत्री अनिल विज

## राज्य के शहर-शहर में नए स्टेडियम बनाए जा रहे हैं। अगर अंबाला की बात की जाए तो विश्व स्तर का फुटबॉल स्टेडियम अंबाला में बनाया गया है और वहां पर फुटबॉल खेल को दोबारा से जिंदा करने का काम हुआ है

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**

**हरियाणा के** गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा खेलों की धरती है और सारे देश में मैडलों की भूख हरियाणा मिटा सकता है। हरियाणा पूरे देश का केवल 1.3 प्रतिशत है जबकि हमारे मैडल 50 प्रतिशत से अधिक हैं। विज गुरुग्राम में विशेष ओलंपिक भारत के माध्यम से जर्मनी के बर्लिन में विशेष ओलंपिक वर्ल्ड समर गेम्स- 2023 में भाग लेने जा रहे विशेष खिलाडियों व उपस्थित जनों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य के शहर-शहर में नए स्टेडियम बनाए जा रहे हैं। अगर अंबाला की बात की जाए तो विश्व स्तर का फुटबॉल स्टेडियम अंबाला में बनाया गया है और वहां पर फुटबॉल खेल को दोबारा से जिंदा करने का काम हुआ है। विज ने खेल नीति पर बोलते हुए कहा कि मैं जब पिछले कार्यकाल में



खेल मंत्री था तो मैंने खिलाड़ियों को बिठाकर हरियाणा की खेल नीति को बनाने का काम किया क्योंकि नीतियां बनाने में कई बार गैप रह जाता है और इस गैप को पाटने के लिए मैंने हितधारकों अर्थात खिलाड़ियों को भी शामिल किया। इस कार्य को खिलाडियों ने तब काफी सराहा और कहा कि हमें आज तक किसी ने खेल नीति के बारे में नहीं पूछा और यह पहली बार है जब खेल नीति बनाने से पहले पूछा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज अन्य प्रदेश के खिलाडी भी हरियाणा की खेल नीति को अपने राज्य में लागू करने के लिए मांग करते हैं और कहते हैं कि हरियाणा की खेल नीति को उनके प्रदेश में लागू किया जाए। मैडलों के संबंध में बात करते हुए उन्होंने कहा कि ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को 6 करोड रुपए, रजत पदक विजेता को 4 करोड रुपए और कांस्य पदक विजेता को 2.5 करोड रुपए की राशि पुरस्कार स्वरूप दी जाती है, जो देश में शायद सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा कि आज का दिन एक विशेष दिन है क्योंकि आज हम जर्मनी के बर्लिन में विशेष ओलंपिक वर्ल्ड समर गेम्स- 2023 में भाग लेने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर भेज रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम जिंदगी की गहमागहमी में अपने कई दायित्वों को भूल जाते हैं क्योंकि हम वाटर टाइट कम्पार्टमेंट में रह रहे हैं और इस कम्पार्टमेंट में यदि हम किसी एक फूल को भी तोड़ते हैं तो सुदूर तारे तक उसे महसूस किया जा सकता है। इसलिए समाज में जो पीडा जहां तक जाती है या पहुंचती है उसे सारे महसूस नहीं करते हैं उसे कुछ ही महसूस करते है। उन्होंने कहा कि आज इस पीड़ा को हमारे बीच में बैठी श्रीमती मल्लिका नडडा जी ने महसूस करते हुए विशेष ओलंपिक भारत के माध्यम से ऐसे लोगों को आम लोगों की तरह कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए आगे बढाने का काम किया है।

### क्षमता और अवसर के साथ ही सफलता प्राप्त हो सकती है: विज

**विज** ने कहा कि क्षमता और अवसर के साथ ही सफलता प्राप्त हो सकती है। इन विशेष खिलाड़ियों में भी क्षमता है परंतु आज श्रीमती मल्लिका नडडा जी ने इन बच्चों को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर प्रदान किया है। जिसके लिए वे अपने दिल की गहराईयों से उनका, संगठन और तमाम लोगों का इसमें सहयोग देने के लिए आभार प्रकट करते हैं। जर्मनी के बर्लिन में विशेष ओलंपिक वर्ल्ड समर गेम्स– 2023 में भाग लेने जा रहे विशेष खिलाडियों को आशिर्वाद देते हुए उन्होंने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि ये खिलाडी वहां से अच्छे मैडल जीतकर लाएंगे। उन्होंने श्रीमती नडडा की सराहना करते हुए कहा कि वे इन खिलाडियों के लिए समय–समय पर स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित करवाती हैं ताकि इन खिलाडियों के लिए कोई कमी न रह सकें।

## न्यूज फ्लैश

### रिलायंस ज्वेल्स ने अपने " विवाहम संग्रह" का अनावरण किया: भारत में हर क्षेत्र की भव्य दुल्हनों का उत्सव

**करनाल।** आभूषण उद्योग में एक प्रसिद्ध नाम, रिलायंस ज्वेल्स को अपने बहुप्रतीक्षित "विवाहम संग्रह" के लॉन्च की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, शादी के गहनों की एक उत्कृष्ट श्रृंखला हर दुल्हन को उसके खास दिन पर रानी की तरह महसूस कराने के लिए डिजाइन की गई है, चाहे वह जिंदगी के किसी भी स्तर से आती हो। यह संग्रह भारत भर में क्षेत्रीय दुल्हनों की विविधता और भव्यता को सम्मान प्रदान करता है और उनकी अनोखी शैलियों और प्रेरणाओं को दर्शाता है। अलग-अलग क्षेत्रों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को शामिल करने के साथ, विवाह संग्रह में 15 से ज्यादा विशिष्ट ब्राइडल लुक को भी प्रदर्शित किया गया हैं, जिनमें से प्रत्येक भारत के एक अलग हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। धनी बंगाली दुल्हन से देदीप्यमान ओडिशा दुल्हन तक, आकर्षक महाराष्ट्रीयन दुल्हन से सुरुचिपूर्ण राजस्थानी दुल्हन तक, फैशनेबल मेट्रो दुल्हन से चमकदार पंजाबी दुल्हन तक, सुरुचिपूर्ण तेलुगू दुल्हन से भव्य बिहारी दुल्हन और अन्य सम्मोहक करने वाले और जटिल रूप जो हमारे देश की समृद्ध संस्कृति और शादियों की परंपराओं का उत्सव मनाते हैं। रिलायंस ज्वेल्स ने हर दुल्हन के पहनावे को पूरा करने के लिए गहनों को सावधानीपूर्वक क्यूरेट किया है, जिससे यह सभी ब्राइडल ज्वैलरी की जरूरतों के लिए वन स्टॉप शॉप बन गया है। इस कलेक्शन में चोकर्स, लंबे नेकलेस, चूड़ियां, अंगूठियां, झुमके, चोकर सेट, मंगलसूत्र, मांगटीका, नथ, हाथफूल, कमरबंद, बाजूबंद, कंगन और भी बहुत कुछ शामिल हैं। यह विविध संग्रह हर क्षेत्र की दुल्हनों का उत्सव मनाता है और संस्कृतियों के साथ परंपराओं की एक आकर्षक सिम्फनी बनाता है। रिलायंस ज्वेल्स के सीईओ श्री सुनील नायक ने बताया, "हमारा विवाह संग्रह भारतीय शादियों की भव्यता और विविधता का एक वसीयतनामा है।" हमारा मानना है कि हर दुल्हन अपनी शादी के दिन रानी की तरह अनुभव करने की हकदार है, चाहे उसकी जाति, उम्र, सामाजिक-आर्थिक खंड या स्थान कुछ भी हो। हमारा संग्रह भारतीय दुल्हनों की शाही आकांक्षाओं को दिखलाता है, जो उनकी पसंद के आभूषण, पोशाक और समग्र आभा से स्पष्ट होता हैं।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं.: 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं.: 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं.: 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं.: 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं.: 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं.: 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं.: 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र दलबीर सिंह**
(मो. नं.: 94162 71181)

# जिले में लिगांनुपात की स्थिति में लाएं सुधार : अनीश

## अल्ट्रासाउंड केन्द्रों तथा मेडिकल स्टोरों पर बढ़ाएं रेड़, जहां कमी नजर आए, दोषी के खिलाफ तुरंत कार्यवाही अमल में लाई जाए

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**उपायुक्त अनीश** यादव ने बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में स्वास्थ्य विभाग की माध्यम से चलाई जा रही योजना समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि लिगांनुपात, अनिमिया तथा निरोगी योजनाओं को लेकर व्यापक प्रचार प्रसार के लिए गतिविधियों को बढाएं, ताकि लोगों में जागरूकता लाई सके। उन्होंने लिगांनुपात की स्थिति को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए कुछ गांव में नहीं, पूरे जिले में लिगांनुपात की स्थिति में सुधार लाना सुनिश्चित करे। इसके लिए पडोसी राज्य यूपी में भी रेड करें तथा अपने जिला में भी रेड बढाएं और अल्ट्रासाऊंड केन्द्रों पर कडी नजर रखें।

उपायुक्त ने कहा कि घटता लिंगानुपात एक बहुत बड़ी समस्या है। स्वास्थ्य विभाग के



साथ-साथ लिंगानुपात की स्थिति में सुधार लाने से संबंधित विभाग जैसे महिला एवं बाल विकास विभाग, आयुर्वेद विभाग, शिक्षा विभाग तथा ड्रग कन्ट्रोलर आपसी ताल-मेल के साथ कार्यक्रम और अल्ट्रा साउंड केन्द्रों पर तथा कमिस्टों पर संयुक्त रूप से निरीक्षण करें तथा जहां कमी नजर आए दोषी के खिलाफ तुरंत कार्यवाही अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में ढिलाई न बरतें और दोषी को बख्शा न जाए। उन्होंने कहा कि लिंगानुपात में सुधार के कार्य में अच्छा काम करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।

उपायुक्त ने अनिमिया को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी बच्चों को जांच की जाए कोई भी बच्चा न छुटे। इस पर डिप्टी सीएमओ डॉ. नीलम वर्मा ने बताया कि इन्द्री, निसिंग, घरौंड़ा ब्लाक में कार्य पूरा हो चुका हैं। करनाल व असंध में स्कूलों की छुटिटयों के बाद इन ब्लाकों में भी अनिमिया की जांच करवा दी जाए। उपायुक्त ने निरोगी योजना की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए इस योजना को ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ पहुचांए, ताकि उन्हें स्वास्थ्य लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा निरोगी योजना के अंर्तगत गरीब परिवारों को स्वास्थ्य जांच करवाया जा रहा है और इसके लिए एप्प भी लॉच की गई हैं। बैठक में सीएमजीजीए जिनसन जॉर्ज चाको ने बताया कि इस योजना के अर्तगत 54 हजार गरीब लोगो की स्वास्थ्य जांच हो चुकी हैं। यह कार्य सभी पीएचसीओ को निशुल्क किया जाता है। उन्होंने बताया कि गरीब लोगों की स्वास्थ्य जांच के लिए गांव स्तर पर कैम्प आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को कवर किया जा सके।

## नशा तस्करी में दो आरोपी काबू, 720 ग्राम अफीम बरामद

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**सीआइए** टू की पुलिस टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर योजनाबद्ध तरीके से कार्यवाही करते हुए थाना असंध क्षेत्र में गंगाटेहडी अड्डे के पास एक ढ़ाबा पर छापामारी करके दो आरोपियों सुनील उर्फ सोनू पुत्र अमिलाल वासी बिगाना थाना अलेवा जिला जींद व सोनू उर्फ चीया पुत्र रामफल वासी गाँव बाहरी थाना असंध जिला करनाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम द्वारा मौके पर ही आरोपियों के कब्जे से 720 ग्राम अफीम बरामद की गई। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना असंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत



मामला दर्ज किया गया है। पुलिस टीम द्वारा की गई प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे नशे की इस खेप को जोधपुर राजस्थान से लेकर आए थे। सहायक उप निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों को आज अदालत में पेश कर 5 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है।

## तन, मन और आत्मा का स्वास्थ्य है योग : दिनेश गुलाटी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**प्रसिद्ध योग** गुरु दिनेश गुलाटी द्वारा मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत भारत के जन-जन को स्वस्थ रखने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी उद्देश्य के अंतर्गत एक नई कक्षा का शुभारंभ किया गया। उन्होंने स्वामी दयानंद सरस्वती पार्क सूर्य एनक्लेव सेक्टर-7 में पहुंचकर नई कक्षा का उद्घाटन किया। वहां मौजूद योग साधकों ने उत्साहपूर्वक सभी योग क्रियाएं की।
दिनेश गुलाटी ने बताया कि योग भारतीय जीवन की हजारों वर्ष पुरातन शैली है। योग संपूर्ण स्वास्थ्य का आधार है। तन, मन और आत्मा का स्वास्थ्य है योग।



उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवन शैली में आराम के संसाधन बड़े हैं और सुख सुविधाओं के होते भी मानव जीवन में शांति का अभाव है। नियमित ध्यान, योग और प्रणाम से शरीर में गुड हार्मोन रिलीज होते हैं, जिससे व्यक्तित्व प्रसन्न रहता है।
उन्होंने कहा कि इस व्यस्त जीवनशैली में अस्थमा, सर्वाइकल, सिर दर्द, मधुमेह, मोटापा, हृदय रोग, सिरोसिस और अन्य कई मानसिक बीमारियां आम है। योग इसके निवारण में अहम भूमिका निभाता है।
योगासन द्वारा शारीरिक बौद्धिक और मानसिक संतुलन बनाए रखा जा सकता है। इससे पूर्व उन्होंने योग कक्षा में विभिन्न यौगिक क्रियाएं, आसन और प्राणायाम का अभ्यास साधकों को करवाया। एसएस संधू, सुभाष चंद्र, वीपी भाटिया, मनोज अग्रवाल, एनएल कपूर, डॉ.सुखबीर सिंह, अतुल जैन, अनीता अहूजा, विजय गोयल, नीलम गोयल, ठकुराल, नंदा, सतीश वर्मा, संदीप तनेजा और अन्य साधक मौजूद रहे।

## जिला कारागार में हुआ स्पेशल लोक अदालत का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला** कारागार में मुख्य दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर कौर द्वारा स्पेशल जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें 7 अंडर ट्रायल प्रिजनर्स के केसों का चयन किया गया और उसमें से 4 केस में 3 के जुर्म कबूलने के बाद अंडरगोन किया गया। सुश्री जसबीर ने बताया कि समय-समय पर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा हर माह के पहले और तीसरे बुधवार को जेल में लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कैदियों से आग्रह किया कि अगर किसी के पास उसकी केस की



पैरवी करने के लिए वकील नहीं है तो वह सुपरिंटेंडेंट जिला कारागार के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण को भेज सकता है। अथॉरिटी के द्वारा उसको पैनल अधिवक्ताओं में से किसी एक को उसके केस की पैरवी करने के लिए नियुक्त कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बच्चों, वरिष्ठ नागरिक, अनुसूचित जाति व जनजाति या आम नागरिक जिसकी सभी स्त्रोतों से आय 3 लाख रुपए से कम है। ऐसे व्यक्ति मुफ्त कानूनी सलाह या मुफ्त कानूनी सहायता पाने का हकदार हैं।

## किसानों पर दमन के मामले में भाजपा ने अंग्रेजों को भी पीछे छोड़ा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** प्रदेश कांग्रेस के महासचिव तथा किसान नेता नाहर सिंह संधू ने हरियाणा की भाजपा सरकार द्वारा शाहबाद के पास शांतिपूर्वक ढंग से आंदोलन कर रहे किसानों पर बर्बरतापूर्वक किए गए लाठीचार्ज की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसान विरोधी है और इसने दमन के मामले में अंग्रेजों को भी पीछे छोड़ दिया है। पहले प्रधानमंत्री की जिद्द के कारण दल्लिी बार्डर पर एक हजार किसानों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया था।

## स्वच्छता के लिहाज से करनाल को बनाए इंदौर : डा. कमल



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**हरियाणा के** शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने करनाल को स्वच्छता के लिहाज से इंदौर बनाने का आह्वान किया। मंत्री बुधवार को शहर के नगर निगम कार्यालय स्थित सभागार में सेनीटेशन पर आयोजित एक समीक्षा मीटिंग में निगम अधिकारी व सुगम स्वच्छता के प्रतिनिधियों से रूबरू थे। उन्होंने कहा कि शहर को साफ-सुथरा रखने के लिए स्वच्छता एजेंसी के पास अब पर्याप्त संसाधन है, इसे देखते कोई बहाना भी नहीं बनता और कहा कि जो कुछ इंदौर में किया जा रहा है, वह आप भी कर सकते हैं। इस पर सुगम स्वच्छता के प्रतिनिधियों ने कहा कि वे करनाल को प्रदेश का सबसे सुंदर शहर बनाने के लिए प्रयासरत हैं।
डोर टू डोर कचरा कॉलेक्शन और प्रबंधन पर दिया प्रैजेंटेशन- समीक्षा मीटिंग में नगर निगम की ओर से तैयार पीपीटी में घर-घर से कूड़ा एकत्रीकरण, परिवहन और प्रबंधन तक कैसे किया जा रहा है, इसकी जानकारी दी गई। निगमायुक्त ने बताया कि शहर में सेक्टरों को मिलाकर करीब 97 हजार हाऊस होल्ड हैं। सुगम स्वच्छता प्राईवेट लिमिटेड की ओर से घर-घर से कूड़ा एकत्र किया जाता है, इस काम के लिए 76 टिप्पर लगाए गए हैं, जो प्रातः 6 बजे से बाद दोपहर तक कूड़ा उठाने का काम करते हैं, 24 रिक्शा-रेहड़ी व 10 ई-टिप्पर भी लगाए गए हैं। घरों के साथ-साथ कॉमर्शियल एरिया से भी कूड़ा एकत्र किया जाता है। शहर में गीला व सूखा कचरा अलग-अलग लेने के लिए विशेष जागरूकता अभियान जारी है। इसके तहत अब तक वार्ड नम्बर-8, 9, 10, 11 व 12 से गीला व सूखा, अलग-अलग कूड़ा एकत्र किया जा रहा है। वार्ड-17, 18, 19 व 20 में जागरूकता अभियान चल रहा है।
बेहतर स्वच्छता के लिए अपना रहे नए तौर-तरीके- निगमायुक्त अभिषेक मीणा ने शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता को बताया कि करनाल को साफ सिटी-सेफ सिटी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## सीजेएम जसबीर कौर ने किया सेफ हाउस का निरीक्षण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**भागे हुए** जोड़ों और लिव इन रिलेशनशिप में एक साथ रहने वालों को संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत गारंटीकृत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन में सीजेएम जसबीर कौर ने निरीक्षण के लिए पुलिस लाइन स्थित सेफ हाउस का बुधवार को दौरा किया। उनका उद्देश्य जिला स्तर पर ऐसे जोड़ों द्वारा सामना की जाने वाली शिकायतों को दूर करना था, ताकि उन्हें मदद के लिए उच्च न्यायालय जाने के लिए मजबूर न होना पड़े।



उन्होंने बताया कि सेफ हाउस में कुल 10 जोड़े ठहरे हुए हैं। सेफ हाउस के परिसर के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि विवाहित जोड़ों को केवल एक ही कमरा आर्वंटित किया गया था। उन्हें बिस्तर उपलब्ध नहीं कराया गया। कमरे में कोई पार्टीशन नहीं है। जोड़ों को व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से बातचीत की गई। उन्हें सूचित किया गया कि जांच अधिकारियों द्वारा बयान दर्ज करने के दौरान यदि उन्हें कोई समस्या आ रही है तो वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सलाह ले सकते हैं। सेफ हाउस में भोजन की लागत जोड़ों से ली जाती है। कपल्स को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराई गई थी। सीजेएम ने सेफ हाउस के इंचार्ज को परिसर को साफ-सुथरा रखने के निर्देश दिए। उन्हें उनके कानूनी अधिकारों के बारे में भी जागरूक किया गया। उन्हें आसपास साफ-सफाई रखने की समझाइश दी। रनवे कपल्स से बातचीत के दौरान किसी भी कपल की ओर से उनके ठहरने और सुरक्षा को लेकर कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। ऐसा कोई भी भागा हुआ जोड़ा डीएलएसए के कार्यालय में कार्यरत किसी भी सहायता के लिए संपर्क कर सकता है।

## धर्म के साथ राजनीति हमेशा अनिष्टकारी होती है : आचार्य पुष्पदंत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**देश के** जाने माने जैन मुनि आचार्य पुष्पदंत सागर जी महाराज ने कहा है कि धर्म के मार्गदर्शन में राजनीति हमेशा देश और समाज के लिए मंगलकारी होती है, लेकिन धर्म के साथ राजनीति हमेशा अनिष्टकारी होती हैं। उन्होंने कहा कि धर्म निरपेक्ष का मतलब सभी धर्मों का सम्मान और आदर करना होता है। धार्मिक संतों और राजनेताओं को अपनी मयार्दा की सीमा नहीं लांघना चाहिए।
जैन आचार्य आज करनाल में सैक्टर-12 स्थित नए मंदिर के शिलान्यास स्थल पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार और मूल्यों के साथ नैतिकता का समावेश होना जरूरी है। शिक्षा अच्छा नागरिक बनाती है, पैसे कमाने की मशीन नहीं। इस दिशा में वह काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जैन धर्म मानव को भगवान बनाना सिखाता है। उन्होंने कि राम का मतलब भगवान रिषभनाथ से भगवान महाबीर तक का काल खंड़ है। इसी कालखंड में भगवान राम भी पैदा हुए। उन्होंने सम्मेदर शिखर को जैन धर्म का सनातन तीर्थ बताया। हमेशा सभी धर्मों का आदर करना चहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं के भटकाव के पीछे अति आधुनिकता दोषी है। युवा पीढ़ी के आगे अति आधुनिकता परोस दी है।

## जिला में लगभग साढ़े 6 करोड़ के ऋण करवाए गए मुहैया

### स्ट्रीट वेंडर्स और पथ विक्रेताओं के लिए वरदान साबित हो रही पीएम स्वनिधि योजना : यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**उपायुक्त अनीश** यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना स्ट्रीट वेंडरों व पथ-विक्रेताओं के जीवन उत्थान में बहुत ही कारगर साबित हो रही है। इस योजना से उनके परिवार की समृद्धि के द्वार खुल रहे हैं और गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों का जीवन स्तर ऊंचा उठ रहा है। इससे गरीब परिवारों के लोग समाज की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं। उपायुक्त ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में शहरी क्षेत्र के गरीब एवं जरूतमंद व्यक्तियों को अपना व्यवसाय बेहतर करने के लिए प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना चलाई जा रही है। इसमें रेहड़ी व फड़ी संचालकों का कार्य करने वाले लोगों को 10 हजार रुपए से लेकर 50 हजार रुपए तक का ऋण मुहैया करवाया जाता है। इसी में स्वनिधि से स्मृद्धि योजना है, जिसमें समय पर ऋण अदा करने वालों को सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने वाली केंद्र सरकार की आठ प्रमुख योजनाओं जैसे पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जन धन योजना, पीएम श्रम योगी मानधन योजना, बीओसीडब्ल्यू के अंतर्गत पंजीकरण, वन नेशन-वन राशन कार्ड, जननी सुरक्षा योजना व पीएम मातृ वंदना योजना से जोड़ा गया है, जो इनका लाभ ले सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना के तहत रेहड़ी व फड़ संचालकों को उनका कार्य शुरू करवाने के लिए दस हजार रुपए ऋण मुहैया करवाया जाता है, जो 12 आसान किस्तों में चुकाना होता है। इसमें 7 प्रतिशत ब्याज केंद्र सरकार और 2 प्रतिशत ब्याज हरियाणा सरकार वहन करती है। इसके अलावा लाभार्थियों द्वारा डिजीटल लेन देन करने पर हर महीना 100 रुपए इनके खाते में आते हैं, यानि इनकी ब्याज राशि एक तरह से माफ हो जाती है। उन्होंने बताया कि दस हजार रुपए का समय पर ऋण अदा करने वाले 20 हजार रुपए ऋण ले सकते हैं, जो कि उनको 18 महीने में चुकाना होता है और यह ऋण समय पर अदा करने पर वे 50 हजार रुपए का ऋण ले सकते हैं, जो उनको 36 महीने के लिए दिया जाता है। जिला के शहरी क्षेत्र में अब तक 7696 पंजीकृत स्ट्रीट वेंडर्स व पथ विक्रेताओं में से 3988 आवेदकों को 10 हजार, 1588 को 20 हजार और 220 आवेदकों को 50 हजार रुपए के ऋण देते हुए कुल 6 करोड़ 43 लाख 50 हजार रुपये मुहैया करवाए गए हैं।

# संपादकीय

## सुरक्षित रेल यात्रा हो रेलवे की प्राथमिकता

**ओडिशा** के बालासोर रेल हादसे ने देशवासियों को अंदर तक हिला दिया है। पूर्व में भी ऐसी कई दर्दनाक घटनाएं घटित हुई, जिसमें जान-माल का भारी नुकसान हुआ। पिछले कई वर्षों से मामूली दुर्घटनाएं तो प्रकाश में आती रही, लेकिन किसी बड़े दुखद हादसे की खबर सुर्खी नहीं बनी। वास्तव में रेलवे के नवीनीकरण की दिशा में पिछले एक दशक से बड़ी तेजी से काम हो रहा है। कोरोना काल में जब रेल सेवाएं बंद थी, उस समय रेल के आधुनिकीकरण की दिशा में तेजी देखने को मिली। रेलवे मंत्रालय यात्री सुविधाएं बढ़ाने और आधुनिकीकरण के लिए कई योजनाएं पर काम कर रहा है, लेकिन इन सबके बीच बालासोर रेल हादसे ने रेल यात्रा की सुरक्षा पर गहरे सवाल खड़े कर दिए हैं। बीते तीन दशकों में ऐसी घोर भयावह, जानलेवा, त्रासद रेल दुर्घटना नहीं देखी गई। बालासोर जिले की रेल दुर्घटना अपनी किस्म की अभूतपूर्व त्रासदी है। वैसे यह तीसरा सबसे बड़ा, भयानक और त्रासद रेल हादसा है, क्योंकि तीन रेलगाडियों की टक्कर अभूतपूर्व और अकल्पनीय है। रेल आम आदमी का आसान और सुरक्षित सफर माना जाता रहा है। दुर्घटनाएं भी कम हुई हैं। लाखों यात्री हररोज रेल के जरिए ही आवागमन करते हैं। देश का रेल रूट 68,103 किलोमीटर लंबा है। हम विश्वस्तरीय रेलवे हैं। बालासोर हादसे में 288 मौतें हो चुकी हैं और 1116 लोग घायल हैं। अस्पतालों में उनका इलाज जारी है। करीब 56-58 यात्रियों की हालत गंभीर बताई गई है, लिहाजा मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है। हावड़ा से चेन्नई जाने वाली कोरोमंडल एक्सप्रेस ट्रेन में और बेंगलुरू से हावड़ा जाने वाली दुरंतो सुपरफास्ट रेलगाड़ी में सवार यात्री आश्वस्त थे। कोई अपने घर, गांव जा रहा था, तो किसी को अपने गन्तव्य तक पहुंचना था। किसी के घर में समारोह था अथवा किसी को मुद्दत के बाद परिजनों से मिलना था। तीन रेलगाडियों की टक्कर ने सब कुछ चकनाचूर कर दिया। किसी की बाजू रह गई, किसी की टांग ही शेष रही, तो किसी का चेहरा ही विकृत हो गया। यात्री बोगियों के बीच फंस गए, तो कुचले गए। टीवी चैनलों पर दृश्य देखे, तो मन विचलित हो उठा। वेदना ने तालू चिपका दिया। क्या भारतीय रेल इतनी असुरक्षित है? क्या किसी मानवीय चूक और मैकेनिकल नाकामी के कारण इतनी बड़ी और वीभत्स मानवीय त्रासदी हुई? क्या तकनीकी स्तर और रेलवे स्टेशन पर स्थित नियंत्रण-कक्ष की प्रौद्योगिकी में हम इतने अक्षम हैं कि रेल हादसे नहीं रोक सकते? इस हादसे पर एंटी कोलिजन डिवाइस का मुद्दा पूर्व रेल मंत्री ममता बनर्जी ने उठाया है और विशेषज्ञ भी रेलवे के सुरक्षा कवच पर सवाल कर रहे हैं। दरअसल यह कवच 2020 में लागू किया गया था। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कवच का परीक्षण और प्रयोग देखा था, तो खूब तालियां बजाई थीं और कवच को संचालित करने वालों की पीठ थपथपाई थी। दरअसल इस कवच की हकीकत यह है कि 31 दिसंबर, 2022 तक 1455 किलोमीटर रूट ही कवच से कवर किया जा सका था। यानी 95 फीसदी से ज्यादा रेल रूट कवचहीन है। देश में 13,215 रेल इंजन हैं। इनमें से सिर्फ 65 में ही कवच की व्यवस्था है। रेल के 19 जोन में से 18 में एक भी कवच सिस्टम नहीं है। विशेषज्ञ कह रहे हैं कि यदि कवच होता, तो दूरंतो का इंजन 400 किमी पहले ही रुक जाता।

# सावधान ! मोबाइल बन रहा बच्चों की जान का दुश्मन

अशोक भाटिया

> "सामाजिक विकास और आधुनिकीकरण की दृष्टि से यह काफी सुखद स्थिति थी। मोबाइल फोन्स ने हजारों किलोमीटर दूर बैठे लोगों से आमने-सामने बैठकर बात करने को बस एक क्लिक की दूरी तक सीमित कर दिया पर जहां अच्छाई है, वहां बुराई का जन्म लेना स्वाभाविक भी है. मोबाइल फोन्स के साथ भी यही स्थिति है। बच्चों में इसकी बढ़ती सहज उपलब्धता समय के साथ भयानक रूप लेती जा रही है, इतनी भयानक कि जिस उम्र के बच्चों को भगवान का रूप माना जाता है वह हैवान और कातिल तक बनते जा रहे हैं। कुछ ऐसा ही घटा छत्तीसगढ़ के बिलासपुर शहर में जहां मोबाइल फोन छीने जाने से नाराज बच्चे ने फांसी लगा ली । दिल्ली में कंपनी सेक्रेटरी की पढ़ाई कर रही थी. घटना के दौरान माता-पिता व दूसरा भाई हिमांशु शादी में यूपी के गोरखपुर गए थे"



**3 अप्रैल** 1973, विश्व इतिहास के लिए सबसे क्रांतिकारी दिनों में से एक है। इसी दिन मार्टिन कूपर नामक इंजीनियर ने पहली बार मोबाइल फोन से बातचीत की थी। करीब पांच दशक पहले इस दिन शायद किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि यही मोबाइल एक दिन बच्चे-बच्चे के हाथ में होगा हालांकि समय बीता और तकनीकी विकास ने उस अकल्पनीय सोच को सत्य में परिवर्तित कर दिया। सामाजिक विकास और आधुनिकीकरण की दृष्टि से यह काफी सुखद स्थिति थी। मोबाइल फोन्स ने हजारों किलोमीटर दूर बैठे लोगों से आमने-सामने बैठकर बात करने को बस एक क्लिक की दूरी तक सीमित कर दिया पर जहां अच्छाई है, वहां बुराई का जन्म लेना स्वाभाविक भी है. मोबाइल फोन्स के साथ भी यही स्थिति है। बच्चों में इसकी बढ़ती सहज उपलब्धता समय के साथ भयानक रूप लेती जा रही है, इतनी भयानक कि जिस उम्र के बच्चों को भगवान का रूप माना जाता है वह हैवान और कातिल तक बनते जा रहे हैं।

कुछ ऐसा ही घटा छत्तीसगढ़ के बिलासपुर शहर में जहां मोबाइल फोन छीने जाने से नाराज बच्चे ने फांसी लगा ली । दिल्ली में कंपनी सेक्रेटरी की पढ़ाई कर रही थी. घटना के दौरान माता-पिता व दूसरा भाई हिमांशु शादी में यूपी के गोरखपुर गए थे. घर पर बहन-भाई प्रयांशु और अनन्या थे. बड़ी बहन अनन्या ने प्रियांशु को फोन छोड़कर पढ़ाई करने के लिए कहा तो उसको गुस्सा आ गया और उसने गला दबाकर अपनी बहन की हत्या कर दी. उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मोबाइल गेम खेलने से रोकने के कारण 16 साल के बच्चे ने अपनी मां की ही हत्या कर दी। न सिर्फ हत्या की बल्कि शव को दो दिनों तक घर में छिपाकर भी रखा। इस तरह की आपराधिक मानसिकता किसी बच्चे में कैसे विकसित हो सकती है, यह निश्चित ही गंभीर और चिंताजनक बात है। ये कोई अकेली घटनाए भी नहीं है, कई अन्य देशों की रिपोर्ट उठा कर देख लीजिए तो इसी तरह के दर्जन भर से अधिक मामले देखने को मिल जाएंगे। ऐसे में सवाल यह है कि आखिर इस तरह की मानसिकता के पीछे का कारण क्या है? क्या खुद के लिए थोड़ा समय निकालने के चक्कर में हम बच्चों के हाथ में उनके ही विनाश की चाभी थमा रहे है? इन घटनाओं के पीछे के कारणों के बारे में पता चलता है कि बच्चा मोबाइल गेम का लती हो चुका थे । इससे पहले भी कई गेम्स के कारण भी कई जानलेवा मामले सामने आ चुके हैं। सारा ठीकरा इन्हीं पर क्यों फोड़ना, इंटरनेट-मोबाइल में इसी तरह के और भी कई गेम्स हैं जिन्हें मनोवैज्ञानिक रूप से आक्रामक प्रवृत्ति विकसित करने वाला माना जाता है, इतना आक्रामक कि बच्चा किसी की जान तक ले ले।

मोबाइल गेम्स की लत ने बच्चों के स्वभाव को आपराधिक और गुस्सैल बना दिया है। वैश्विक स्तर पर गेम के कारण जानलेवा प्रवृत्ति के कई मामले देखने के मिले हैं। इसी साल जनवरी में मोबाइल गेम की लत वाले एक बच्चे ने अपनी मां सहित 3 भाई-बहनों की हत्या कर दी थी। वाशिंगटन में भी इसी तरह के मामले देखे गए। भारत के संदर्भ में बात करें तो ऐसे मामले अक्सर रिपोर्ट किए जाते रहे हैं। सितंबर 2019 में कर्नाटक में 21 साल के नवयुवक ने अपने पिता की हत्या सिर्फ इसलिए कर दी क्योंकि उन्होंने मोबाइल गेम खेलते समय मोबाइल छीन लिया था। जुलाई 2021 में इसी तरह बंगाल में मोबाइल गेम को लेकर हुई बहस में एडिक्टेड युवक ने अपने भाई की हत्या कर दी थी। ऐसे कइयों मामले हैं, जो इस बात की तरफ इशारा करते हैं कि बच्चों में मोबाइल फोन्स की बढ़ती सहज उपलब्धता और आक्रामक गेम्स की लत काफी गंभीर रूप लेती जा रही है। पीएमसी जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि मोबाइल गेम की लत, हत्या और आत्महत्या की प्रवृत्ति को बढ़ावा देती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि किशोरों और वयस्कों में मनोवैज्ञानिक पूर्वाग्रह की स्थिति हो सकती है। इस तरह के वीडियोगेम्स पर दिन में कई घंटे बिताना मस्तिष्क की प्रवृत्ति को इस खेल के रूप में परिवर्तित करती जाती है। ऐसे गेम्स आक्रामकता को बढ़ावा देते हैं ऐसे में इसकी लत गंभीर हो सकती है। मोबाइल गेम्स के कारण बढ़ते आक्रामक व्यवहार के बारे में मनोचिकित्सकों का कहना है कि बालपन-युवावस्था में हम जिस तरह की चीजों का अधिक देखते, सुनते और पढ़ते हैं, उसका दिमाग पर सीधा असर होता है। मोबाइल गेम्स के साथ भी यही मामला है। ये लत का कारण बन जाते हैं और एडिक्शन के कोर में व्यावहारिक परिवर्तन प्रमुख होता है। अगर घरवाले इसे अचानक से छुड़ाने की कोशिश करते हैं, तो यहां विड्रॉल की स्थिति में आ जाती है, उसी तरह जैसे अल्कोहल विड्रॉल होता है जिसमें अगर किसी शराबी से अचानक शराब छुड़वाई जाए तो उसके व्यवहार में आक्रामक परिवर्तन हो सकता है। मनोचिकित्सक कहते हैं, बच्चे में ऑब्जर्वेशन लर्निंग की क्षमता अधिक होती है। बच्चे स्वाभाविक रूप से किसी चीज को समझने से ज्यादा चीजों को देखकर सीखने में अधिक निपुड़ता वाले होते हैं। ऐसे में अगर बच्चे का समय मोबाइल फोन्स पर अधिक बीत रहा है, साथ ही वह हिंसक गेम्स पर अधिक समय बिता रहे हैं तो इसका सीधा असर मस्तिष्क को प्रभावित करता है। मोबाइल-वीडियो गेम्स का नेचर बच्चों को और प्रभावित करता है क्योंकि गेम खेलते समय आपका पूरा ध्यान टास्क पर होता है। ऐसे में अगर इसकी प्रवृत्ति हिंसात्मक, मार-पीट, गोली-बारी वाली है तो यह बच्चे के दिमाग को उसी के अनुरूप परिवर्तित करने लगती है। रोज घंटों मोबाइल में इस तरह के गेम्स पर समय बिताने से बच्चों में इसकी लत लग जाती है। लत का मतलब, उस गेम के बिना वह रह नहीं पाते, इस दौरान जो भी उन्हें उस गेम से दूर करने की कोशिश कर रहा होता है, वह बच्चों का दुश्मन बन जाता है। इस तरह के विकारों से बच्चों को मुक्त रखने के लिए माता-पिता को बच्चों की मॉनिटरिंग करते रहना जरूरी हो जाता है। आप देखिए कि बच्चे कि तरह का व्यवहार कर रहे हैं, किस तरह के गेम्स खेल रहे हैं, उनका दूसरों के साथ व्यवहार कैसा है? मोबाइल फोन्स से बच्चों की बढ़ती दोस्ती को स्वास्थ्य विशेषज्ञ, बेहद अस्वास्थ्यकर मानते हैं। यह न सिर्फ बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक आदत है साथ ही इससे शारीरिक समस्याओं का खतरा भी काफी बढ़ जाता है। बच्चों के मोबाइल फोन्स पर अधिक समय बिताने की आदत को स्वास्थ्य विशेषज्ञ कई प्रकार से हानिकारक मानते हैं। मोबाइल फोन पर बहुत अधिक समय बिताने के कारण बच्चों में शारीरिक निष्क्रियता बढ़ती जाती है, जो मोटापा और अन्य आंतरिक स्वास्थ्य जटिलताओं के जोखिम को बढ़ाती है। इसके अलावा अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन जर्नल के अनुसार, मोबाइल के अधिक इस्तेमाल से मस्तिष्क और शरीर के अन्य भागों पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। मोबाइल फोन्स की लत को अध्ययनों में विशेषज्ञ कैंसर, मस्तिष्क पर नकारात्मक प्रभाव, ट्यूमर जैसी समस्याओं को बढ़ावा देने वाला मानते हैं। इसके अलावा मोबाइल पर ज्यादा समय बिताने वाले बच्चों में नींद की कमी और नींद की गुणवत्ता में गिरावट जैसी दिक्कतें अधिक देखने को मिली हैं। शोध से पता चलता है कि सेल फोन की नीली रोशनी मेलाटोनिन के उत्पादन में बाधा डालती है। मेलाटोनिन वह हार्मोन है जो नींद-जागने के चक्र को नियंत्रित करता है (जिसे सर्केडियन रिदम भी कहा जाता है)। जब यह हार्मोन असंतुलित हो जाता है, तो इसके कारण नींद संबंधित विकारों की शिकायत बढ़ जाती है। नींद की कमी को अध्ययनों में कई प्रकार के गंभीर रोगों का कारक माना जाता है। बच्चों सहित सभी आयुवर्ग के लोगों में बढ़ते मोबाइल के इस्तेमाल को विशेषज्ञ मानसिक स्वास्थ्य के लिहाज से भी काफी हानिकारक मानते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक पहले के समय में बच्चे बाहर खेलते थे, प्रकृति के साथ जुड़ाव था, एक दूसरे से मिलते थे। वहीं अब मोबाइल ने इन सभी आदतों को सीमित कर दिया है लिहाजा बच्चों में कई तरह की मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं विकसित होने लगी हैं।

# कविता

## नारी : अबला नहीं सबला

कोमल है पर लाचार नहीं तू
तू तो मूरत है शक्ति के अवतार की
किसी गुलाब का मोहताज नहीं तू
तू तो बागबान है इस कायनात का
हौसले से भरती है ऊंची उड़ान
ना कोई शिकायत न कोई थकान
सबके जीवन का आधार है वो
मत करना तुम नारी का अपमान
नारी गौरव है, सम्मान है,
आदि शक्ति का दूजा नाम है
नारी के ही द्वारा रचित ये विधान है,
हे नारी शक्ति तुझे शत-शत प्रणाम है
बेटी-बहू कभी माँ बनकर,
सबके सुख - दुःख को सहकर
वो अपने फर्ज निभाती है,
वो नारी शक्ति कहलाती है
मुस्कुराकर दर्द भुलाकर,
रिश्तों में बंद थी दुनिया सारी,
हर पथ को रोशन करने वाली वो शक्ति है एक नारी
अबला नहीं सबला है, शक्ति का नाम नारी है
जग को जीवन देने वाली मौत भी उससे हारी है।

आर्यन मिश्रा

## चिंता का विषय है महासागरों में

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**महासागर** हमारी पृथ्वी पर न सिर्फ जीवन के प्रतीक है बल्कि पर्यावरण संतुलन में भी प्रमुख भूमिका अदा करते है। पृथ्वी पर जीवन का आरंभ महासागरों से माना जाता है। महासागरो में असीम जैव विविधता का भंडार समाया है। पृथ्वी का लगभग 70 प्रतिशत भाग महासागरों से घिरा है। पृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का लगभग 97 प्रतिशत जल महासागरों में समाया हुआ है। महासागरों की विशालता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यदि पृथ्वी के सभी महासागरों को एक विशाल महासागर मान लिया जाए तो उसकी तुलना में पृथ्वी के सभी महाद्वीप एक छोटे द्वीप से प्रतीत होंगे। हर साल जून 8 को दुनिया भर में विश्व महासागर दिवस मनाया जाता है। 1987 में ब्रंटलैंड की एक रिपोर्ट में टिप्पणी की गयी थी की विश्व के जो महासागर हैं उन पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसी रिपोर्ट से प्रेरित होकर कनाडा ने विश्व महासागर दिवस मानाने का प्रस्ताव रखा। 1992 में कनाडा के इंटरनेशनल सेंटर फॉर ओशन डेवलपमेंट ने इस दिवस को मानाने का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र के एक सम्मेलन अर्थ समिट में रखा था। 8 जून 2009 को पहला विश्व महासागर दिवस मनाया गया। इसके बाद से प्रतिवर्ष 8 जून को विश्व महासागर दिवस मनाया जाता है। हर साल विश्व महासागर दिवस के अवसर पर विश्व में महासागर से जुड़े विषयों पर विभिन्न आयोजन किए जाते हैं। जो महासागर के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं के प्रति जागरूकता पैदा करने में मुख्य भूमिका निभाते हैं। आज जब विश्व की कुल जनसंख्या का 30 प्रतिशत तटीय क्षेत्रों में निवास करता है तो ऐसी स्थिति में महासागर उनके लिए खाद्य पदार्थों का प्रमुख स्त्रोत साबित हो सकते हैं। सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण होने के कारण महासागर अत्यंत उपयोगी हैं। पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व यहां उपस्थित वायुमंडल और महासागरों जैसे कुछ विशेष कारकों के कारण ही संभव हो पाया है। अपने आरंभिक काल से आज तक महासागर जीवन के विविध रूपों को संजोए हुए हैं। पृथ्वी के विशाल क्षेत्र में फैले अथाह जल का भंडार होने के साथ ही महासागर अपने अंदर व आसपास अनेक छोटे-छोटे नाजुक पारितंत्रों को पनाह देते हैं। जिससे उन स्थानों पर विभिन्न प्रकार के जीव-जंतु व वनस्पतियां पनपती हैं। महासागर खाद्य पदार्थों का एक प्रमुख स्त्रोत होने के कारण हमारी अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की मदद से महासागरों से पेट्रोलियम सहित अनेक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधनों को निकाला जा रहा है। इसके अलावा जलवायु परिवर्तन सहित अनेक मौसमी घटनाओं को समझने के लिए समुद्रों का अध्ययन भी महत्वपूर्ण है। पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति महासागरों में ही हुई है। आज भी महासागर जीवन के लिए

# विचार

## रेल विकास: दर्पण झूठ न बोले

निर्मल रानी

**भारतीय** रेल के इतिहास में गत 2 जून की शाम ओडिशा के बालासोर में हुआ भीषण ट्रेन हादसा अब तक देश में हुये भयंकरतम ट्रेन हादसों के रूप में अपना नाम दर्ज करा गया। लगभग 300 लोगों की जान लेने व लगभग 900 लोगों को घायल कर देने वाले इस रेल हादसे के अगले ही दिन ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस भीषण दुर्घटना के मद्देनजर एक दिन के राजकीय शोक घोषित किया जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित अनेक मंत्रियों ,उच्चाधिकारियों ने दुर्घटनास्थल का दौरा किया। दुर्घटना की जांच लापरवाही,यांत्रिक खामियां या साजिश का नतीजा थीं, इन सभी कोणों से की जा रही है। इस दुर्घटना के बाद सरकार की खूब आलोचना भी हो रही है और निश्चित रूप से विपक्ष को इस भीषण ट्रेन हादसे के रूप में एक मुद्दा भी हाथ लग गया है। इतिहास के पिछले पन्ने पलटने पर यक़ीन रखने वाली इस सरकार को लोग रेल इतिहास की वह दुर्घटना भी याद दिला रहे हैं जिसके बाद तत्कालीन रेल मंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने रेल दुर्घटना की जिम्मेदारी खुद पर लेते हुये मंत्री पद से त्याग पात्र दे दिया था।

पिछले कुछ समय से वर्तमान सरकार रेल संबंधी विकास कार्यों को भी कुछ उसी अंदाज में पेश कर रही थी गोया रेल विकास भी भारत में अब मोदी काल में ही होना शुरू हुआ है। एक एक वंदे भारत ट्रेन को प्रधानमंत्री स्वयं झंडी दिखाकर रवाना कर रहे हैं और ऐसे प्रत्येक अवसर पर रेल विकास की महिमा का बखान किया जाता है। जिस देश में दशकों से राजधानी,शताब्दी,संपर्क क्रांति,दूरंतो,तेजस जैसी 130 से लेकर 150 किमी / घंटा की गति से दौड़ने वाली ट्रेन्स की सीरीज सफलता से चल रही हो और देश के यात्रियों को अपनी सेवाएं देती आ रही हो वहाँ वन्दे भारत को सबसे तेज व आधुनिक बताकर पिछली सरकारों की उपलब्धियों को धुंधला करने की कोशिश की जाती है। पैसेंजर ट्रेन्स को मेल बताकर जनता से तीन गुना किराया वसूल कर और वरिष्ठ नागरिकों को किराये में मिलने वाली छूट समाप्त कर रेल कमाई में इजाफे का ढोल पीटा जाता है। वंदे भारत एक्सप्रेस के बारे में बताया गया है कि यह देश की सबसे तेज गति वाली ट्रेन है। इसकी गति सीमा 160 /180 किलोमीटर प्रति घंटे है। और भविष्य में इसके 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से भी दौड़ने की योजना है। अब जरा रेल ट्रैक की हक़ीक़त देखें तो यही वंदे भारत एक्सप्रेस मथुरा में तीसरे ट्रायल में ही नीलगाय से टकरा गयी थी। इसके बाद वंदे भारत गुजरात के अतुल रेलवे स?टेशन के पास ट्रेन के सामने बैल आ जाने से टक्करा गयी। इससे ट्रेन का आगे का हिस्सा टूट गया था। यही तीव्र गति वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन गांधीनगर से जाते समय वडोदरा सेक्शन में आनंद स्टेशन के पास ट्रेन के आगे गाय आने से टकरा गयी। उसी तरह एक बार वंदेभारत अहमदाबाद रेलवे स्टेशन के पास भैंसों के झुंड से टकरा गयी थी। इस हादसे में चार भैंसों की मौत हो गई थी और ट्रेन का सामने का हिस्सा टूट गया था। दिल्ली से वाराणसी जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस में एक बार तकनीकी त्रुटि आने के बाद ट्रेन के पहिए जाम हो गए थे। तब ट्रेन लगभग 5 घंटे खुर्जा स्टेशन पर रुकी रही। बाद में यात्रियों को शताब्दी एक्सप्रेस से उनके गंतव्य तक भेजा गया । क्या वनदे भारत के रेल ट्रैक को पूर्ण सुरक्षित रेल ट्रैक कहा जा सकता है ? उधर वंदे भारत से भी आगे बढ़कर देश तीव्रगामी बुलेट ट्रेन की भी प्रतीक्षा कर रहा है। जापानी प्रधानमंत्री के साथ तीव्रगामी बुलेट ट्रेन के समझौता शो को भी देश देख ही चुका है। इन परिस्थितियों में सबसे अहम सवाल यह है कि जब देश की अधिकांश रेल लाइनें खुली हुई हैं। जहाँ हाथी,गाय भैंस व अन्य जानवर आये दिन कट कर मरते हों व ट्रेन को भी नुक़्सान पहुंचते हों। जहां पूरी की पूरी रेल लाइन चोरी हो जाने की खबरें आती हों। जहाँ नक्सल वादी व अन्य लुटेरे लोग ट्रेन में डकैतियें डाल सकते हों व रेल लाइन को क्षतिग्रस्त कर सकते हों।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## वेडिंग ड्रेस डिजाइनर - वेडिंग ड्रेस डिजाइनर कैसे

वेडिंग ड्रेस डिजाइनर एक फैशन डिजाइनर है जो शादी के कपड़े के डिजाइन और निर्माण में माहिर है। वेडिंग ड्रेस डिजाइनर फैशन कंपनियों के लिए या स्वतंत्र रूप से काम कर सकते हैं। शादी के कपड़े कई तरीकों से उत्पादित और विपणन किए जा सकते हैं और बड़े पैमाने पर उत्पादित या व्यक्तिगत रूप से डिजाइन किए जा सकते हैं। आजकल फैशन इच्छुक उम्मीदवारों के लिए करियर के रूप में दुनिया के सबसे लोकप्रिय व्यवसायों में से एक है। इसने आय के साथ-साथ आनंद भी दिया जब वे विभिन्न फैशन डिजाइनिंग कंपनियों के लिए अलग-अलग रैंप-वॉक में भाग लेते हैं। शादी की पोशाक डिजाइनर पात्रता वेडिंग ड्रेस डिजाइनर बनने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता फैशन डिजाइन में स्नातक डिग्री प्रोग्राम है। शादी की पोशाक डिजाइनर आवश्यक कौशल वेडिंग ड्रेस डिजाइनर के लिए यह आवश्यक है कि उसके पास चित्र बनाने और सिलने की क्षमता हो। उन्हें अपने डिजाइनों के पैटर्न के साथ-साथ ग्राफिक डिजाइन सॉफ्टवेयर बनाने के लिए कंप्यूटर-एडेड डिजाइन सॉफ्टवेयर से भी अच्छी तरह वाकिफ होना चाहिए। शादी की पोशाक डिजाइनरों को भी अपने कपड़े और व्यापार को बाजार और बढ़ावा देने की आवश्यकता होती है। ग्राहकों के साथ प्रभावी ढंग से बातचीत करने के लिए संचार कौशल आवश्यक हैं। वेडिंग ड्रेस डिजाइनर्स के पास अपने शिल्प में सफल होने के लिए कुछ कौशल होने चाहिए जैसे कि एक सौंदर्यवादी नजर, सिलाई और पैटर्न बनाने का कौशल, रचनात्मकता और संचार कौशल। उन्हें एक टीम या सहायक के साथ काम करने में सक्षम होना चाहिए। वेडिंग ड्रेस डिजाइनर कैसे बनें? वेडिंग ड्रेस डिजाइनर बनने के लिए नीचे दिए गए चरणों का पालन करना होगा- स्टेप 1 छात्र अपनी 12वीं कक्षा के बाद और फैशन डिजाइनर बनने के इच्छुक हैं, जिसमें स्नातक की डिग्री के लिए जाना भी शामिल है क्योंकि इसे इसके लिए बुनियादी शिक्षा योग्यता माना जाता है। स्नातक डिग्री पाठ्यक्रमों के लिए अधिकांश संस्थान अपने नियमों और विनियमों के अनुसार प्रवेश परीक्षा आयोजित करते हैं। प्रत्येक कॉलेज/विश्वविद्यालय समय-समय

## एशिया-प्रशांत क्षेत्र: नाटो की आहट और चीनी

@ **कमलेश पांडेय**

जब आप दूसरों को परेशान करने की योजना बनाते हैं, इस बारे में अनवरत रूप से सोचते-गुनते रहते हैं तो आपको उस स्थिति की भी कल्पना कर लेनी चाहिए, जो कि प्रतिक्रिया स्वरूप आपको नाहक ही सौगात में मिलेगी। न्यूटन का तीसरा नियम भी कहता है कि प्रत्येक क्रिया के बराबर विपरीत प्रतिक्रिया होती है। चीन-अमेरिकी खलनीति जिसे दुनिया कूटनीति समझती है, के ऊपर भी यही बातें लागू होती हैं। भारतीय चाणक्य नीति के सामने इनकी बेचारगी देखते ही बनती है। मसलन, एशिया-प्रशांत क्षेत्र में नाटो जैसे गठजोड़ की जो कोशिश अमेरिका कर रहा है, उससे विस्तारवादी देश चीन का चिंतित होना स्वाभाविक है। खासकर तब जब रूस के पड़ोसी देश यूक्रेन की तरह ही चीन के पड़ोसी देश भारत की भी दिलचस्पी नाटो की सदस्यता लेने में दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हो। भारत के अलावा ताइवान भी तो यही चाहता है। इस कड़ी में और कई देश कतारबद्ध हो सकते हैं यदि अमेरिका और यूरोपीय देश ईमानदारी पूर्वक प्रयास करें तो। एक बात और, भारत को पता है कि उसका ऐसा कोई भी कदम रूस को नागवार गुजरेगा। लेकिन चीन जो मूर्खतापूर्ण चालें भारत के खिलाफ चलता आया है, चलता रहता है, उसके दृष्टिगत वह रूस को समझाने में सफल रहेगा कि बढ़ती चीनी चुनौतियों के मद्देनजर और चीन-पाकिस्तान के बीच बढ़ते आर्थिक व सैन्य सहयोग के परिप्रेक्ष्य में उसके पास इसके शिवाय कोई अन्य चारा भी नहीं बचा है, क्योंकि आप चीन के खिलाफ खुले तौर पर हमारा साथ नहीं दे पाएंगे। कहना न होगा कि यह नौबत इसलिए आ रही है कि भारत के विरूद्ध चीनी हरकतों को रोकने में रूस या तो अपने पूर्ण प्रभाव का इश्तेमाल नहीं कर पाया है या फिर चीन उसे भी भुलावे में रखकर भारत को नियंत्रित करने का मंसूबा पाले हुए है और वक्त वेवक्त तरह तरह के तिकड़म करता रहता है। इसलिए यह सवाल सहज ही लोगों के जेहन में उठ रहा है कि तो क्या अब चीन भी भारत में वही करने की तैयारी में जुटा हुआ है, जो रूस महत्वाकांक्षी देश यूक्रेन के खिलाफ युद्ध थोपकर पूरी दुनिया को

# 'जल का सदुपयोग ही जल बचाव का सही तरीका'

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**जन स्वास्थ्य** एवं अभियांत्रिकी विभाग के उपमण्डल-एक के एसडीओं अंकूश सहगल ने कहा कि जल का सदपयोग ही जल बचाव का सही तरीका है। जल जीवन के लिए बहुत उपयोगी है। इसलिए इसके संरक्षण के साथ-साथ जरूरत अनुसार इसका प्रयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों को पेयजल की बेहत्तर आपूर्ति मिले इसके लिए विभाग प्रयासरत है।

उन्होंने कहा कि उपमण्डल-एक के अन्तर्गत 86 ग्राम पंचायत व इनके अन्तर्गत आने वाले गांव तथा नगरपालिका नारायणगढ़ क्षेत्र आता है। नारायणगढ़ शहरी क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति के लिए 19 टयूबैल और एक बुस्टिंग स्टेशन से सप्लाई की जा रही है। शहरी क्षेत्र में गर्मी के मौसम



में टयूबैल सुबह व सांय के समय 5 से 10 बजे तक चलते है। इसी प्रकार बुस्टिंग स्टेशन में पानी स्टोर होने के बाद इससे पेयजल की सप्लाई सुबह और सांय के समय 6.30 बजे से 8.30 बजे तक की जाती है।

पेयजल की आपूर्ति के लिए शहर में लगेगें पांच नये टयूबैल-एसडीओं अंकूश सहगल ने बताया कि शहर में पांच नये टयूबैल लगेगें जिनमें से दो टयूबैल लग चुके है। जिनमें वार्ड 1 में गऊशाला के पास लग चुका है तथा गुरू रविदास मंदिर के पास लगे टयूबैल से पेयजल की आपूर्ति शुरू हो चुकी है। उन्होंने बताया कि रूद्रास पार्क में टयूबैल लगाने का कार्य शुरू हो चुका है। इसी प्रकार अम्बाला रोड़ पर स्थित स्वर्ग आश्रम क्षेत्र और मिल्क रोड़ पर टयूबैल लगेगें। लगभग एक मास में ये टयूबैल लगाने का कार्य मैकनिकल विंग द्वारा शुरू करने की सम्भावना है।

**▶▶जरूरत अनुसार इसका प्रयोग किया जाना चाहिए। लोगों को पेयजल की बेहत्तर आपूर्ति मिले इसके लिए विभाग प्रयासरत है**

ग्रामीण क्षेत्र में भी लगे है नये टयूबैल-एसडीओं ने बताया कि गांव हमीदपुर और काठेमाजरा में नये टयूबैल लग चुके है और पानी की सप्लाई भी शुरू हो चुकी है। इसी प्रकार गांव संगरानी, ब्राह्मणमाजरा, लाहा, छोटी कोहड़ी, भाल माजरा तथा बधौली में टयूबैल लगाने की स्वीकृति मिल चुकी है, इन गांवों में टयूबैल फैल हो चुके थे। जिस कारण नये टयूबैल लगाने की मंजूरी विभाग द्वारा दी गई है। उन्होंने कहा कि उपमण्डल-एक में आने वाले गांवों में विभाग के पेयजल आपूर्ति के नलकूपों के द्वारा पेयजल की आपूर्ति की जा रही है।

उपमण्ड़ल में है तीन सैक्शन-एसडीओं अंकूश सहगल ने बताया कि उपमण्डल-एक में तीन सैक्शन बनाये गये है जिनमें सैक्शन एक में जे.ई सतीश नैन, सैक्शन दो शहरी क्षेत्र में जे.ई. राजबीर सिंह तथा सैक्शन तीन में जे.ई. जसपाल सिंह की देखरेख में पेयजल की सप्लाई का कार्य किया जा रहा है।

बॉक्स-एसडीओं अंकूश सहगल ने लोगों से अनुरोध किया है कि पेयजल सम्बंधी, सीवरेज तथा बिल से सम्बंधी कोई शिकायत है तो वे विभाग के टोल फ्री नम्बर- 1800 180 5678 पर अपनी शिकायत दर्ज करवाये। इस नम्बर पर शिकायत दर्ज होने के बाद निर्धारित समयावधि में शिकायत का समाधान विभाग द्वारा किया जाता है।

# चढ़ूनी की गिरफ्तारी के विरोध में किसानों ने सड़क पर लगाया जाम

## थाना प्रभारी के आश्वाशन के बाद किसानों ने जाम खोला, किसान अपनी पर अड़े थे



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

**कुरुक्षेत्र में** किसानों और पुलिस के बीच हुए बवाल में किसान नेता गुरनाम चढूनी की गिरफ्तारी के विरोध व सूरजमुखी की एमएसपी पर खरीद की मांग को लेकर बुधवार को सुबह गन्नौर में गन्नौर -शाहपुर रोड पर किसान नेता विरेन्द्र के नेतृत्व में किसानों ने सड़क जाम किया। जाम के दौरान किसान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे हैं और चढ़ूनी की रिहाई की मांग पर अड़े थे। वहीं सूचना मिलने पर गन्नौर थाना प्रभारी रवि कुमार मौके पर पहुंचे और पुलिस ने किसानों को समझाने का प्रयास किया,लेकिन किसानों का कहना है कि जब तक रिहाई नहीं जब तक जाम रहेगा। करीब एक घंटे बाद थाना प्रभारी के आश्वाशन के बाद किसानों ने जाम खोला। किसान नेता विरेन्द्र पहल ने बताया कि कल किसानों पर हुए लाठीचार्ज के बाद किसान नेता गुरनाम चढ़ूनी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसके कारण देर शाम को भी किसानों ने गन्नौर- शाहपुर मार्ग पर जाम लगाया था।

किसान सड़कों पर बैठे हैं और लगातार किसान नेता की रिहाई की मांग कर रहे हैं। किसानों का साफ कहना है कि जब तक चढ़ूनी की रिहाई नहीं होगी वे इसी तरह सड़कों पर बैठे रहेंगे। किसान नेता वीरेंद्र पहल का कहना है कि आज से 6 दिन पहले शाहाबाद में एक बहुत बड़ी महासभा की थी। जिसमें सूरजमुखी की एमएसपी पर खरीद हो। सरकार कह रही है कि एमएसपी है और रहेगी, लेकिन एमएसपी पर खरीद नहीं कर रही है और खरीदना नहीं चाह रही है। सरकार ने समय दिया था लेकिन वायदे को पूरा नही किया। जिसके बाद से किसानों ने चेतावनी दी थी। हम बड़ा कदम उठाएंगे और गुरनाम चढ़ूनी के नेतृत्व में हजारों किसानों ने सड़क पर प्रदर्शन किया तो वहां पर किसानों की मांगों को ना समझ कर किसानों पर लाठीचार्ज किया गया था। जिसके बाद दो किसानों की मौत हो गई है और 10 किसान गंभीर रूप से घायल हैं। हमारे नेता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और नहीं बता रही है कि कहां है। हमने मजबूरन सड़कों को जाम किया था। उन्होंने चेताया कि आश्वाशनों के बाद भी समाधान नही हुआ तो वे आगे भी अपनी लड़ाई जारी रखेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### राष्ट्रीय ग्रेपलिंग चैंपियनशिप में अर्णव दहिया ने जीते दो पदक



**खरखौदा: अर्णव** दहिया ने 16 वीं जीएफआई राष्ट्रीय ग्रेपलिंग चैंपियनशिप में एक स्वर्ण व एक रजत सहित 2 पदक जीते हैं। अर्णव दहिया की प्रशिक्षक दीपिका मान के अनुसार मध्यप्रदेश के देवास स्थित श्रीमंत तुकोजी राव पवार इंडोर स्टेडियम में 1 से 4 जून तक राष्ट्रीय ग्रेपलिंग चैंपियनशिप – सब जूनियर, कैडेट, जूनियर व वेटरन का आयोजन किया गया था। जिसमें खरखौदा उपमंडल के गांव रोहणा के मूल निवासी अर्णव दहिया ने गुरुग्राम जिला का प्रतिनिधित्व करते हुए अंडर – 9 के 38+ किलोग्राम भार के जीआई वर्ग में स्वर्ण पदक तथा नॉन जीआई वर्ग में रजत पदक जीत कर अपने माता पिता व रोटरी पब्लिक स्कूल का नाम रोशन किया है। बताया गया है कि राष्ट्रीय ग्रेपलिंग चैंपियनशिप के पदक विजेता खिलाड़ियों को दिल्ली में आयोजित एक समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

### सेवानिवृत्त एईटिओ बुधराम की पत्नी का निधन



**सोनीपत: जिला** पानीपत के सेवानिवृत्त एईटिओ बुधराम की पत्नी संतोष का बिमारी के कारण रविवार शाम को निधन हो गया।62 वर्षीय संतोष कई महीनों से अस्वस्थ थी जिनका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था डाक्टरों एवं परिवार के भरपूर प्रयास से भी संतोष स्वस्थ्य नहीं हो पाई । उन्होंने रविवार शाम को सोनीपत के एक निजी अस्पताल मे आखिरी सांस ली जिसका सोमवार को सोनीपत के महलाना रोड़ स्थित श्मशानघाट पर दांह संस्कार किया।संतोष बहुत ही धार्मिक एवं सामाजिक प्रवृत्ति की महिला थी। जिसकी रस्म क्रिया रविवार 11 जून सुबह दस बजे उनके निवास स्थान प्रगति नगर गोहाना रोड़ सोनीपत मे होगी

### लगन तुम से लगा बैठे,जो होगा देखा जाएगा.... .....पर झूमे श्यामप्रेमी



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) समस्त श्यामप्रेमी** परिवार कुरुक्षेत्र द्वारा सलारपुर रोड़ स्तिथ श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में मंगलवार रात्रि 471वां श्री श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित किया गया। श्याम प्रेमी अजय गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में मंदिर संचालक पण्डित महेश भारद्वाज,कुलदीप शर्मा,हरगंगा देवी,शिवकुमार भारद्वाज व राजबीर शर्मा परिवार ने श्याम पूजन में हिस्सा लिया। गोयल ने बताया कि समस्त श्याम प्रेमी परिवार द्वारा खाटू श्याम जी के प्रचार-प्रसार के लिए प्रत्येक मंगलवार को ताली कीर्तन किया जाता है। साथ ही महिला ताली कीर्तन भी करवाए जाते हैं और दो महीने में दो दिवसीय श्री खाटू धाम यात्रा राजस्थान जाती है। जिन भक्तों को अपने निवास स्थान,व्यापारिक प्रतिष्ठान एंव संस्थानों में श्याम जी का संकीर्तन करवाना हो, वे संपर्क कर सकते हैं। ये संकीर्तन पूर्णत: नि:शुल्क होंगे। संकीर्तन में गायक गौरव शान और मनोज वशिष्ठ ने श्याम जी एवं हनुमान जी के भजन सुनाए। लगन तुम से लगा बैठे,जो होगा देखा जाएगा.....,लो आ गया अब तो श्याम, मैं शरण में तुम्हारी......, श्रद्धा बिन श्याम मिले नहीं ये जान ले प्यारे, है भाव का भूखा सांवरिया पहचान ले प्यारे...... और हम तो बाबा के भरोसे चलते है...... इत्यादि भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। भजनों के पश्चात श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। संकीर्तन के पश्चात भंडारे में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में प्रसाद की सेवा प्रेम प्रकाश शाक्य व कुनाल वर्मा की ओर से रही जबकि भंडारा श्याम लाल गर्ग परिवार ने दिया। खाटू श्याम जी की आरती में अरुण गोयल,अनिल मित्तल,अनुज सिंगला,मोहित तायल,पंकज सिंगला,सुरेन्द्र काठपाल,मनोज गुप्ता,योगेंद्र अग्रवाल,रघुबीर शर्मा,विजय गर्ग,पवन कुमार मेहता,सतीश मेहता,हन्नी मेहता,दमन कुमार,मुखी लाल,डॉ.तुलसी सरदाना,कविता गोयल,निशा,सुदेश,आस्था,कनिका,शिवानी,राममूर्ती, मीनू गोयल,सोनिया गर्ग,अनु गर्ग और स्वीटी मित्तल सहित अन्य शामिल रहे।

# मां कामख्या शहरवासियों की सभी मनोकामनाएं करें पूर्ण: सुरेंद्र पंवार

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत।**

**विधायक सुरेंद्र** पंवार ने हरियाणा विधानसभा की स्थानीय निकाय एवं पंचायती राज कमेटी के साथ गुवाहटी स्थित मां कामख्या देवी मंदिर में पहुंचकर मां कामख्या के चरणों में वंदन कर शहरवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की।

विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि गुवाहटी, असम स्थित मंदिर मां कामख्या देवी को समर्पित है। 51 शक्तिपीठों में से एक कामख्या शक्तिपीठ



बहत ही प्रसिद्ध है। असम की राजधानी दिसपुर से करीब 7किमी दूर यह शक्तिपीठ नीलांचल पर्वत से 10किमी दूरी पर स्थित है। उन्होंने बताया कि सालभर ही भक्तों का यहां तांता लगा रहता है कि लेकिन दुर्गा पूजा, पोहान बिया, बसंती पूजा, मनासा पूजा पर इस मंदिर का अलग ही महत्व है। यहां पर देशभर से लोग पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते है। मां कामख्या से यदि सच्चे मन से कोई मुराद मांगें तो वह अवश्य पूर्ण होती है। उन्होंने मां कामख्या से शहरवासियों को सुख-समृद्धि प्रदान करने की प्राथार्ना की। इस दौरान विधायक व चेयरमैन रामकुमार, विधायक रामकुमार गौतम, विधायक बिसम्बर सिंह, विधायक रामनिवास सहित अन्य अधिकारीगण भी मौजूद रहे।

## न्यूनतम समर्थन पर खरीद नहीं करने विरोध में किसानों ने लगाया जाम

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर ।**

**सूरजमुखी** के बीज की न्यूनतम समर्थन पर खरीद नहीं करने के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के सदस्यों ने मंगलवार देर शाम को सरढ़ाना के निकट खुबडू रोड पर जाम लगा दिया। जाम लगाने की सूचना मिलने पर थाना गन्नौर प्रभारी रवि कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और यूनियन के सदस्यों को सड़क से हटाने का प्रयास किया, लेकिन यूनियन के सदस्य सड़क से नहीं हटे। उनका कहना है कि यूनियन के अगले आदेश तक वह सड़क से नहीं हटेंगे। भारतीय किसान यूनियन के युवा जिलाध्यक्ष विरेंद्र पहल ने कहा कि किसान लगातार प्रदेश सरकार से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सूरजमुखी के बीज की खरीद नहीं करने और फसल को भावांतर भरपाई योजना के तहत शामिल करने के सरकार के फैसले को वापस लेने की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी सुनवाई नहीं कर रही। उन्होंने बताया कि इससे पहले सरकार ने बाजरा को भी भावांतर भरपाई योजना में शामिल किया था, लेकिन किसानों को इस योजना का कोई फायदा नहीं हुआ था। जिसके चलते भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) ने मंगलवार को किसानों की मांगो के समर्थन में जाम लगाने का निर्णय लिया है।

# सकारात्मक सोच सफलता का मूल मंत्र: डॉक्टर गिरधारी लाल

**इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक) इस्माईलाबाद में** 10 दिवसीय एन. एस. एस. का जिला स्तरीय कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें आज डी.ए .वी. सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, लुखी के प्रधानाचार्य गजेंद्र शर्मा ने मुख्य प्रवक्ता के रूप में शिरकत की।उन्होंने बताया कि हमारे माता-पिता ही हमारे लिए सब कुछ है। हमें अपने माता-पिता की सेवा करनी चाहिए और माता-पिता का सम्मान करना चाहिए। उसी से हमें अपने जीवन में तरक्की मिलेगी। संसार में दो ही व्यक्ति ऐसे हैं जो अपने से



ऊपर अपने बच्चे को तरक्की करने पर प्रसन्न होते हैं, वह है माता पिता और गुरुजन। इसलिए सभी बच्चे अपने माता पिता और गुरुजनों की आज्ञा का पालन करते हुए उनका सम्मान करें । जिला कोऑर्डिनेटर डॉक्टर गिरधारी लाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी छात्र जीवन में सफलता हासिल करना चाहते हैं तो सकारात्मक सोच के साथ अपना लक्ष्य निर्धारित करें। स्कारात्मक सोच ही सफलता का मूल मंत्र है।


## चौकीदार की पीट कर हत्या करने के मामले में 7 आरोपित गिरफ्तार

**गन्नौर** । क्राइम यूनिट गन्नौर पुलिस ने मुरथल में पटियाला ढाबे के चौकीदार सतपाल की पीट-पीटकर हत्या करने मामले में सात आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपित सुनील, अमन, आजाद, मोहित उर्फ मोंटी, अजय, आशीष व चांद सभी गोहाना के दोद्वा गांव के रहने वाले हैं। गिरफ्तार आरोपितों को अदालत में पेश कर आदेशानुसार सुनील, अमन व मोहित को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। जबकि आजाद, अजय, आशीष व चांद को न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है। रिमांड अवधि के दौरान पुलिस वारदात में प्रयुक्त हथियारों व मोटरसाइकिल को बरामद करने का प्रयास करेगी।

# गड्ढों को भरने की मांग के बावजूद नही हो रही सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

**गन्नौर से** राजलू गढ़ी सड़क मार्ग में गहरे गड्ढे हादसों को न्यौता दे रहे है। ग्रामीणों का कहना कि इस बारे में वे खुद सड़क एवं भवन निर्माण विभाग के खुद एसडीओं को कई बार मौखिक रूप से उक्त गड्ढों को भरवाने की मांग कर चुके है लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही है। वाहनचालकों का कहना कि ऐसा लगता है कि विभाग किसी हादसे का इंतजार कर रहा है। उसके बाद ही गहरे गड्ढों को भरेगा। ग्रामीण सतबीर, महेन्द्र, सुरेन्द्र ने बताया कि जब भी सड़क का निर्माण किया जाता है तो विभाग के अधिकारी कहते है कि सड़क का निर्माण करने वाले ठेकेदार की तीन साल की जिम्मेदारी होती है। उसके टूटते



ही ठेकेदार रिपेयर करेगा। ग्रामीणों का आरोप है कि अब न तो उक्त गहरे गड्ढों को निर्माण करने वाला ठेकेदार आकर भर रहा है न ही सड़क निर्माण विभाग के अधिकारी। उनका कहना कि राजपुरा माईनर के पास सड़क के बीच में गड्ढे है और वाहन चालक गड्ढों से अपने वाहन को बचाने के चक्कर में साईड से ले जाते है। उसी के साथ में बरसात के पानी से सड़क में कटाव होने से सड़क के साथ गहरा गड्ढा बना है। कई बार वाहन चालक उसमें गिर जाते है। लोगों का कहना कि बरसात में हुए सड़क के कटाव को भी ठीक नही किया जा रहा है। परेशान ग्रामीणों की मांग के बावजूद अब विभाग के संज्ञान में आने के बाद देखना है कि क्या विभाग किसी बड़े हादसे से पहले उक्त गड्ढों को भरा देगा या नही।

**सबसे व्यस्त है गन्नौर- राजलू गढ़ी मार्ग: यह** मार्ग काफी व्यस्त मार्ग है। क्यों कि उक्त मार्ग से काफी वाहन चालक प्रतिदिन सोनीपत व अन्य जगह पर जाते है। ऐसे में वाहन चालक सड़क एवं भवन निर्माण विभाग की कार्यशैली को कोस रहे है।

**सड़क में गड्ढों का मामला उनके संज्ञान में, दो दिन में ठीक करा देंगे : एसडीओ:** सड़क एवं भवन निर्माण विभाग गन्नौर के एसडीओ रविन दत्ता ने बताया कि सड़क के बीच में गड्ढे होने का मामला उनके संज्ञान में है। दो दिन में उक्त गड्ढों को विभाग भरवा देगा और अन्य कमी को भी दूर कर देगा।

## शिविर का मुख्य उद्देश्य कैडेट्स के अंदर नेतृत्व गुणों का विकास करना: अनिल



**टीम एक्शन इंडिया/राई।**

**12 हरियाणा** बटालियन एनसीसी सोनीपत द्वारा मोतीलाल खेलकूद स्कूल राई में चल रहे वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 14 जून तक किया जाएगा। वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के तत्वाधान में बुधवार को कैंप कमांडेंट कर्नल अनिल यादव ने कैंप के उद्घाटन अभिभाषण पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित सभी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य एनसीसी कैडेट्स के अंदर नेतृत्व गुणों का विकास करना, एक अच्छा नागरिक बनाना, मिलिट्री सब्जेक्ट की जानकारी और सेना के दिनचर्या के अनुसार छात्रों को अवगत कराना है। उन्होंने बताया कि शिविर में कैडेट्स को वेपन ट्रेनिंग, मैप रीडिंग, फायरिंग, ड्रिल, फील्ड क्राफ्ट बैटल क्राफ्ट, ऑब्सटेकल कोर्स, विभिन्न खेलों की स्पर्धा आदि का आयोजन किया जाएगा जिससे एनसीसी के कैडेट्स को नेतृत्व क्षमता का विकास होगा तथा सेना की दिनचर्या के बारे में अवगत होंगे और सेना को कैरियर के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित होंगे। डिप्टी कैंप कमाडेंट लेफिनेंट कर्नल विनोद कुमार ने बताया की कैंप के दौरान सभी एनसीसी कैडेट्स को उत्कृष्ट दर्जे का प्रशिक्षण देने के लिए भारतीय सेना के श्रेष्ठ व पूर्ण रूप से प्रशिक्षित इंस्ट्रक्टर नियुक्त किए गए हैं। वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-84 को सुचारू रूप से संचालित करने के के लिए राजकीय आईटीआई सोनीपत के एनसीसी अधिकारी कैप्टन संजय श्योराण को कैंप एडह्युटेंट नियुक्त किया गया है। राजकीय बहुतकनीकी सोनीपत के एनसीसी अधिकारी कैप्टेन परवेश सांगवान को लोक सम्पर्क अधिकारी, जीवीएम गर्ल्स कॉलेज के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट प्रियंका बधवार को कैंप ट्रेनिंग अधिकारी, षिकुल विद्यापीठ अहर कुराना पानीपत के एनसीसी अधिकारी थर्ड ऑफिसर दीपक कुमार को खेल अधिकारी, कैंप सुबेदार मेजर सुरेश सांगवान, ट्रेनिंग जेसीओ नायब सूबेदार राजेश कुमार, ट्रेनिंग एनसीओ हवलदार लक्ष्मी नारायण नियुक्त किए गए हैं। वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में जिले के विभिन्न स्कूल और कॉलेजों के 537 एनसीसी कैडेट्स भाग ले रहे हैं।

# जींद तिरंगा यात्रा में जाएंगे हजारों कार्यकर्ता: राकेश

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**आम आदमी** पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश चुघ ने कहा कि हरियाणा की राजनीति में बदलाव क ी शुरूवात करने वाली जींद की ऐतिहासिक धरती पर आप द्वारा 8 जून को निका ली जाने वाली तिरंगा यात्रा को लेकर प्रदेश की जनता में भारी जोश है। जींद तिरंगा यात्रा में आप के राष्ट्रीय सं योजक एवं दिल्ली के मु यमं त्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मु यमंत्री भगवंत मान सहित पार्टी के सभी व रिष्ठ नेता शिरकत करेंग े। पानीपत जिला से भी हजारों की सं या में पार्टी कार्यकर्ता एवं जिला वासी जींद तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे। जिला के चारो विधानसभा



हलकों से सभी कार्यकर्ता बसों व कारों के काफिलो ं के साथ 8 जून को सुबह जींद क े लिये रवाना होगे। राकेश चुघ बुधवार को जीटी रोड स्थित जनता प्र ीमियम रेस्टोरेंट में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। राकेश चुघ ने कहा कि हरियाणा की जनता भी दिल्ली व पंजाब रा'यों की तर्ज पर स्वास्थ्य, शिक्षा और बिजली पानी जैसी म ूलभूत सुविधाएं पाने की हकदा है। जींद में निकाली जाने वाली विशाल तिरं गा यात्रा के बाद हरियाणा की राजनीति में बदलाव क ा नया दौर शुरू होगा। वहीं आप के प्रदेश संयुक्त सचिव सुखबीर मलिक ने कह ा कि तिरंगा यात्रा को लेक र प्रदेश की जनता में भारी जोश व उत्साह बना हुआ है।

जींद में निकाली जान े वाली तिरंगा यात्रा में बहुत भारी सं या में पानीपत जिला सहित प्रदेशभर के पार्टी कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस अवसर पर दीपक बगा, सुरेंद्र शर्मा, राजीव कंसल, नीलम परण ामी व शालु परणामी आदि मौजूद रहे।

## संगठनों ने किसानों पर लाठीचार्ज के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत पानीपत में**



अखिल भारतीय किसान सभा व मजदर संगठन सीटू सहित कई अन्य संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को जिला सचिवालय प्रांगण में शाहाबाद में पुलिस द्वारा किसानो ं पपर किये गये लाठीचार्ज के विरोध में रोष व्यक्त किया और उसके बाद एसडीएम विरेंद्र ढूल को रा'यपाल हा'याणा के नाम ज्ञाप न सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल में किसान सभा के जिला प्रधान डॉ सुरेंद्र मलिक, सीटू के रा'य सचिव सुनील दत्त, सीटू जिला सचिव जय भगवान, किसान सभा सदस्य गुलाब सिंह पट्ट ी कल्याणा, रामकिशन आर्य व दुर्गा प्रसाद आदि शामिल रहे। सभी सदस्यों ने कह ा कि किसान सुरजमुखी के एमएसपी को लेकर आंदोलन कर रहे थे लेकिन सरकार के इशारे में जिस तरह से पुलिस द्वारा पहले किसानों पर पानी की बौछारे ं की गई और फिर लाठीचार्ज किया गया, वह निंदनीय है।

# आज मनीष की बहुत याद आ रही है...

## सिसोदिया का नाम लेकर मंच पर रो पड़े सीएम केजरीवाल, सिसोदिया का सपना था कि हर बच्चे को अच्छी से अच्छी शिक्षा मिले





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**बाहरी उत्तरी जिले** के बवाना विधानसभा के दरियापुर कला इलाके में बुधवार को डॉक्टर बी.आर. अंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज एक्सीलेंस का मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सहित शिक्षा मंत्री आतिशी एवं कई अन्य अधिकारी और नेता मौजूद रहे। इस बीच मुख्यमंत्री केजरीवाल पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को याद कर भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि सिसोदिया का सपना था कि हर बच्चे को अच्छी से अच्छी शिक्षा मिले। लेकिन कुछ लोग चाहते हैं कि दिल्ली की शिक्षा क्रांति खत्म हो जाए। हम ऐसा नहीं होने देंगे। केजरीवाल ने आगे कहा कि हमने यहां एक स्कूल बनाने का वादा किया था और अब बवाना विधानसभा को दो स्कूल मिल रहे हैं। स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के साथ दूसरे स्कूल का भी काम चल रहा है। जल्द पूरा हो जाएगा। केजरीवाल ने कहा कि बाहर कई आरोपित घूम रहे हैं जिन पर कोई शिकंजा नहीं कसा जाता। पूर्व मंत्री मनीष सिसोदिया पर झूठे आरोप लगाकर उन्हें जेल में डाला दिया गया है। दिल्ली की जनता सब जानती है। उन्होंने कहा कि जल्द बवाना के बच्चों को एक और स्कूल का उपहार मिलेगा। उल्लेखनीय है कि दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में मनीष सिसोदिया तिहाड़ जेल में बंद हैं।

हाल ही में वे हाईकोर्ट की इजाजत के बाद अपनी पत्नी से मिलने मथुरा रोड स्थित अपने आवास पर भी गए थे। हालांकि उनकी पत्नी की हालत ज्यादा बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था, जिसके चलते मनीष सिसोदिया को बिना उनसे मिले ही तिहाड़ जेल लौटना पड़ा था।

**विदेश मंत्रालय ने दी मंजूरी, कैंब्रिज यूनिवर्सिटी कार्यक्रम में लेंगी हिस्सा:** दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी को आधिकारिक विदेश यात्रा के लिए यूनाइटेड किंगडम जाने की आवश्यक मंजूरी मिल गई है। केंद्र सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट में कहा कि आतिशी चाहें तो डिप्लोमेटिक वीजा के लिए तत्काल आवेदन कर सकती हैं। इसमें कोई बाधा या रुकावट नहीं है। 15 जून को आतिशी कैंब्रिज यूनिवर्सिटी कॉन्फ्रेंस में शामिल होंगी।

## 'अगर केजरीवाले सिसोदिया को रोक लेते तो आज आंसू नहीं बहाने पड़ते'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने बवाना में स्कूल ऑफ स्पेशलाईज्ड एक्सीलेंस के उद्घाटन भाषण का राजनीतिकरण करके यह कहना कि मनीष सिसोदिया को दिल्ली में स्कूल खोलने पर जेल डाल दिया है, दिल्ली की जनता भ्रमित करने वाला है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता जानती है कि मनीष सिसोदिया नई शराब नीति में भ्रष्टाचार करने पर जेल में बंद है। केजरीवाल के घड़ियाली आंसू बहाने की बजाय दिल्ली के सरकारी स्कूलों में शिक्षा स्तर को बेहतर बनाएं, क्योंकि पिछले 9 वर्षो में दिल्ली के सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर धरातल से भी नीचे पहुँच चुका है। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि 15 वर्षों में दिल्ली के गरीब बच्चों को जिस शिक्षा गुणवत्ता को कांग्रेस की सरकार ने उँचाईयों पर पहुँचाया था, केजरीवाल की शिक्षा नीति ने उसे धरातल पर लाकर खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल का बयान कि सच्चाई हमेशा सामने आती है बिलकुल सही है क्योंकि कोविड के दौरान जब दिल्लीवासी जीवन से जूझ रहे थे, केजरीवाल-मनीष नई शराब नीति बनाने के लिए दिल्ली को बर्बाद करने षडयंत्र रच रहे थे।

आज मनीष सिसोदिया जेल में है उसके पीछे भी केजरीवाल नीति जिम्मेदार है, जिसके खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने शुरूआत से विरोध किया था और दिल्ली सरकार की शराब नीति में हुए रिकार्ड तोड़ भ्रष्टाचार के खिलाफ जांच एजेंसियां जांच कर रही है। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने 500 स्कूल बनाने का वादा किया था। केजरीवाल सरकार ने नए स्कूल बनाने की जगह कांग्रेस शासन में बने स्कूलों की मरम्मत करके भवन का पुनर्निर्माण करके स्कूल बनाने का ढिंढोरा पीट रहे है।

# विधायक पांडे ने तिमारपुर झील का किया दौरा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**तिमारपुर** विधानसभा से आम आदमी पार्टी के विधायक दिलीप पांडेय ने बुधवार को तिमारपुर की नई झील का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि झील की सुंदरता को देखकर अच्छा लगा कि अब इस क्षेत्र के लोग यहां साफ-सुथरे माहौल में आराम करने और कुछ वक्त बिताने के लिए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस झील के बनने से आसपास का वातावरण भी स्वच्छ होगा। साथ ही सिग्नेचर ब्रिज के बाद अब यह झील लोगों के लिए एक बड़ा पर्यटन का केंद्र भी होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सानिध्य में दिल्ली में 380 झीलें बनाई जा रही हैं। अब तक 26 झीलें बन चुकीं हैं। केजरीवाल का संकल्प है कि हम पारिस्थितिक संतुलन को बहाल करने और दिल्लीवासियों को शांति पूर्ण मनोरंजन स्थल देने के लिए पूरी दिल्ली में ऐसी झीलें बना रहे हैं। जब तक हम दिल्ली को झीलों का शहर में बदल देंगे, चैन से नहीं बैठेंगे। पांडे जी ने बताया कि वे स्थानीय समाजसेवी संगठनों के साथ मिलकर झील के प्रबंधन को बढ़ावा देने और इसे प्राकृतिक व पर्यावरणी सुंदरता की देखरेख करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# दिल्ली का गुस्सा: कंधा टकराने पर किशोर को घोंपा चाकू

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पूर्वी दि**ल्ली में कंधा टकराने पर एक युवक ने अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर एक किशोर के पेट में चाकू घोंप दिया। इससे पहले तीनों ने मिलकर किशोर को पीटा था। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। घायल हालत में नकी को जग प्रवेश चंद अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस:** पीड़ित की शिकायत पर



सीलमपुर थाना पुलिस ने प्राथमिकी पंजीकृत की है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर आरोपितों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। अपने परिवार के साथ चावड़ी बाजार में रहता है। स्कूल की छुट्टियां होने पर वह वेलकम लकड़ी मार्केट में रहने वाली अपनी नानी के घर आया हुआ है। मंगलवार दोपहर को वह रामलीला पार्क के पास से गुजर रहा था, उसी दौरान उसका कंधा एक युवक से टकरा गया। इससे युवक आग बबूला हो गया और उसने किशोर को थप्पड़ मार दिया। विरोध करने पर आरोपित ने किशोर को अंजाम भुगतने की धमकी देकर, पास खड़े अपने दो दोस्तों को बुलाया और चाकू निकालकर किशोर के पेट में घोंप दिया।

# किशोरी के साथ दुष्कर्म, आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पूर्वी जिला** के न्यू अशोक नगर इलाके में 41 साल का पड़ोसी ब्लैकमेल कर 13 साल की किशोरी की अस्मत लूट रहा था। किशोरी ने हिम्मत जुटाकर परिजनों को सारी बात बताई, जिसके बाद पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो की धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपित शाहिद (41) को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित का दावा था कि उसने किशोरी का कपड़े बदलते समय वीडियो बना लिया। इसके बाद वह किशोरी को वीडियो सोशल मीडिया पर डालने की धमकी देकर वारदात को अंजाम दे रहा था। आरोपित ने कई बार किशोरी के साथ वारदात को अंजाम दिया। पुलिस आरोपित का मोबाइल कब्जे में लेकर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार पीड़िता अपने परिवार के साथ न्यू अशोक नगर इलाके में रहती है। इसके परिवार में माता-पिता व अन्य सदस्य हैं। पीड़िता पास के सरकारी स्कूल में सातवीं कक्षा की छात्रा है। आरोपी शाहिद किशोरी की बिल्डिंग में किराए पर रहता है। वह पेशे से कारपेंटर है। मंगलवार को पीड़िता ने अपने परिवार को आरोपित की हरकतों के बारे में जानकारी दी।

# 'दिल्ली में अपराधी बेखौफ, रोज आ रही अपराध की खबरें

## उठ रहा जनता का विश्वास...: सीएम केजरीवाल

### एलजी पर तंज

- साथ ही अधिकारों का हवाला देते हुए एलजी से अपराध की घटनाओं पर अंकुश लगाने की बात कही है



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सरकार और उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के बीच गतिरोध थमता नहीं दिख रहा है। ताजा मामले में राजधानी दिल्ली में घट रही क्राइम की वारदातों को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एलजी पर हमला बोला है। उन्होंने बुधवार को सीएम ने दिल्ली पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े किए हैं। साथ ही अधिकारों का हवाला देते हुए एलजी से अपराध की घटनाओं पर अंकुश लगाने की बात कही है। दिल्ली में हर रोज अपराध की खबरें आ रही हैं। अपराधी बेखौफ हैं, जनता का पुलिस पर से विश्वास उठता जा रहा है। एलजी साहिब, वक्त निकाल कर देखिए कि जनता कितनी डरी हुई है। जनता राजनीति नहीं बल्कि काम चाहती है, सुरक्षा चाहती है। राजनीति करने की बजाए कृपया वो काम करिए जो संविधान ने आपको दिया है।

**अध्यादेश के खिलाफ आप का डोर-टू-डोर अभियान शुरू:** दिल्ली सरकार को लेकर केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ 11 जून को रामलीला मैदान में प्रस्तावित महारैली के लिए समर्थुन जुटाने के तहत पार्टी के दिल्ली संयोजक व कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने सिविल लाइंस से अभियान शुरू किया। अभियान दिल्ली के एलजी के आवास के पास से शुरू किया गया। राय ने महारैली में शामिल होने के लिए लोगों से सहयोग मांगा। राय ने कहा है कि केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ होने वाली महारैली को दिल्लीवासियों का खूब समर्थन मिल रहा है। अभियान के दौरान कैबिनेट मंत्री राय ने केंद्र के अध्यादेश को लेकर लोगों से बात की और अध्यादेश के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करने के लिए महारैली में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने अध्यादेश लाकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश को पलटकर उसकी अवमानना की है। अगर आज हम इस अध्यादेश के खिलाफ एकजुट होकर खड़े नहीं हुए, तो लोगों को वोट देने का लोकतांत्रिक अधिकार भी नहीं बचेगा।

# वाईएसआर सांसद के बेटे को 15 दिन की अंतरिम जमानत



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले के आरोपित और वाईएसआर कांग्रेस के सांसद मगुंटा एस रेड्डी के बेटे राघव मगुंटा रेड्डी को 15 दिनों की अंतरिम जमानत दी है। जस्टिस चंद्रधारी सिंह की अवकाशकालीन बेंच ने राघव मगुंटा को अपनी बीमार दादी को देखने के लिए अंतरिम जमानत देने का आदेश दिया। ईडी ने राघव मगुंटा की अंतरिम जमानत अजी का विरोध करते हुए कहा था कि आजकल लोग बाथरूम में गिर जा रहे हैं और फिर उसके आधार पर अंतरिम जमानत की अर्जी लगाई जा रही है। पिछले एक हफ्ते में तीन ऐसे मामले आए हैं। ईडी ने कहा मगुंटा कि दादी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती हैं, उनसे कोई मुलाकात नहीं कर सकता है। परिवार के दूसरे सदस्य भी उनकी देखभाल के लिए मौजूद हैं। हालांकि ईडी ने ये जरूर कहा कि पुलिस हिरासत में मगुंटा को दो तीन-दिन के लिए दादी से मिलने की इजाजत दी जा सकती है। दरअसल, राघव मगुंटा ने अपनी दादी की सेहत का हवाला देकर अंतरिम जमानत की मांग करते हुए कहा था कि उसकी दादी अस्पताल में भर्ती हैं, जिनकी देखभाल के लिए अंतरिम जमानत की मांग की थी। ईडी ने राघव मगुंटा को 11 फरवरी को गिरफ्तार किया था।

ईडी ने मगुंटा एग्रो फार्म प्राइवेट लिमिटेड के बारे में जानकारी देते हुए बताया था कि राघव मगुंटा रेड्डी ही मगुंटा एग्रो फार्म प्राइवेट लिमिटेड को चलाते थे और उससे जुड़े सभी फैसले भी लेते थे

# कार सवार लड़कों ने की दो छात्राओं के अपहरण की कोशिश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली स्थित जवाहर लाल नेहरू (जेएनयू) कैंपस में मंगलवार की आधी रात को दो छात्राओं के अपहरण की कोशिश का मामला सामने आया है। हरियाणा नंबर की HR 26DN2623 की स्विफ्ट कार में सवार नशे में धुत लड़कों ने कैंपस के अंदर छात्राओं से छेड़छाड़ और अपहरण की कोशिश की। घटना रात 12.30 हुई। घटना के बाद छात्रों का गुस्सा फूट गया। छात्रों का हंगामा जारी है।



जेएनयू सिक्योरिटी ने दिल्ली पुलिस को शिकायत दी है। कैंपस में अभी छात्रों का प्रदर्शन जारी है। छात्रों ने कुलपति से जेएनयू प्रशासन की ओर से मामला दर्ज करवाने और कैंपस में सुरक्षा की मांग की है।

# शाह के घर के बाहर प्रदर्शन, कुकी समुदाय की महिलाओं ने की मांग

## पुलिस ने आवास के बाहर किसी भी तरह के जमावड़े या सभा की अनुमति नहीं दी, चारों तरफ से बैरिकेड्स और एंट्री को बैन कर दिया गया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली में के**ंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास के बाहर कुकी समुदाय का विरोध प्रदर्शन चल रहा है। जिसके बाद शाह के आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है। शाह के आवास के बाहर कुकी महिलाओं का प्रदर्शन जोरों पर है। पुलिस ने आवास के बाहर किसी भी तरह के जमावड़े या सभा की अनुमति नहीं दी है। चारों तरफ से बैरिकेड्स और एंट्री को बैन कर दिया गया है। कुकी समुदाय की महिलाओं की मांग है कि वह अमित शाह से मुलाकात करना चाहती हैं और अपनी

### मांग

- कुकी समुदाय की महिलाओं की मांग है कि वह शाह से मुलाकात करना चाहती हैं और समस्याओं को बताना चाहती हैं

समस्याओं को बताना चाहती हैं।

**मणिपुर हिंसा के दौरान कुकी समुदाय से शाह ने की थी मुलाकात:** दिल्ली में मणिपुर में कुकी आदिवासी समाज की महिलाएं एकजुट हुई हैं। यहां वह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मणिपुर दौरे के दौरान




अमित शाह ने राहत शिविरों का दौरा किया था और यहां के लोगों से मुलाकात भी की थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि मणिपुर में शांति बहाल करने के लिए सरकार की पहल को लोगों का मजबूत समर्थन मिल रहा है। शाह राज्य के अपने दौरे के तीसरे दिन हिंसा पीड़ितों के जख्मों पर मरहम लगाने पहुंचे थे। उन्होंने जहां कांगपोकपी में कुकी राहत शिविर का दौरा कर पीड़ितों की बातें सुनीं थीं। वहीं इंफाल में एक राहत शिविर में मैतेई शरणार्थियों की पीड़ा भी सुनाई थी।

**विस्थापित लोगों के लिए बनाई गई समिति:** मिजोरम सरकार ने हिंसा प्रभावित मणिपुर से आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों (आईडीपी) के मुद्दों से निपटने के लिए गृह मंत्री लालचमलियाना के नेतृत्व में उच्चस्तरीय समिति बनाई है। गृह विभाग के अनुसार, पिछले महीने की शुरूआत में पड़ोसी राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से मणिपुर के कुल 9,501 आईडीपी ने मिजोरम के विभिन्न हिस्सों में शरण ली है।

### साहिल के हाथ में कलावा कैसे? ये लव जिहाद: कपिल मिश्रा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के शाहबाद मर्डर केस में पुलिस ने 24 घंटे के अंदर ही नाबालिग की बेरहमी से हत्याकरने वाले 20 वर्षीय साहिल को गिरफ्तार कर लिया है। इस हत्याकांड के बीच अब राजनीतिक बयानबाजी भी शुरू हो गई है। बीजेपी नेता कपिल मिश्रा ने इस मामले को लव जिहाद बताया है और कहा कि हमारी बेटियों की हत्या एक योजना बनाकर की जा रही है। कपिल मिश्रा ने ट्वीट कर लिखा कि ये है मोहम्मद साहिल पुत्र सरफराज है।

# बड़ी बहन की मान लेते बात तो जिंदा होते नीरज और आरती...

## लकड़ी का बाक्स काफी पुराना है, उसका दरवाजा बंद होने के बाद अपने आप लाक हो जाता है, ऐसे में पूरी संभावना है कि दोनों बच्चे बाक्स में बंद हो गए हों और फिर दरवाजा लाक हो गया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जामिया न**गर इलाके में मंगलवार शाम एक फैक्ट्री में रखे लकड़ी के बाक्स में भाई-बहन का शव मिलने से सनसनी फैल गई। दोनों उसी फैक्ट्री के चौकीदार के बच्चे थे। इस खबर के फैलते ही पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। हर कोई दोनों भाई-बहनों की याद कर रोए जा रहा है। इस मामले में एक खुलासा हुआ है कि अगर ये दोनों बच्चे अपनी बड़ी बहन की बात मान लेते तो शायद आज जिंदा होते...

आठ साल के नीरज और छह साल की आरती ने अगर अपनी बड़ी बहन की कुछ दिन पहले कही बात मान ली होती तो परिवार दोनों की याद में आज रो न रहा होता। जानकारी सामने आई है कि कुछ दिन पहले भी दोनों बक्से के पास खेल रहे थे तब उनकी बड़ी बहन ने वहां खेलने से मना किया था और दोनों को वहां से हटा दिया। लेकिन दोनों फिर से उस बक्से के पास खेलने चले गए और शाम को दोनों का शव उसी लकड़ी के बक्से में से मिला।

**क्या है पूरा मामला:** बच्चे दोपहर तीन बजे से गायब थे। खाने के बाद घर से निकले थे। दक्षिण पूर्वी दिल्ली जिले के डीसीपी ने बताया कि प्राथमिक जांच में बच्चों के शरीर पर किसी प्रकार की चोट के



निशान नहीं मिले हैं। यह दुर्घटनावश दम घुटने का मामला लगता है। दोनों बच्चों के पोस्टमार्टम रिपोर्ट के साथ ही मौके पर जांच के लिए पहुंची एफएसएल और क्राइम टीम के रिपोर्ट के बाद इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**शाम चार बजे मिली पुलिस को सूचना:** डीसीपी ने बताया कि करीब चार बजे जामिया नगर पुलिस को सूचना मिली थी कि मकान नंबर एफ दो जोगाबाई एक्सटेंशन में दो बच्चों के शव मिले हैं। दोनों के शव रखे लकड़ी के एक पुराने बक्से में मिले थे। जांच में पता चला कि दोनों बच्चे उस फैक्ट्री के चौकीदार बलबीर के बच्चे थे। बलबीर मूलरूप से नेपाल के रहने वाले हैं। बलबीर अपनी पत्नी और बच्चों के साथ वहीं रहते हैं। बच्चों के नाम नीरज (आठ वर्ष) और आरती (छह वर्ष) थे। बलबीर ने पुलिस को बताया कि दोपहर करीब तीन बजे दोनों बच्चों ने साथ खाना खाया था।

**घंटों तक चली बच्चों की तलाश:** आसपास के बच्चों से पूछने पर भी कुछ पता न चला तो पत्नी के साथ बच्चों को ढूंढने लगे। इस दौरान फैक्ट्री में रखे लकड़ी के एक बाक्स में दोनों बच्चों का शव मिले।

तत्काल उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि लकड़ी का बाक्स काफी पुराना है, उसका दरवाजा बंद होने के बाद अपने आप लाक हो जाता है। ऐसे में पूरी संभावना है कि दोनों बच्चे बाक्स में बंद हो गए हों और फिर दरवाजा लाक हो गया हो।

# एक लूट और नौ खुलासे: पहले गर्लफ्रेंड अब पत्नी को देता था महंगे गिफ्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**द्वारका** जिला पुलिस ने ऐसे बदमाश को गिरफ्तार किया है, जो पहले गर्लफ्रेंड और अब शादी होने के बाद पत्नी को सालगिरह पर महंगे गिफ्ट देने के लिए लूट-झपटमारी कर रहा था। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से छह मोबाइल, स्कूटी और बाइक बरामद की है।

**लूटेरे के खिलाफ कई मामले थे दर्ज:** बदमाश पर पहले से सात लूटपाट, झपटमारी और चोरी के मामले दर्ज हैं। पुलिस ने इसकी गिरफ्तारी से नौ मामले सुलझाने का दावा किया है। गिरफ्तार बदमाश की पहचान रणहौला के चंचल पार्क निवासी सोनू (23) के रूप में हुई है।

**सीसीटीवी की जांच में हुई लूटेरे की पहचान:** जिले की वाहन चोरी निरोधक शाखा निरीक्षक कमलेश कुमार के नेतृत्व में झपटमारी व लूटपाट की जांच कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही थी। 3 जून को पुलिस को वारदात में शामिल बदमाश के बिंदापुर में आने की सूचना मिली। पुलिस ने घेराबंदी कर स्कूटी से घूम रहे सोनू को दबोच लिया। सोनू ने बताया कि वह तिलक नगर में सेल्समैन है। पहले वह गर्लफ्रेंड को महंगे गिफ्ट देने के लिए वारदात करता था।

## न्यूज फ्लैश

### डॉ. अंकेश्वर प्रकाश कुवि के वित्त अधिकारी नियुक्त

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** **कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार परीक्षा शाखा द्वितीय के नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश को तुरंत प्रभाव से आगामी आदेशों तक विश्वविद्यालय का वित्त अधिकारी नियुक्त किया गया है। लोक सम्पर्क विभाग के उपनिदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर ने बताया कि अपनी नियुक्ति के लिए डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा का धन्यवाद करते हुए कहा कि वह इस अहम जिम्मेवारी का निर्वहन सच्ची निष्ठा व ईमानदारी से करेंगे।

### चोर के साथ चोरी का सामान रखीदने वाले दो लोग दबोचे

**मथुरा।** पुलिस ने चोरी करने वाले अभियुक्त के साथ उन दो लोगों को भी दबोचा है जो इससे चोरी का सामान खरीद थे। चोरी के सामान और नकदी सहित करीब चार लाख का माल बरामद किया है। जिसमें चोरी गये जेवरात, मोबाइल, जेवरात (अनुमानित कीमत 2,50,000 रुपये) एवं एक लाख नब्बे हजार रुपये नकद बरामद किये हैं। प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजार जसवीर सिंह के मुताबिक चोरी करने वाले अभियुक्त श्याम सुन्दर उर्फ श्याम निषाद पुत्र ओमप्रकाश निवासी शान्तिनगर दामोदरपुरा थाना सदर बाजार को गिरफ्तार किया गया है। इससे सामान खरीदने वाले सचिन पुत्र स्व. लटूरी सिंह निवासी सरकारी प्राइमरी स्कूल के पीछे दामोदरपुरा तथा रंजीत सिंह पुत्र देवेन्द्र सिंह निवासी ग्राम सुल्तानपुर कबीस चैराहा थाना डौकी जिला आगरा को भी गिरफ्तार किया गया है। सचिन के विरुद्ध ईअर बड्स संबंधित मुकदमा थाना सदर बाजार में दर्ज है। दो जून को पुष्पाधाम कालोनी थाना सदर बाजार निवासी महिला ने अज्ञात में उसके व उसके पडोसी के घर में घुसकर रात्री में सामान चुरा कर ले जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया था

### शहर से गांव तक बिजली चोरों के खिलाफ कार्यवाही

**मथुराः शहर से** गांव तक बिजली चोरों के खिलाफ विद्युत विभाग एक्शन में है। बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। बलदेव में बिजली चोरी रोकने के लिए बिजली विभाग की टीम ने ग्राम दबदुआ और ग्राम छोली अमीरपुर में छापा मार कार्यवाही की जिसमें दोनों ग्रामों के दस दस लोग बिजली चोरी करते पकड़े गए। जेई दीपेंद्र शर्मा और जेई अशोक शर्मा ने बताया कि दबदुआ में बिसम्बर पुत्र भगरी, मानसिंह पुत्र भगरी, तेजपाल पुत्र भगरी, चंद्रपाल पुत्र भगरी, नारायण पुत्र भगरी, विजयपाल पुत्र बिसम्बर, ज्ञानेंद्र पुत्र कुंवर पाल, बालकृष्ण, पुत्र विजेंद्र, जयपाल पुत्र पदम सिंह, धर्मेंद्र पुत्र राजवीर तथा ग्राम छोली अमीरपुर में रहीमा पुत्री घूरे खां ,वीरेंद्र पुत्र छीतर सिंह, बसंतलाल पुत्र छीतर सिंह, आलिया पुत्री नूरी, बनी सिंह पुत्र एदल सिंह, मदन सिंह पुत्र शिव सिंह, प्रहलाद पुत्र शिव सिंह, सरमर पुत्र नूर मोहम्मद, बलीशेर पुत्र नूर खां, हरिपाल सिंह पुत्र छिद्दी सिंह बिजली चोरी करते पकड़े गए इनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही की गई है। विद्युत विभाग विजिलेंस टीम में जेई दीपेंद्र शर्मा, जेई अशोक शर्मा, देवेंद्र सिंह, धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे। वहीं नटवर नगर में दो स्थानों पर बिजली चोरी पकडी। यहां जेई राकेश यादव के निर्देशन में चैकिंग अभियान चला। दो स्थानों पर अंडरग्राउंड केबल से बिजली चोरी हो रही थी। कार्यवाही से क्षेत्र में बिजली चोरी करने वालों में हडबडबी देखी गई।

### भारत में जीई के 12 कैम्पस में प्राइड वॉक का आयोजन हुआ

**नोएडा। प्राइड मंथ मनाने और** एलजीबीटीक्यूआईए+ समुदाय के प्रति अपना समर्थन जताने के लिये, जीई ने भारत में अपने 12 कैम्पस में प्राइड वॉक्स का आयोजन किया। इन वॉक्स में जीई के कर्मचारियों, साथियों और समुदाय सदस्यों समेत 1600 से अधिक लोगों ने सक्रियता से भाग लेकर मजबूत एकजुटता दिखाते हुए उन्हें सफल बनाने का काम किया। इस साल प्राइड वॉक्स ने ज्यादा प्रभाव के साथ वापसी की है और बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे, होसुर, पल्लवरम, डाबास्पेट, पडप्पाई, और वडोदरा में तीन तथा नोएडा में दो जगहों पर जीई के विभिन्न कैम्पस में इसका आयोजन हुआ। 2022 में जीई के 1500 कर्मचारियों तथा साथियों ने 10 जगहों पर वॉक्स में भाग लिया था। प्राइड वॉक्स की सराहना करते हुए, जीई साउथ एशिया के प्रेसिडेंट महेश पलशीकर ने कहा, जीई का हिस्सा होना और अपने कर्मचारियों के संयुक्त उत्साह को उस समय देखना मेरे लिये सौभाग्य का विषय है, जब वे प्राइड मंथ मनाने के लिये एकजुट हुए।

# जितेंद्र सिवाच ने एडमिनिस्ट्रेटर का पदभार संभाला

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) अंबाला छावनी** नगर परिषद में एडमिनिस्ट्रेटर सितेंद्र सिवाच ने कार्यभार संभालते हुए अधिकारियों की मीटिंग की। इसी दौरान उन्होंने परिषद के अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। नगर परिषद कार्यालय पहुंचने पर अधिकारियों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। नवनयुक्त एडमिनिस्ट्रेटर ने आज नगर परिषद के सभी अधिकारियों के साथ बैठक में अंबाला छावनी में किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की ! वहीं उन्होंने चल रहे विकास कार्यों में पारदर्शिता लाने पर जोर दिया। उन्होंने छावनी में हो रहे अवैध निर्माण पर भी



रोक लगाए जाने की बात कही।
अंबाला छावनी के एसडीएम ने नगर परिषद के एडमिनिस्ट्रेटर का कार्यभार संभाला। इसके साथ ही उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की जिसमे अंबाला कैंट में चल रहे विकास कार्यों में पारदर्शिता लाने पर जोर दिया। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि नगर परिषद एडमिनिस्ट्रेटर का काम बहुत ही चुनौतीपूर्ण कार्य है बहुत अधिक यहां कार्य किए जाने है उन्होंने कहा कि मैं बहुत जोर लगाकर मैं चाहूंगा कि नगर परिषद से जुड़े कार्य में और तेजी लाई जाए और पारदर्शिता लाई जाए और नगर वासियों को और अधिक सुविधाएं मिलें। उन्होंने कहा कि मेरे लिए ये कोई नया नहीं है में पहले भी यहां ज्वाइंट कमिश्नर रहा हूं। सभी अधिकारी ए कर्मचारीएनागरिक और प्रेस के बंधुओं को अच्छे से जानता हूं । उन्होंने कहा की मुझे कार्य करने में बहुत खुशी होगी ।
वहीं उन्होंने शहर में हो रहे अवैध निर्माण के बारे में जानकारी देते हुए कहा की ऐसे जो भी अवैध निर्माण है उनको एक स्पेशल टीम बनाकर उनको छुड़वाया जायेगा।

## थम्ब मशीन को ठेंगा, राशन की कालाबाजारी का ढूंढा नया तरीका

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** **तू डाल** डाल में पातपात। सरकारी इंतजामाता और सरकारी राशन को डकारने वालों के बीच यह सब चल रहा है। शातिरों ने थम्ब मशीन को भी ठेंगा दिखा दिया है। सरकार की गरीबों को राशन मुहैया कराने की महत्वाकांक्षी योजना में भी शातिरों ने सेंधमारी कर दी है। बडे पैमाने पर गरीबों के नाम पर राशन डीलर विभाग की मिली भगत से राशन को डकार रहे हैं। इस योजना में फजीर्वाड़ा रोकने के लिए सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं, जिसमें प्रत्येक ई पाश मशीन का उपयोग भी शामिल है। ई पाश मशीन आने के बाद इस बात की उम्मीद बढी थी कि अब राशन की हेराफेरी रूकेगी लेकिन शातिरों ने इस का भी तोड़ निकाल लिया। ई पॉश मनीश आने से पहले फर्जी राशन कार्ड का खेल खेला जाता था। थम्ब मशीन के बाद फर्जी यूनिटों के जरिये इस योजना में सेंधमारी की जा रही है। एक दो या इससे अधिक यूनिट वाले कार्डों पर ऐसे लोगों के नाम भी जोड दिये हैं जो न तो उस ग्राम पंचायत में रहते हैं और नहीं उनका जनपद भर में कोई रिकार्ड नहीं है। बढी हुई यूनिटों वाले राशन को राशन डीलर डकार जाते हैं। राया क्षेत्र के गांव खजूरी में भी राशन डीलर के खिलाफ इस तरह की जालसाजी पकडे जाने पर विभागीय कार्यवाही की गई थी। हालांकि बाद में विभाग ने मालले में लीपापोती कर दी। इस तरह की कई शिकायतें बलदेव ब्लाक में भी सामने आई हैं। मनोहरपुर, इब्राहिमपुर, महावन बांगर, नूरपुर, अवैरनी आदि ग्राम पंचायतों से भी राशन डीलरों की इस तरह की शिकायतें विभाग तक पहुंची हैं। लोगों का कहना है इस खेल में विभागीय अधिकारी और कर्मचारियों की भी मिली भगत है।

## जन भागीदारी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शिक्षकों से किया संवाद

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**जी-20** के अंतर्गत जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रामदिया गागट ने 500 शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में जनभागीदारी करते हुए बच्चे के सीख स्तर को आगे बढ़ाना है, इसके लिए राज्य सरकार से प्राप्त निदेर्शों के अनुसार सभी को कार्य करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार से प्राप्त दिशा निदेर्शों के अनुसार जी-20 के तहत स्कूल स्तर, ब्लॉक स्तर और जिले स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों और प्रतियोगिता के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा रहे है। साथ ही ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चों के लिए 44 गतिविधियां भी चयनित की गई है जिनको बच्चे अपने अभिभावक की मदद से कर रहे होंगे, ये गतिविधियाँ समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने और बच्चों को व्यवहारिक ज्ञान और सीखने के कौशल विकसित करने की दृष्टि से करवाया जा रहा है। सभी शिक्षकों ने बताया कि बच्चों को गृह कार्य दिया जा चुका है और वो अपने अभिभावकों के साथ मिलकर सीखने का कार्य कर रहे है, शिक्षक समय समय पर अभिभावकों और बच्चों से संपर्क साध रहे है ताकि किसी भी प्रकार का अकादमिक सहयोग कर सके। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिले के स्तर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा, जो शिक्षक, ब्लॉक सन्दर्भ व्यक्ति, ब्लॉक रिसोर्स पर्सन, संकुल समन्वयक आदि जो भी अपने क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहा है उनको सम्मानित किया जाएगा। जिला एफएलएन संयोजक डॉ आशुतोष और लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन के जिला संयोजक ओमपाल डूमोलिया ने जनभागीदारी कार्यक्रम की आगामी योजना साझा करते हुए बताया कि इसमें सभी की जिम्मेदारी तय की हुई हैं और हमें मिलकर इसको सफल बनाना है।

## राहगिरी कार्यक्रम में क्राइम रोकने के लिए किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** एसपी जशनदीप सिहँ रंधावा के कुशल मार्गदर्शन में सुबह सैक्टर.8 पार्कअम्बाला शहर में आम नागरिकों को साईबर अपराध से बचाव एवम हैल्प लाईन नम्बर 1930 पर तुरन्त कॉल करने बारे राहगिरी कार्यक्रम के माध्यम से जागरूक किया। साईबर जागरूकता राहगिरी कार्यक्रम में लगभग 150 आम नागरिकों की उपस्थिति व ऑन लाईन फेसबुक के माध्यम से लाईव वीडियो से 600 आम नागरिकों तथा पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों ने भाग लिया। साईबर जागरूकता राहगिरी कार्यक्रम के दौरान उपस्थितगणों को प्रबन्धक थाना साईबर क्राईम अम्बाला निरीक्षक सतविन्द्र कौरए साईबर सैल अम्बाला इन्चार्ज उप निरीक्षक विरेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

## वंचितों को शिक्षा की मुख्य धारा में लाने के लिए सतीश को मिला सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** **शिक्षा से** वंचित बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के गंभीर प्रयासों के लिए समाजसेवी सतीश चंद्र शर्मा को सम्मानित किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता सतीश चंद्र शर्मा वर्ष 2008 से शिक्षा से वंचित झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले एवं गरीब परिवारों के सैकड़ों बच्चों को शिक्षा संस्कार एवं समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का काम कर रहे हैं। शिक्षा से वंचित बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने एवं सतत सामाजिक सेवा कार्यों की वजह से कल प्रबुद्ध जन सम्मान समारोह में सामाजिक कार्यकर्ता एवं किशोर न्याय बोर्ड सदस्य सतीश चंद्र शर्मा को मथुरा सांसद



एवं फिल्म अभिनेत्री श्रीमती हेमा मालिनी जी एवं विधायक पूरन प्रकाश द्वारा सम्मानित किया गया वर्तमान में वर्तमान में सामाजिक कार्यकर्ता सतीश शर्मा द्वारा संचालित जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल सेंटर के माध्यम से लगभग 300 बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य वॉलिंटियर्स की मदद से किया जा रहा है सतीश शर्मा वर्ष 2010 से 2016 तक बाल कल्याण समिति के भी सदस्य रहे है तथा विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से सतत सामाजिक सेवा कार्य कर रहे हैं।

# साहा चौक पर धरना दे रहे किसानों को पुलिस ने खदेड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार) पुलिस** द्वारा लाठीचार्ज करने के बाद मंगलवार रात को अंबाला के साहा चौक पर बैठे किसानों को पुलिस ने खदेड़ दिया था। उसके बाद रात को साहा-अंबाला, साहा-शाहाबाद, साहा-पंचकूला और साहा जगाधरी मार्ग को जाम कर दिया। आज सुबह धरनास्थल पर पहुंची पुलिस ने किसानों को खदेड़ दिया। यही नहीं, कई किसानों को हिरासत में भी लिया गया है।
वहीं, किसानों पर हुए लाठीचार्ज के बाद सभी किसान संगठन एकजुट हो गए हैं। भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी ग्रुप) के आह्वान पर किसानों ने आज प्रदेशभर में मुख्य



मार्ग एवं सड़कें जाम करने का ऐलान किया है। अंबाला में भी शहीद भगत सिंह ने आज बड़ा कदम उठाने की चेतावनी दी है। किसान नेताओं का कहना है कि भले ही किसान संगठन अलग-अलग है, लेकिन सभी की विचारधारा एक है। सभी संगठन सरकार के तानाशाही रवैये के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। किसान एमएसपी पर सूरजमुखी की खरीद करने की डिमांड कर रहे हैं, लेकिन सरकार ने मांग पूरी करने की बजाय लाठीचार्ज किया। इसका सभी संगठन एकजुट होकर जवाब देंगे। किसानों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में किसानों ने रात को ही साहा के मुख्य चौक पर पहुंचे। यहां गुस्साए किसानों ने साहा से जगाधरी, पंचकूला, अंबाला और साहा से शाहाबाद मार्ग को पूरी तरह जाम कर धरना दिया। कई रूट प्रभावित होने पर वाहन चालकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी।
गौतलब है कि सूरजमुखी की खरीद एमएसपी पर करने के लिए बवाल मच गया है। कुरुक्षेत्र के शाहाबाद में किसान नेता राकेश टिकैत पहुंच गए हैं। इससे पहले मंगलवार को किसानों पर हुए लाठीचार्ज-गिरफ्तारी के विरोध में रोहतक में पुलिस-किसानों में झड़प हुई। वहीं करनाल में हाईवे जाम करने जा रहे किसानों को पुलिस ने हिरासत में लिया। दिल्ली-चंडीगढ़ हाईवे जाम करने पर गुरनाम चढ़ूनी और दूसरे किसान नेताओं को हिरासत में लिया गया था। किसानों ने रिहाई के लिए सरकार और प्रशासन को 11 बजे तक का अल्टीमेटम दिया था।
इस बीच करनाल पहुंचे राकेश टिकैत ने कहा- 'ऐसा पहली बार हुआ कि किसानों पर एमएसपी को लेकर लाठीचार्ज हुआ हो। अब देश में दिल्ली से बड़ा आंदोलन एमएसपी पर होगा। कुरुक्षेत्र में आगामी रणनीति बनाकर इसका ऐलान किया जाएगा।'
वहीं किसानों की गिरफ्तारी के विरोध में किसानों ने टोल प्लाजा पर प्रदर्शन शुरू कर दिया है। हिसार, सिरसा, रोहतक, करनाल, अंबाला और कुरूक्षेत्र समेत कई जिलों में किसान टोल प्लाजा पर धरने पर बैठ गए हैं। किसानों ने चेतावनी दी कि अगर हिरासत में लिए किसानों की रिहाई नहीं हुई तो पूरे हरियाणा की सड़कें जाम कर देंगे।

## टेक्नो ने कैमन 20 सीरीज को पेश किया

**करनाल।** प्रीमियम टेक्नोलॉजी ब्रांड टेक्नो ने अपने बहुप्रतीक्षित कैमन 20 सीरीज को पेश कर दिया है। यह सीरीज 'अल्टीमेज- द फ्यूचर ऑफ इमेजिंग टेक्नोलॉजीज' को लेकर आती है। कैमन 20 सीरीज भारत में 'कैमन एक्सप्लोरर लाउंज' और फैशन के आकर्षक मिश्रण के साथ आती है। कंपनी ने लीला एबिएंस गुरुग्राम में इस फोन को पेश किया। इस इवेंट में 100 से अधिक प्रभावशाली कंटेंट क्रिएटर्स को पहली बार इस फोन को हाथ में लेने का मौका मिला। विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित कैमन 20 सीरीज उन लोगों के लिए है जो क्रांतिकारी कैमरा क्षमताओं का अनुभव करने के लिए उत्साहित हैं। इस फोन में लेदर फिनिश और रिफ्लेक्टिव डुअल-अपीयरेंस बैक पैनल है, जो इसे लुक और डिजाइ में बेहतरीन बनाता है। अपने सेगमेंट में फस्ट अप्रोच के तहत कैमन 20 प्रीमियर 5जी पहले सेंसर शिफ्ट ओआईएस एंटी-शेकिंग टेक्नोलॉजी, 50 एमपी आरजीबीडब्ल्यू अल्ट्रा-सेंसिटिव सेंसर और एआई एल्गोरिदम के संयोजन के साथ शानदार पोर्ट्रेट वीडियो और नाइट फोटोग्राफी पेश करता है, जो इसे अपने प्रतिस्पर्धियों से अलग करता है। कैमन 20 सीरीज के लॉन्च अवसर पर टेक्नो मोबाइल इंडिया के सीईओ अरिजीत तालापात्रा ने कहा, टेक्नो ने गियर बदल दिया है और हम अपने यूजर्स के लिए बेहद आकर्षक कीमत पर अपने स्मार्टफोन्स में बेस्ट-इन-क्लास टेक्नोलॉजी पेश कर रहे हैं। इसके जरिए हम प्रीमियम सेगमेंट में मजबूत पैठ बना रहे हैं। अपने कैमन पोर्टफोलियो के जरिए हम लगातार अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने और फोटोग्राफी के अनुभव में क्रांति लाने का प्रयास करते रहते हैं। कैमन 20 सीरीज के जरिए हम उन लोगों के लिए एक समाधान प्रस्तुत करते हैं जो असाधारण रात की फोटोग्राफी क्षमताओं की तलाश में हैं।

## थाना शहर महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम ने सैनी सभा महेंद्रगढ़ में लोगों को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/महेंद्रगढ़**
**पुलिस प्रवक्ता** कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण के कुशल मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा युवाओं, विद्यार्थियों, आमजन को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिला पुलिस की विभिन्न टीमों ने विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर साइबर जागरूकता अभियान चलाया। थाना शहर महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम ने सैनी सभा महेंद्रगढ़ में आमजन को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करते हुए बचने के उपायों के बारे में जानकारी दी। टीम के द्वारा लोगों को, साईबर अपराधी किस प्रकार से साईबर अटैक करके लोगों को अपना शिकार बनाते हैं तथा उन्हें मानसिक, आर्थिक व सामाजिक नुकसान पहुँचाते हैं।

# कूड़ा उठा कर ऊर्जा उत्पादन का है लक्ष्यः मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/ हरियाणा के** शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कमल गुप्ता ने कहा कि सोनीपत में एक लाख घर हैं। हमने हर घर से कूड़ा उठाने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिससे ऊर्जा व खाद उत्पादन किया जाएगा। घर-घर से कूड़ा उठाने का यह कार्य जारी है, किंतु इसे और सुदृढ़ किया जाएगा। इसमें सुधार की आवश्यकता है, जिसे अवश्य पूर्ण करेंगे।
घर-घर से कूड़ा उठाने के कार्य का निरीक्षण करने से पहले शहरी स्थानीय निकाय मंत्री



कमल गुप्ता ने पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में निगमायुक्त विश्राम कुमार मीणा व संबंधित अधिकारियों की विशेष बैठक ली। इस दौरान जेबीएम कंपनी ने घर-घर से कूड़ा उठाकर ऊर्जा व खाद उत्पादन करने के कार्य की एक प्रेजेंटेशन भी दी। इसके उपरांत मंत्री ने नगर में विभिन्न साइटों का दौरा करते हुए स्वयं हर प्रकार के कार्य का गंभीरता से निरीक्षण किया। सर्वप्रथम शहरी स्थानीय निकाय मंत्री ने एटलस रोड पर आईसीआईसीआई बैंक के समक्ष कूड़ा एकत्रितकरण कार्य का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने माडल टाउन में घर-घर से गाडिों के माध्यम से कूड़ा उठाने के कार्य का जायजा लिया। उन्होंने क्षेत्रवासियों से भी सीधी बातचीत करते हुए पूछा कि नियमित तौर पर उनके क्षेत्र में कूड़ा उठाने वाली गाड़ी आती है कि नहीं और नियमित तौर पर उनके घर से कूड़ा उठाया जा रहा है कि नहीं। इसके उपरांत उन्होंने सेक्टर-15 में भी हर घर से कूड़ा उठाने के कार्य की पड़ताल की।

# पर्यावरण को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाता है प्लास्टिक

## पर्यावरण की सुरक्षा, जीवन की रक्षाः सूर्या फाउंडेशन

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** **प्लास्टिक हमारे** पर्यावरण को बड़ी तेजी से प्रदूषित करके बहुत नुकसान पहुंचा रहा है इधर उधर फैली प्लास्टिक धरती के अंदर जाकर मिट्टी के पानी सोखने की क्षमता को कम करता है, जिससे भूमि की उपज कम होती है। भूमि में वर्षा के जल का अवशोषण होकर भूमिगत जल स्तर को बढ़ाने में बाधा उत्पन्न होती है। पेड़ पौधों की जड़ों द्वारा जल और पोषक तत्वों के शोषण में भी यह बाधा पैदा करता है। धरती बंजर हो जाती है। गाय आदि पशु खाने की चीजों के साथ प्लास्टिक को खा जाते हैं ,जिससे उनका शरीर भयंकर बीमारियों का शिकार हो जाता है। नालियों तालाबों नदियों यहां तक की समुद्र में बहता प्लास्टिक कचरा पानी में रहने वाली जीव सृष्टि के लिए खतरनाक बन गया है। प्लास्टिक से बनी वस्तुओं से पैदा हुए कचरे का निपटारा करना बहुत ही कठिन कार्य होता है, इस कारण यह जनसाधारण तथा वैज्ञानिकों के लिए चिंता का विषय बन गया है। हर एक व्यक्ति को इस समस्या के निवारण के लिए जागरूक करना होगा और इस समस्या के समाधान के लिए आगे आना होगा। चहुओर फैलते प्लास्टिक

**▶▶ 22 गावों मे जान जागरण रैली, वृक्षारोपण एवं इको ब्रिक्स से मेज, कुर्सी एवं पेड़ो के घेरा बनाये गए**

रूपी जिन्न को बोतल में बंद कर दिया जाए तो सृष्टि का खतरा कम होगा। इसी से निर्माण हुआ इको ब्रिक्स का। विश्व पर्यावरण दिवस पर सूर्या फाउंडेशन देशभर में 18 राज्यों के 239 गांवों में पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेष गतिविधियां चला रहा है। संस्था के संस्थापक पद्मश्री जयप्रकाश अग्रवाल के आवाहन पर सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। सूर्या फाउंडेशन के कार्यकताओं द्वारा प्लास्टिक मुक्त अभियान को घर घर जाकर समझाते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले दुष्परिणामों को बताया गया। गांव में संचालित संस्कार केंद्र के बच्चों ने प्लास्टिक की पन्नियों को एकत्रित कर प्लास्टिक की बोतल में भर कर इन इको ब्रिक्स से उपयोगी सामग्री भी तैयार की। इको ब्रिक्स द्वारा स्टूल, मेज, कुर्सी ,टी गार्ड जैसे वस्तुओं का निर्माण किया गया। इन वस्तुओं के उपयोग से प्लास्टिक जमा करके पर्यावरण को बचाया जा रहा है। प्रदूषण का कारण प्लास्टिक ही नहीं अनेक प्रकार की वस्तुएं भी है उन सभी को रोकने की आवश्यकता है। आइए धरती को बचाए और राष्ट्र कार्य में सहभागी बने। इसी क्रम मे ब्रज क्षेत्र के दीनदयाल धाम के 22 गावों मे जान जागरण रैली, वृक्षारोपण एवं इको ब्रिक्स से मेज, कुर्सी एवं पेड़ो के घेरा बनाये गए। इस अवसर पर पुरषोत्तम राणा, विकास विश्वकर्मा, आदर्श मिश्रा, रामकोमल गौड़, राजकुमार, राम तरकर, रवि कुमार, भगवत स्वरुप, अनिल, पुष्पेंद्र, राधा, अरविन्द चैहान सहित करीब 200 युवा एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# कांग्रेस नेता मधुसूदन बवेजा ने किसानों पर लाठीचार्ज की निंदा की

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)** **किसान** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने शाहबाद में किसानों पर हुए लाठीचार्ज की कड़े शब्दों में निंदा की है। मधुसूदन बवेजा ने कहा कि एसमएसपी की मांग कर रहे अन्नदाताओं पर बर्बरतापूर्वक लाठियां भांजी गई। किसानों की आय दोगुनी करने का वादा करने वाली किसान विरोधी सरकार सूरजमुखी की एमएसपी पर खरीद करने से मुकर रही है। बवेजा ने कहा कि किसान सूरजमुखी की फसल को एमएसपी पर खरीद की

**▶▶ जब किसान अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाते है तो सरकार आवाज को लाठियां भांजकर दबाने का काम कर रही**

मांग कर रहे थे जोकि उनकी जायज मांग है। लोकतंत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने का अधिकार सभी को है। जब किसान अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाते है तो किसान विरोधी सरकार उनकी आवाज को लाठियां भांजकर दबाने का काम कर रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने भी प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि किसानों पर लाठीचार्ज भाजपा-जजपा सरकार के कफन में कील का काम करेगा। बवेजा ने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों से डर गई और पुलिस प्रशासन के द्वारा बर्बरतापूर्ण कार्रवाई कराई गई। पुलिस की लाठीचार्ज में कई किसान घायल हुए हैं। भाजपा सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। जनता आगामी चुनावों में अपने वोट की ताकत से भाजपा सरकार को सबक सिखाएगी। जनता ने भाजपा सरकार को सत्ता से उखाड़ने व कांग्रेस को सत्ता सौंपने का मन बना लिया है।

# छोटे और मध्यम व्यापारियों के लिए नया Neighshop एप लॉन्च

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**ऑनलाइन शॉपिंग** का क्रेज लोगों में तेजी से बढ़ रहा है। शहर ही नहीं अब गांव के लोग भी ऑनलाइन शॉपिंग कर रहे हैं। ऑनलाइन शॉपिंग का बढ़ता क्रेज छोटे दुकानदारों के कारोबार को खत्म करता जा रहा है। धीरे-धीरे उनके ग्राहक कम हो रहे हैं। उनके ग्राहक ऑनलाइन चले जा रहे हैं। ऐसे में छोटे दुकानदारों की परेशानियों को देखते हुए नरेला में रहने वाले आकर्षण मिश्रा और उनकी टीम ने नेहशॉप (Neighshop) ऐप लॉन्च किया है। जिसके जरिए स्थानीय दुकानदार वह ग्राहक आसानी से ऑनलाइन मार्केटिंग कर सकते हैं वह भी बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के। बाहरी दिल्ली के नरेला में नेहशॉप (Neighshop) ऐप के लांचिंग के मौके पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधानाचार्या सीमा दलाल, प्रमोद सोनी, सोनू खोबा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर नेहशॉप (Neighshop) के सीईओ आकर्षण मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले कुछ सालों में ऑनलाइन मार्केटिंग की डिमांड बढ़ी है। लोग तेजी से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की तरफ शिफ्ट हो रहे हैं इस वजह से स्थानीय और छोटे दुकानदारों को घाटा हो रहा है क्योंकि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उनकी मौजूदगी नहीं है। कुछ स्थानीय दुकानदार ऑनलाइन शिफ्ट होना भी चाहते हैं तो उन्हें सही प्लेटफार्म नहीं मिलता। क्योंकि दुकानदार अपनी दुकान को किसी ऐप के माध्यम से ऑनलाइन लाना चाहे तो उनको अपनी कमाई का 5 से10% तक देना पड़ता है। इससे दुकानदार को फायदे की बजाय नुकसान ही उठाना पड़ता है। इसी को देखते हुए हमने छोटे और मध्यम व्यापारियों के लिए (Neighshop) नेहशॉप ऐप लॉन्च किया है। जिसके जरिए स्थानीय दुकानदार और ग्राहक आसानी से ऑनलाइन मार्केटिंग कर सकते हैं। इसके लिए दुकानदारों को कोई रजिस्ट्रेशन फीस नहीं देनी पड़ती और ना ही हम कस्टमर से कोई चार्ज लेते हैं। यह पूरी तरह निःशुल्क है। यानी कस्टमर और दुकानदार दोनों को फायदा है। बस आपको गूगल प्ले स्टोर पर जाकर। नेहशॉप (Neighshop) ऐप डाउनलोड करना है। कार्यक्रम में नेहशॉप के सीईओ विकास श्रीवास्तव, मैनेजर प्रार्थना, रिचा, आजाद, हर्षित सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय दुकानदार मौजूद रहे।












आदर्श नगर के सुभाष पार्क में उत्तर पश्चिम ज़िला पुलिस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्हें विभिन्न सुरक्षा युक्तियों और साइबर अपराधों से सावधान रहने के तरीकों के बारे में जागरूक किया गया।

# भलस्वा वार्ड में निगम पार्षद अजीत यादव ने चलाया अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बादली** विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में निगम पार्षद अजीत यादव के द्वारा क्षेत्र में कई अभियान चलाये जा रहे है। जहां एक ओर मलेरिया विभाग की टीम के द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। वहीं, स्वच्छता को लेकर भी लोगों को विशेष रूप से जागरूक किया गया। निगम पार्षद अजीत यादव ने बताया कि बुधवार को जहांगीरपुरी के मंगल बाजार रोड, कुशल सिनेमा वाले रोड़, सीडी पार्क रोड़ और मेन मार्किट रोड में झाड़ू लगवाकर वहां से कूड़ा उठवाया गया। इसके अलावा आईटीआई और सी ब्लॉक के ब्लॉक के ढ्लावो की सफाई करवाई गई और पार्कों में पेड़ो की कटिंग करवाई गई। जिससे की क्षेत्र हरा-भरा और साफ और सुन्दर नजर आये। उन्होंने कहा कि अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान या कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले। जिससे की क्षेत्र का वातावरण साफ और स्वच्छ रहे।





खाटू श्याम बाबा की पैदल निशान यात्रा शिव मन्दिर शालीमार गांव से होकर अलीपुर दिल्ली धाम पहुंची। जिसमें सैकड़ों भक्तों ने नंगे पांव पैदल चलकर निशान यात्रा में भाग लिया। इस मौके पर समाजसेविका ज्योति सैनी और शिव मन्दिर के प्रधान की पत्नी धनकौर सैनी, राजेश प्रजापति, संजय सैनी मौजूद रहे।

# भारतीय जनता पार्टी ने जो कहा, वह करके दिखाया: लाखन सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष लाखन सिंह कुशवाहा ने कहा कि आज जो आप देश में विकास देख रहे है, उसका श्रेय केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अच्छी नीतियों और जन कल्याणकारी योजनाओं को जाता है। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है। इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है। उन्होंने बताया कि हम जहां पर भी जाकर लोगों से मिल रहे है, जनता भारतीय जनता पार्टी के कार्यों से खुश है और दिल्ली में भी भाजपा का शासन चाहती है। क्योंकि



भारतीय जनता पार्टी जो कहती है। वह करके दिखाती है।
लाखन सिंह ने बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। जिसके चलते आम जन मानस को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



कोर कमेटी की एक्शन कमेटी ने वेस्ट जोन के डी.सी संदीप कुमार से सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर मुलाकात की। इस मौके पर सतीश टॉक, भारत महार व कोर कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मिशन लाइफ स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शरीर को** सेहतमंद बनाए रखने में भोजन का अहम कार्य होता है। लेकिन लोगों की भोजन आदते और जरूरतों को देखते हुए कई चीजों को बनाने और उगाने का तरीका बदलता जा रहा जिसमे कई केमिकल्स का उपयोग होने लगा हैं जिससे कई तरह की बीमारी उत्पन होती जा रही हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए व आमलोगों को जागरूक करने हेतु 7 जून को विश्व खाद्य दिवस मनाया जाता है।
विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाने का मकसद हर एक व्यक्ति को पौष्टिक और संतुलित भोजन प्रदान करना है। इसके साथ ही खानपान से होने वाले खतरों को रोकना, मिलावटी चीजों का पता लगाना और इनके बारे में लोगों को बताकर उन्हें जागरूक बनाना ही इस दिन को मनाने का खास उद्धेश्य है।

# लाल बाग में निगम पार्षद सुशील कुमार ने चलाया अभियान





**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**मच्छरो** के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए लाल बाग में जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का आयोजन निगम पार्षद सुशील कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर जन स्वास्थ्य विभाग उत्तरी दिल्ली नगर निगम के कर्मचारी मौजूद रहे। इस मौके पर निगम पार्षद सुशील कुमार जौंटी ने लोगों को डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया से बचाव कैसे करें इसके बारे में जानकारी दी। निगम पार्षद ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने घर की छतों पर टायर व मटके और बर्तनों में बरसात का पानी एकत्रित न होने दी। इसमें मच्छर पैदा होते है जो हमारे स्वास्थ्य के लिए घातक है। उन्होंने कहा कि सप्ताह में एक बार कूलर का पानी बदले और अपने आस-पास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखे। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# क्षेत्र के विकास पर दे रही हूं ध्यान, ताकि लोगों को मिले बेहतर सुविधाएं: टिम्सी शर्मा

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** के बादली विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले इलाके वार्ड-18 जहांगीरपुर के भलस्वा डेरी कार्यालय पर प्रतिदिन की भांति बुधवार को भी निगम पार्षद टिम्सी सुरेश ने लोगो की समस्याओं को सुनकर समाधान किया। जिन लोगो की विधवा और विकलांग पेंशन के लिए आवेदन किया था उनको रसीद प्रदान की गई।
इस मौके पर निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर निगम पार्षद टिम्सी शर्मा ने कहा कि क्षेत्र के विकास पर ध्यान दिया जा रहा है, ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति परेशान है तो वह हमारे कार्यालय पर संपर्क कर सकता है।



# साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ के प्रथम वर्ष पूर्ण होने पर भंडारा आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रानी बाग** क्षेत्र के श्री पीपलेश्वर मंदिर ऋषि नगर के प्रांगण में साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ के प्रथम वर्ष पूर्ण होने पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस शुभावसर पर भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व जिलाध्यक्ष रोशन कंसल, जिला केशवपुरम भाजपा के जिला महामंत्री मंजीत सिंह, विश्व हिन्दू परिषद के सहजिला मंत्री अशोक गुप्ता, सरस्वती विहार से निगम पार्षद शिखा भारद्वाज, भाजपा रानी बाग मंडल अध्यक्ष पुनीत शर्मा, मंडल महामंत्री संतोष ठाकुर, प्रसिद्ध समाजसेवी मयंक गुप्ता, संजय गुप्ता (सेवा गिफ्ट) सहित अनेक गणमान्य लोगों एवं स्थानीय निवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल ने कहा कि श्री पीपलेश्वर मंदिर ऋषि नगर के प्रांगण में साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ के प्रथम वर्ष पूर्ण होने पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। मैं इसके लिए आयोजको को बधाई देता हूं और कहना चाहता हूं कि सभी को इस प्रकार के धार्मिक आयोजन अधिक से अधिक करने चाहिए। उन्होंने कहा कि भक्ति में शक्ति होती है, इसलिए सभी को प्रभु की भक्ति करनी चाहिए और दूसरों को भी भक्ति करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होने कहा कि जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की भक्ति करता है, प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है। इसलिए सभी सच्चे मन से प्रभु की भक्ति करें। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखे।



# विश्व में तिरंगे का सम्मान बढ़ रहा है भारत ग्लोबल देश बना: कृष्ण

## कहा, फरीदाबाद के विकास कार्यों और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में अब मिलेगी अलग पहचान

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

**भारत** सरकार के भारी उद्योग और ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि विश्व में तिरंगे का सम्मान बढ़ रहा है। वहीं भारत ग्लोबल देश बना है। कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद को विकास कार्यों और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में अब अलग पहचान मिल रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व में भारत ने आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है, इंग्लैंड और ब्राजील को पीछे छोड़ दिया है। अब जर्मन और इटली की बारी है। कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि विश्व भर में भारत आर्थिक स्थिति को मजबूती मिली है। आज भारत



आर्थिक क्षेत्र में विश्व पांचवे नम्बर पर आ गया है। देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार आजादी के 75वे स्वतंत्रता दिवस को आजादी के अमृत महोत्सव के श्रंखला में बेहतर विकास कार्यों का क्रियान्वयन कर रही है। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद शहर आने वाले समय में विकास की नई दौड़ में शामिल होने जा रहा है। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर दिल्ली- मुंबई- वडोदरा एक्सप्रेस वे पर विकास तीर्थ यात्रा कर रहे थे। जहां मथुरा नेशनल हाईवे पर गांव कैली में झांझरू निवासी समाजसेवी दीपक डागर ने हजारों साथियों के संग केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर का गर्मजोशी से स्वागत किया। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि चहुमुखी विकास कार्यों और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में फरीदाबाद का विश्व में अलग पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली मथुरा एक्सप्रेस वे के बाद दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि इसके बाद फरीदाबाद से जेवर एयरपोर्ट तक एक नया एक्सप्रेस में बनाया जा रहा है। फरीदाबाद शहर को जेवर एयरपोर्ट के को जोड़ने वाले एक्सप्रेस वे के बनने से क्षेत्र में विकास के नए रास्ते खुलेंगे। उन्होंने कहा कि यह एक्सप्रेस वे 31 किलोमीटर लंबा होगा और छह लेन का बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि केजीपी से फरीदाबाद के लिए भी दूरी अब कुछ मिनटों के रह जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने फरीदाबाद के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों के नए आयाम स्थापित किए हैं और आने वाले समय में जमकर विकास होगा। उन्होंने कहा कि लोगों को रोजगार मिलेगा और बड़े-बड़े उद्योग इस क्षेत्र में स्थापित होंगे। देश और प्रदेश में लोगों को मूलभूत सुविधाओं के विकास कार्यों के अलावा व्यवस्था परिवर्तन देखने को मिल रहा है। मेरिट के आधार पर बिना सिफारिशों के बेरोजगारों को सरकारी नौकरी दी जा रही है। भारत सरकार के भारी उद्योग और ऊर्जा विभाग के केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आज बुधवार को गांव बघौला में राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर- 19 पर लगभग 21करोड़ 44 लाख रुपये की धनराशि से बनाए जाने वाले ओवरब्रिज का शुभारंभ भी किया। उन्होंने कहा कि औद्योगिक नगरी फरीदाबाद और पलवल के विकास कार्यों और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में अब अलग पहचान मिल रही है। सरकार आजादी के 75वे स्वतंत्रता दिवस को आजादी के अमृत महोत्सव के श्रंखला में विकास कार्यों का क्रियान्वयन बेहतर से कर रही है। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने भारत सरकार के भारी उद्योग एवं ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने अवसर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार आजादी के 75वे स्वतंत्रता दिवस को आजादी के अमृत महोत्सव के श्रंखला में विकास कार्यों को बेहतर क्रियान्वयन करने का प्रयास कर रही है। शिक्षा, चिकित्सा,शमशान घाट,पीने के लिए स्वच्छ पेयजल सप्लाई की लाइनें, बूस्टर, एलईडी लाइटें, गन्दे पानी की निकासी के लिए बेहतर सीवरेज व्यवस्था तथा पार्को के सौन्दर्यीकरण सहित भू-जल स्तर को बनाए रखने और साथ ही गंदे पानी को शुद्ध करके पार्कों, उद्योग तथा अन्य कृषि क्षेत्रों में उपयोग में लाया जा रहा है। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देश की 135 करोड़ की आबादी में 65 प्रतिशत युवाओं की आबादी है। सरकार युवाओं के रोजगार के लिए बेहतर नीतियां बनाकर उन्हें क्रियान्वित करने का प्रयास कर रही है। ताकि देश में कोई भी बेरोजगार युवा ना रहे। भारतीय जनता पार्टी के राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं फरीदाबाद लोक सभा क्षेत्र सहित हरियाणा के चार जिलों के प्रभारी अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों में विकास कार्यों मिसाल कायम की है। समाज के अन्तिम छोर के व्यक्ति को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर मुख्य अतिथि व विधायक सीमा त्रिखा होंगी सम्मानित अतिथि

**फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )।** सी20 के जेंडर इक्वलिटी वर्किंग ग्रुप द्वारा संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को और पी एन्ड जी के संयुक्त तत्वावधान में मासिक धर्म स्वास्थ्य तथा स्वच्छता प्रबंधन जैसे विषयों पर कार्यक्रम का आयोजन फरीदाबाद स्थित अमृता हॉस्पिटल के मेन ऑडिटोरियम में वीरवार 8 जून को प्रातः 10.30 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर शिरकत करेंगे तथा सम्मानित अतिथि के रूप में बड़खल विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा उपस्थित होंगी। इसके अलावा कई नागरिक सामाजिक संगठन, संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियां इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। बता दें कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं व किशोरियों के बीच मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता प्रबंधन पर जागरूकता फैलाना है।

### बागवानी विभाग की ओर से गांवों में बागवानी जागरूकता कैंप आयोजित : डीसी विक्रम सिंह

**फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला बागवानी विभाग की ओर से किसानों को बागवानी के बारे में जागरूक करने के लिए आज विभिन्न गांवों में बागवानी जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। जिला उद्यान अधिकारी डॉ रमेश कुमार ने बताया कि जिला में चलाए जा रहे बागवानी जागरूकता अभियान की कड़ी में बागवानी जागरूकता कैम्प का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि बागवानी जागरूकता कैंप का उद्देश्य सरकार द्वारा चलाई जा रही बागवानी विभाग की सभी योजनाओं के बारे में किसानों को जागरूक कर बागवानी फसलों का क्षेत्र बढ़ाना है। यदि वह लीज पर खेती करता है तो सामान्य किसान के बराबर ही अनुदान का पात्र है। उन्होंने बताया कि बागवानी विभाग किसानों के लिए बाग लगाना, प्लास्टिक मल्चिंग व टनल, बांस पर सब्जी की खेती, बांस जाल, मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन, एकल जल तालाब, एन्टी बर्डनैट एवं बागवानी यंत्र जैसी अनेक योजनाएं चला रहा है। इन स्कीमों का लाभ बागवानी के सभी किसान उठाकर अपनी आमदनी में इजाफा कर सकते हैं।

### बिजली निगम ने टेहा गांव में जनता दरबार लगा सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**गन्नौर।** उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान को लेकर गांव टेहा बिजली निगम द्वारा सांसद रमेश कौशिक के निर्देश पर खुला जनता दरबार लगाया गया। निगम के एसडीओ सचिन दहिया की देखरेख में अधिकारियों ने दरबार में ग्रामीणों की समस्याओं का सामधान किया। दरबार में ग्रामीणों ने निगम के अधिकारियों के समक्ष अपनी-अपनी समस्याएं रखी। अधिकतर समस्याएं बिजली बिलों से संबंधित मिली। ग्रामीणों ने बिजली बिल ज्यादा पहुंचने पर अधिकारियों से शिकायत की। जेई रविंद्र पंवार ने मौके पर ही अधिकतर समस्याओं का समाधान करवाया। दरबार के दौरान 8 उपभोक्ताओं के बिजली बिल ठीक किए गए जबकि 2 नए उपभोक्ताओं ने बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन किया। इसके अलावा 8 उपभोक्तओं ने करीब 36 हजार 500 रुपए का बकाया बिल भी जमा करवाया। इस मौके पर सीए कुलबीर, केशियर सुभाष, एलडीसी संदीप, एलएम गुरमीत मौजूद रहे।

### खिजरपुर अहीर में बाग में आग लगाने के आरोप में छह के खिलाफ मामला दर्ज

**गन्नौर।** थाना गन्नौर पुलिस ने खिजरपुर अहीर में एक किसान के बाग में आग लगाने के आरोप में छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। खिजरपुर अहीर गांव के अमरसिंह ने शिकायत में बताया कि उसने गांव में अपनी जमीन के कुछ हिस्सा में बाग लगाया हुआ है। उनके गांव की मुन्नी देवी उनके खेत की पड़ोसी है। आरोप है कि 21 मई को मुन्नी देवी, प्रकाश, रोहताश, कृष्ण, प्रमोद व पवन ने आपस में सजाबाज हो कर उसके बाग में आग लगा दी और कुछ पेड़ों को काट कर फेंक दिया। सूचना के बाद वह अपने परिवार के साथ मौके पर पहुंचा और डायल 112 पर इस बारे में शिकायत दी। इसके बाद आरोपितों ने उसे धमकी दी और मारने की नीयत से उनके पीछे भी भागे, लेकिन इस दौरान पुलिस मौके पर पहुंच गई।

# उद्यमिता और कौशल विकास को मिलेंगे नए आयाम: नेहरू

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )। श्री विश्वकर्मा** कौशल विश्वविद्यालय और हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय मिल कर उद्यमिता और कौशल विकास को बढ़ावा देंगे। दोनों विश्वविद्यालयों के बीच बुधवार को इसी संदर्भ में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू और हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल की उपस्थिति में अधिकारियों ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय देश का पहला कौशल विश्वविद्यालय है और देश में कौशल शिक्षा को डिजाइन करने से लेकर उसे लागू करने की दिशा में इस विश्वविद्यालय ने एक परिपाटी स्थापित की है। इस विश्वविद्यालय को कौशल शिक्षा के अन्वेषक के तौर पर देश भर में देखा जा रहा है। इसी कड़ी में देश के विभिन्न राज्यों के विश्वविद्यालय श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर कौशल विकास और उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने की दिशा में काम कर रहे हैं। इस ताजा समझौता ज्ञापन के अनुसार दोनों संस्?थान ज्ञान और अनुभव के विनिमय में सुधार के लिए सम्मेलन, कार्यशाला, संगोष्ठी, संगोष्ठी, प्रशिक्षण, संकाय विकास कार्यक्रम और व्याख्यान आदि का संयुक्त रूप से आयोजन



करेंगे। छात्रों और शोधार्थियों के लाभ के लिए संकायों एवं विशेषज्ञों का आदान-प्रदान होगा कवहीं पाठ्य पुस्तकों, ऑडियो-वीडियो, प्रकाशनों, रिपोर्टों और अन्य शिक्षण सहायक सामग्रियों सहित पुस्तकों, पत्रिकाओं और शिक्षण सामग्रियों को साझा किया जाएगा। वहीं विश्वविद्यालय डिग्री कार्यक्रमों के एक भाग के रूप में दोनों विश्वविद्यालयों के छात्रों को एक विशिष्ट समय (किसी भी कार्यक्रम के प्रत्येक वर्ष के दौरान) के लिए इंटर्नशिप के लिए अवसर प्रदान किया जाएगा कयह इंटर्नशिप एक पेशेवर सेटिंग में एक संरचित और पर्यवेक्षित प्रक्रिया के माध्यम से छात्रों को सीखने की सुविधा प्रदान करेगी। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि देश में कौशल शिक्षा को व्यापक स्तर पर युवाओं तक पहुंचाने की आवश्यकता है, ताकि युवा अपने आप में सक्षम बनें। ना केवल स्वरोजगार को अपनाएं बल्कि दूसरों को भी रोजगार दें। इसी लक्ष्य को लेकर श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय उद्यमिता विकास की धुरी के रूप में काम कर रहा है।

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के साथ हुए इस समझौता पत्र से दोनों विश्वविद्यालयों को फायदा होगा। डॉ. राज नेहरू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश एक पहाड़ी राज्य है इस लिहाज से यहां कौशल और उद्यमिता विकास की न केवल आवश्यकता है बल्कि असीम संभावनाएं भी हैं। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि इस समझौता ज्ञापन के बाद हिमाचल प्रदेश में कौशल और उद्यमिता विकास पर तीव्र गति से काम होगा। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने हर्ष जताते हुए कहा कि निश्चित तौर पर श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, हरियाणा के साथ हुआ विश्वविद्यालय का यह समझौता ज्ञापन दोनों संस्थानों के छात्रों के लिए कौशल विकास के क्षेत्र में काफी फायदेमंद साबित होगा।

# ताकतवर युवाओं का चहेता खेल है पावरलिफ्टिंग - राजेश नागर

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत पावरफुल** कमेटी फाइनेंस एंड कॉन्ट्रैक्ट कमेटी का चुनाव आज नगर निगम कमिश्नर की देखरेख में हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से वार्ड 3 के पार्षद सुरेंद्र मदान को वाइस चेयरमैन चुना गया। गौरतलब है कि इस कमेटी का चेयरमैन मेयर होता है। 6 सदस्य कमेटी में सदस्य सीनियर डिप्टी मेयर,डिप्टी मेयर और सर्वसम्मति से सदस्य के तौर पर सुरेंद्र नैयर पार्षद को भी चुना गया। वाइस चेयरमैन चुने जाने पर पार्षद सुरेंद्र मदान को सांसद रमेश



कौशिक, विधायक मोहनलाल बडोली, विधायक निर्मल चौधरी, मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन, पूर्व चेयरमैन ललित बत्रा ने बधाई दी।

### 'ताकतवर युवाओं का चहेता खेल है पावरलिफ्टिंग'

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )। भाजपा** विधायक राजेश नागर ने कहा कि पावरलिफ्टिंग पूरी दुनिया में युवाओं द्वारा पसंद किए जाने वाला खेल है। ताकत और जज्बे का प्रदर्शन करने वाले इस खेल से युवा जीवन में शक्ति और सामर्थ्य का सही अर्थ समझते हैं। लेकिन इतना ध्यान रहे कि ताकत का गलत प्रयोग नहीं करना है। वह यहां डब्ल्यूपीसी हरियाणा पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह खेल असीम ताकत का अहसास कराता है। खिलाड़ी को 100-200 किलो वजन कुछ नहीं लगता है।

# नीति और नीयत के खरे बनने की शपथ लें वकील: राजश्री



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )। नए युवा** वकील अपने प्रोफेशन में ऊंचाई छूना चाहते हैं तो अपनी नीति और नीयत में खरे बनने की शपथ लें। यह बात हरियाणा की आईजी पुलिस क्राइम राजश्री सिंह ने कही। वह ऑल इंडिया बार एक्जामिनेशन (एआईबीई) पास करने वाले युवा वकीलों के लिए आयोजित बैंड सेरेमनी एवं समाज में वकीलों का महत्व विषय पर आयोजित सेमिनार को संबोधित कर रही थीं। इसका आयोजन ग्रेटर फरीदाबाद के आईएमटी कॉलेज में लॉयर्स सोशल जस्टिस फोरम एवं जिला बार एसोसिएशन फरीदाबाद द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। राजश्री सिंह ने कहा कि एक वकील के पास जो भी आता है, वह कहीं न कहीं से पीड़ित होता है, पीड़ा में होता है। ऐसे में वकील को चाहिए कि वह उस व्यक्ति को तुरंत राहत देने का प्रयास करे। वकीलों को चाहिए कि वह अपराध करके आए व्यक्ति की भी पहचान करे कि क्या उससे अपराध गलती में, बचाव में अथवा उन्माद में हो गया है अथवा वह स्वभाववश अपराधी है। इस प्रकार आप सही व्यक्ति को न्याय दिला सकेंगे। राजश्री ने अपने जीवन की कहानी भी युवा वकीलों को सुनाई जिससे सभी बड़े प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि जीवन में पढ? का महत्व है लेकिन गढ? का उससे भी ज्यादा है। इस अवसर पर डीएसपी सीएम फ्लाइंग राजेश चेची ने कहा कि वकीलों को प्रोफेशनल अपराधियों से बचना चाहिए। वहीं जीवा समूह के संस्थापक ऋषिपाल चौहान ने कहा कि हमारा कोई भी कर्म देश के आचार विचार व्यवहार में नकारात्मक प्रभाव डालने वाला न हो। इससे पहले यहां पहुंचने पर आईजी राजश्री सिंह का लॉयर्स सोशल जस्टिस फोरम के चेयरमैन राजेश खटाना एडवेकेट, फरीदाबाद बार एसोसिएशन के प्रेसीडेंट राजेश बैंसला, आईएमटी के निदेशक डॉ रवि हांडा, वरिष्ठ वकील अश्वनी त्रिखा, प्रसिद्ध समाजसेवी अशोक जॉर्ज व अन्य द्वारा शॉल एवं बुके से स्वागत किया गया।

# भगवान राम का शत्रु धर्मपराय । के कार । ही राम मर्यादा पुरुषोत्तम बने

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत। हरियाणा** राज्य उच्च शिक्षा परिषद के पूर्व अध्यक्ष प्रो.बी.के.कुठियाला ने कहा कि हम सृष्टि में एक दूसरे पर आश्रित हैं। इसलिए प्रकृति की हर छोटी सी घटना का असर संपूर्ण सृष्टि पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि त्रेता युग में भगवान श्री राम के शत्रु धर्मपरायण थे, इसलिए श्री राम ने मयार्दा का निर्वहन किया तथा मयार्दा पुरुषोत्तम कहलाए। दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,मुरथल में मानवता, राष्ट्रत्व व व्यक्तित्व विकास पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के पूर्व अध्यक्ष प्रो.बी.के.कुठियाला ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.राजेंद्रकुमार अनायत ने प्रो.कुठियाला का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रो.कुठियाला, कुलपति प्रो.अनायत व रजिस्ट्रार प्रो.सुरेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन किया। प्रो.कुठियाला ने संबोधित करते हुए कहा कि सृष्टि पर जीव का विकास धीरे धीरे हुआ। पहले जीव भूमि पर रेंग कर चलता था। धीरे धीरे जीव का विकास होता चला गया। जीव में पहले रीड की हड्डी बनी। उन्होंने कहा कि उसके बाद रीड की हड्डी के कारण जीव खड़ा होना प्रारंभ हो गया। प्रो.कुठियाला ने कहा कि इसके बाद जीव खड़ा होकर चलना प्रारंभ हो गया। इसी प्रकार पहले जैसे हमारा अंगूठा वर्तमान समय में अंगुलियों के साथ सहयोग कर रहा है, पहले इस प्रकार से नहीं करता था। यह सब समय के साथ हमारे अंदर विकास के कारण ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु के अवतारों से मानव के विकास के क्रम के बारे में पता चल जाता है। प्रो.कुठियाला ने कहा कि ने कहा कि हम सृष्टि में एक दूसरे के ऊपर आश्रित हैं। प्रकृति की किसी भी घटना असर केवल एक जगह पर ही नहीं पड़ता,अपितु दूसरे स्थानों पर भी पड़ता है। अगर ग्लेशियर की ज्यादा बर्फ पिघल जाए तो उससे नदियों के अंदर ज्यादा पानी आएगा,जिसके कारण जहां से नदियां बहती हैं, वहां पर बाढ़ आती है, फिर वहीं पानी जाकर समुद्र में मिलता है,जिससे समुद्र का जल स्तर भी बढ़ता है। प्रो.कुठियाला ने कहा कि ने कहा कि त्रेता में भगवान श्री राम मयार्दा पुरुषोत्तम थे,क्योंकि उनके शत्रु धर्मपरायण थे।

सीता अपहरण के कारण रावण का विनाश हुआ, लेकिन रावण के साथ युद्ध करते समय श्री राम ने मयार्दाओं का निर्वहन किया। वहीं द्वापर में भगवान श्री कृष्ण के अवतार में युद्ध के समय अनेक बार मयार्दाओं को तोड़ा गया,क्योंकि श्री कृष्ण के शत्रुओं ने स्वयं भी मयार्दाओं का पालन नहीं किया था।

# प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में देश ने अभूतपूर्व उन्नति की है: गुर्जर

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने पूरे विश्व में देश का मान-सम्मान बढाया है। विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश ने अभूतपूर्व उन्नति की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश की सीमाएं और खजाना सुरक्षित है तथा देश का सम्मान बढ़ रहा है। यह वक्तव्य केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने बुधवार को गांव बघौला में राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर ऊपरी पुल के निर्माण कार्य का शुभारंभ करने के उपरांत



बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने गांव बघौला में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनने वाले ऊपरगामी पुल का निर्माण कार्य का विधिवत नारियल तोडकर शुभारंभ किया। उन्होंने गांव कैली से शुरू होकर मंडकोला तक बडौदरा-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर विकास तीर्थ यात्रा भी निकाली। उन्होंने कहा कि गांव बघौला में राष्ट्वीय राजमार्ग पर बनने वाले ऊपरगामी (वीयूपी) पुल को लगभग 21 करोड़ 44 लाख रुपए की लागत से करीब 15 माह में एनएचएआई की ओर से बनाया जाएगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में विकास कार्यों को नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं, जिनमें रेलवे कॉरिडोर, मुम्बई-बडौदरा एक्सप्रेस-वे, सडको व पुलों का जाल, यमुना पर पुल निर्माण आदि शामिल हैं। इसके अलावा शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं को भी अधिक बेहतर बनाने के लिए श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, राजकीय महाविद्यालयों व स्कूलों की स्थापना की गई है। सरकार अंत्योदय नीति के आधार पर कार्य कर रही है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार का लक्ष्य है। सभी आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरकार हरेक क्षेत्र के लोगों के लिए बिजली-पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवा रही है। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने राजस्थान के पूर्व बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी का कार्यक्रम में पहुंचने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार कार्य को धरातल पर करने में विश्वास रखती है। यही कारण है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विश्व का सबसे लोकप्रिय नेता माना जाता है।

# बच्ची से दरिंदगी, दुष्कर्म के बाद मासूम के हाथ की काटी नस

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

**फरीदाबाद** में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। एक बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद उसके हाथ की नस काट दी गई। इसके बाद उसे एक संदूक में बंद कर दिया। बच्ची की दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। दुष्कर्म के बाद आठ वर्षीय बच्ची के हाथ की नस काटकर उसे लोहे के संदूक में रखने वाले आरोपित को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं सफदरजंग अस्पताल में इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो



गई है। बिजेंद्र नाम का आरोपित पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। उसकी पत्नी तीन बच्चों के साथ कोलकाता में रहती है। आरोपित यहां अकेला रहता है और एक फैक्ट्री में काम करता है। मंगलवार शाम आठ वर्षीय बच्ची गुम हो गई थी। जब स्वजन ने तलाश शुरू की तो पता चला कि वह आरोपित के घर की तरफ देखी गई थी। उसके घर में देखा गया तो बेड के पास खून की बूंद पड़ी थी। बेड खोलकर देखा तो उसमें एक छोटा संदूक रखा था।

# 'उप्र की कानून व्यवस्था का खस्ताहाल'

## दिल्ली, पंजाब के मुख्यमंत्रियों अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान से मिलने के बाद बोले अखिलेश

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर प्रदेश** के पूर्व मुख्यमंत्री व सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा किये हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से मुलाकात के बाद अखिलेश ने बुधवार को पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि प्रदेश को लगातार कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) मिल रहा है। एक कार्यवाहक रिटायर हो गए तो दूसरे और उनके बाद तीसरे कार्यवाहक डीजीपी। लगातार कार्यवाहक डीजीपी होने का मतलब क्या है ? क्या भाजपा की डबल इंजन की सरकार आपस में ही टकरा रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की





मौजूदगी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उप्र में सबसे ज्यादा महिलाएं और बेटियां असुरक्षित हैं। हर दिन यह खबरें आ रही हैं। अखिलेश ने प्रदेश के कई जिलों की आपराधिक घटनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह वही प्रदेश है जिसका भाजपा दावा करती है कि यहां पर महिलाएं सुरक्षित हैं। भाजपा के लोग पुरानी कहानियां सुनाते हैं कि कानून व्यवस्था ऐसा था वैसा था। तब हम राजनीति में नहीं थे। यहां कोर्ट में, थाने में और पुलिस अभिरक्षा में लोगों के मारे जाने पर अखिलेश ने सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि आए दिन प्रदेश में हो रहीं ऐसी वारदातों से ऐसा लगता है कि चाहे जहां भी हो वहां उसे मार दो। यह लोकतंत्र है ? ऐसे कानून चलेगा ? सपा अध्यक्ष ने कहा कि सवाल यह नहीं है कि कौन मर रहा है, सवाल यह है कि किस स्थान पर मारा जा रहा है। सबसे सुरक्षित स्थानों पर लोग मारे जा रहे हैं। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सदस्य संजय सिंह, दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, विधानसभा में मुख्य सचेतक डॉ. मनोज पाण्डेय समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

## उप्र : डीजीपी ने जिलों की कोर्ट की सुरक्षा बढ़ाने के दिए निर्देश

**लखनऊ।** लखनऊ कोर्ट में बुधवार को कुख्यात अपराधी संजीव जीवा हत्याकांड के बाद उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विजय कुमार ने सभी जिलों के कोर्ट में सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। डीजीपी ने अपने आदेश में सभी जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, पुलिस कमिश्नरों को कहा है कि प्रदेश के सभी जनपदों की कोर्ट में सुरक्षा व्यस्था को बढ़ा दी जाए। सुरक्षा से संबंधी उपकरण मेटल डिटेक्टर लगाए जाएं। पुलिस कोर्ट में अभियान चलाकर संदिग्धों पर नजर रखी जाए। कोर्ट की सुरक्षा में मुस्तैद पुलिसकर्मी ईमानदारी से अपने कर्तव्य को निर्वाहन करें।

## न्यूज फ्लैश

### चौकीदार को डंडे से हमला कर मार डाला

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र में हाई राइज सोसाइटी में एक चौकीदार को उसी के साथी चौकीदार ने डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। इस हत्या का कारण केवल इतना था कि मरने वाले चौकीदार ने आरोपी को शराब पीने के लिए रुपये देने से मना कर दिया था। पुलिस ने आरोपी दूसरे चौकीदार को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त अंडा गिरफ्तार कर लिया है।
साहिबाबाद पुलिस को बुधवार को सूचना मिली थी कि पार्श्वनाथ सोसायटी (इक्साटिका ) हिण्डन बिहार थाना साहिबाबाद में तैनात चौकीदार छद्दूलाल (65) पुत्र अमिल्तनसाह निवासी ग्राम एटावाली थाना शहार जिला आरा, बिहार की किसी ने हत्या कर दी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। जांच पड़ताल में पुलिस को पता चला कि छद्दूलाल पार्श्वनाथ सोसायटी (इक्साटिका ) में विगत छह वर्षों से सोसायटी में अन्य चार चौकीदारों के साथ चौकीदारी का काम कर रहा था। सुबह मृत अवस्था में अपने बिस्तर पर पड़ा पाया गया।
मौके पर दिन में उसके साथ ड्यूटी करने वाले चौकीदार अजीत कुमार सिंह ने थाने पर छद्दू लाल की मृत्यु के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी। पुलिस उपायुक्त विवेक यादव ने बताया कि गहन जांच करने पर पाया गया कि मृतक छद्दूलाल से साथ में काम करने वाले चौकीदार अमित राय उर्फ अजीत सिहं का शराब पीने के लिए पैसे मांगने को लेकर झगड़ा हुआ था। छद्दू ने पैसे देने से मना कर दिया। इस पर अमित राय उर्फ अजीत सिंह ने मृतक छद्दू पर डंडे से हमला कर दिया। जिसके कारण चोट लगने से छद्दू लाल की मृत्यु हो गयी। अमित राय उर्फ अजीत सिंह ने अपने जुर्म का इकबाल कर लिया है।

### एटा की तीन नई पुलिस चौकियों में पदों के सृजन के आदेश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर बुधवार को प्रदेश के जनपद एटा की तीन नई पुलिस चौकियों के लिए पदों के सृजन के आदेश निर्गत किये गये हैं। प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद ने बुधवार को बताया कि प्रदेश के जनपद एटा के थाना जसरथपुर के अन्तर्गत ग्राम सभा ढटिंगरा में नवीन पुलिस चौकी व थाना नयागॉव के अन्तर्गत पुलिस चौकी उभई असदनगर और थाना जैथरा स्थित ग्राम सहोरी में नवीन पुलिस चौकी सहोरी के लिए उपनिरीक्षक, नागरिक पुलिस का एक-एक मुख्य आरक्षी, दो-दो आरक्षी नागरिक पुलिस के 14-14 कुल 51 पदों का सृजन किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा यह निर्णय इस क्षेत्र में बेहतर शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, अपराधों पर और अधिक प्रभावी तरीके से अंकुश लगाये जाने, महिलाओं एवं जन-सामान्य को और अधिक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया है।

### फीस जमा न कर पाने वाले तीन संस्कृत विद्यालयों को मौका

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी से सम्बद्ध तीन संस्कृत महाविद्यालयों को छात्रों की परीक्षा फीस व फार्म जमा करने की अनुमति दी है।
कोर्ट ने कहा कि सभी विद्यालय विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन फार्म व फीस जमा करें। कोर्ट ने विश्वविद्यालय को 08 जून की सुबह 10 से 9 जून की शाम चार बजे तक विंडो खोलने का आदेश दिया है।
कहा कि जो विद्यालय इस छूट के बाद भी फार्म व फीस जमा नहीं करते उन्हें चार हफ्ते में छात्रों की फीस वापस करनी होगी। साथ ही उन्हें 25 हजार रुपये मुआवजे का भुगतान करना होगा।

## गुंडों से यारी छोड़ नहीं पा रहें अखिलेश: केशव



**टीम एक्श्न इंडिया/कानपुर**
विपक्षियों पर निशाना साधते हुए भाजपा के मोर्चा सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए बुधवार को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्षियों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव विपक्षी दलों को एकजुट कर रहे हैं। लेकिन अभी तक उनका माफियाओं के प्रति लगाव नहीं खत्म हो रहा है। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ अब रामपुर हो गया है। यहां अब कोई भी माफिया किसी को भी परेशान करने की हिम्मत नहीं कर पा रहा है। आने वाले समय में कानपुर प्रदेश की राजधानी लखनऊ का हिस्सा हो जाएगा। कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस वे का निर्माण होने जा रहा है। विकास की अभी लोगों ने झांकी देखी है, पिक्चर अभी बाकी है। जो ट्विटर पर राजनीति करते हैं वो समाज के बीच नहीं जा पाते हैं। सपा, बसपा, कांग्रेस को वोट देकर बर्बाद नहीं करना है। क्योंकि इनको वोट देने से देश में सरकार नहीं बनेगी।

**आगामी लोकसभा चुनाव विश्व गुरु बनने का चुनाव**

केन्द्र सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि आगामी लोकसभा का चुनाव में कार्यकताओं को गलतफहमी में नहीं रहना है। प्रदेश की 73 से 80 सीट जीतने का काम करना है। आगामी लोकसभा का चुनाव हिन्दुस्थान को 100 साल आगे ले जाने का चुनाव होगा। ये चुनाव विश्व गुरु बनाने का चुनाव है। कांग्रेस युवराज पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में चुनाव है तो देश के अंदर बोलो।



नई दिल्ली में बुधवार को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के अवसर पर चौथा राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक जारी किया।

## पं. धीरेंद्र से शादी करना चाहती है एमबीबीएस की छात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/चित्रकूट**
**हिन्दू राष्ट्र** के मुद्दे को धार देकर अन्तर-राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में आये श्री बागेश्वर धाम सरकार पं.धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। देश और विदेशों में भी आज इनके करोड़ों की संख्या में भक्त हैं। युवा संत बागेश्वर धाम सरकार धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से विवाह की कामना लेकर वर्तमान में उत्तराखंड के हरिद्वार एवं मध्य प्रदेश के सिवनी में जन्मी एमबीबीएस की छात्रा एवं भजन गायिका शिवरंजनी तिवारी ने श्री गंगोत्री धाम से श्री बागेश्वर धाम तक सिर पर गंगा जल का कलश लेकर पदयात्रा शुरू की गई है। जिसका भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट पहुंचने पर साधू-संतों ने स्वागत किया। साथ ही मनोकामना पूरण का आशीर्वाद दिया।

भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट पहुंचने पर पदयात्रा निकाल रहीं एमबीबीएस की छात्रा शिवरंजनी तिवारी का संतोषी अखाड़ा एवं भरत मंदिर के साधु संतों ने स्वागत किया। वहीं साधु-संतों के समक्ष शिवरंजनी तिवारी ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुति कर संत समाज से मनोकामना पूर्ति के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया।

## मोदी सरकार ने व्यापारियों के हितों में अनेक योजनाएं चलायी : अविनाश राय

**अयोध्या।** मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर महाजनसम्पर्क अभियान के तहत देवकाली स्थित एक होटल में व्यापारी सम्मेलन का अयोजन किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व हिमांचल के प्रभारी अविनाश राय खन्ना थे। सम्मेलन का आरंभ डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी व दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया ।
सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए अविनाश राय खन्ना ने कहा मोदी सरकार ने व्यापारियों के हितों में अनेक योजनाएं प्रदान की है।

## मेयर की कार्यप्र□ाली पर पार्षदों दल ने जताया आक्रोश

**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार**
भाजपा पार्षदों को नियम विरुद्ध नोटिस जारी करने से आक्रोशित भाजपा पार्षदों ने एक बैठक कर मेयर की कार्य प्रणाली पर रोष जताया। भाजपा पार्षद दल के नेता सुनील अग्रवाल ने कहा कि अपने पति के हितों का संरक्षण करने व मेयर कार्यालय को कांग्रेस कार्यालय बनाने के अलावा मेयर ने जनहित में कोई कार्य नहीं किया है। मेयर को भाजपा पार्षदों को नोटिस देने का कोई अधिकार नहीं है। अपनी नाकामी को छुपाने के लिए वह अपने पति के दवाब में भाजपा पार्षदों को नोटिस देने की नौंटकी कर रही हैं,



जिसे भाजपा पार्षद दल कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। भाजपा पार्षद दल के उपनेता अनिरुद्ध भाटी ने कहा कि बजट पारित न होने के चलते जनहित के कार्यों में बाधा पड़ रही है। कासा ग्रीन कम्पनी के हटने के पश्चात नगर निगम को अतिरिक्त वाहनों व सफाई कर्मचारियों की आवश्यकता हैं, जिससे डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन व कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था सुचारू हो सके। उद्देश्य शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखना, जनहित के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करवाना नहीं हैं।

**साधा निशाना** मथुरा दत्त जोशी और मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने कहा कि केंद्र गरीबों को जड़ से मिटाने की योजना चला रही

## धीमा जहर परोसने का काम कर रही सरकार: कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
कांग्रेस ने केन्द्र की भाजपा सरकार पर कई आरोप लगाए हैं। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष (संगठन) मथुरा दत्त जोशी और मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने कहा कि केंद्र सरकार गरीबों को जड़ से मिटाने की योजना चला रही है। सरकार फोर्टिफाइड चावल के रूप में देश की जनता के बीच धीमा जहर परोसने का काम कर रही है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता में दोनों नेताओं ने कहा कि इंडियन काउंसिल फॉर मेडिकल



रिसर्च और नीति आयोग के दो वरिष्ठ सदस्यों ने अपनी रिपोर्ट में सरकार को आगाह किया है कि फोर्टिफाइड चावल का वितरण किया गया तो एनीमिया और मधुमेह जैसी बीमारियां विकराल रूप ले लेंगी।

मथुरा दत्त जोशी ने कहा कि इतने पढ़े लिखे अनुभवी साइंटिस्टों के ऑब्जर्वेशन और आपत्ति के बाद भी केन्द्र सरकार देश की जनता के बीच धीमा जहर परोसने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार भले ही हम राजनीतिक लोगों की बात को नजरंदाज कर दे और इन आरोपों को पॉलिटिकल एजेंडा समझे, लेकिन सरकार, जो वैज्ञानिक हैं और नीति आयोग के सदस्य हैं जो नीति बनाने का काम करते हैं अगर उनकी आपत्ति को भी नजरअंदाज करके फोर्टिफाइड चावल का वितरण करना चाहती है तो ये निश्चित रूप से बड़े घोटाले की ओर इशारा करता है।

